राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 08 मार्च 2026

वर्ष 07, अंक 155, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 76 शिकायतें प्राप्त, 12 का मौके पर निस्तारण...03

केवल वादे या वास्तविक विकास! जिले के दुल्लभछड़ा में केंद्रीय विद्यालय और मॉडल डिग्री कॉलेज अभी भी अधर में...12

## जम्मू-कश्मीरः खामेनेई की मौत के विरोध में गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों को तुरंत रिहा करें... महबूबा मुफ्ती की पुलिस से अपील

**● इजराइल और अमेरिका के ईरान हमले में सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद भारत में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए. इस दौरान जम्मू-कश्मीर में पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया था, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं. पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने उनकी तत्काल रिहाई की मांग की है. मुफ्ती ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद लोगों को हिरासत में लिया गया है**



इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए संयुक्त हमले में सुप्रीम लीडर समेत कई लोगों की मौत हो गई थी. जिसके विरोध में भारत में कई उत्तर प्रदेश,जम्मू-कश्मीर समेत कई राज्यों में प्रदर्शन किए गए. शिया समुदाय के लोगों ने सड़कों पर उतरकर विरोध जताया. इस दौरान जम्मू कश्मीर में कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया था. वहीं अब पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने इनकी रिहाई की मांग की है।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख और सूबे की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शनिवार (7 मार्च) को जम्मू और कश्मीर पुलिस से अपील की कि वो कश्मीर घाटी में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करने के लिए हिरासत में लिए गए शिया समुदाय के प्रदर्शनकारियों को रिहा करें।

**जम्मू-कश्मीर पुलिस से पीडीपी चीफ की अपील**

पीडीपीचीफ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कहा 'अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत के बाद कश्मीर भर में शांतिपूर्ण रैलियों में भाग लेने के लिए महिलाओं सहित कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है. अधिकारियों ने उनके परिवारों को आश्वासन दिया था कि उन्हें जल्द ही रिहा कर दिया जाएगा. लेकिन दुर्भाग्य से, ऐसा नहीं हुआ है. मैं जम्मू-कश्मीर पुलिस से आग्रह करती हूं कि उनकी रिहाई पर जल्द से जल्द विचार करें'।

**अमेरिका और इजराइल हमले में खामेनेई की मौत**

पूर्व मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी क्षेत्र के शिया समुदाय द्वारा अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हवाई हमलों में खामेनेई की हत्या पर शोक व्यक्त करने के बाद आई है.यह घटना पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच घटी, जिसकी शुरुआत 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों से हुई थी. ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल, बहरीन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन सहित पूरे क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों और सहयोगियों पर बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं, जिससे संघर्ष और भी बढ़ गया है।

**मुफ्ती ने जलाए ट्रंप और नेतन्याहू के पोस्टर**

बुधवार को मुफ्ती ने खामेनेई के पोस्टर लहराते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के पोस्टर भी जलाए थे. उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि खामेनेई की मौत ने भारत में लोगों के बीच शोक की भावना पैदा कर दी है, शिया मुसलमानों और ईरानी समुदाय के विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को जेलों में रखा जा रहा है।

## यूपीएससी रिजल्टः नाम को लेकर छिड़ा विवाद, 301 रैंक हासिल करने वाली कौन सी आकांक्षा सिंह असली?

**● रैंक पर दावा कर रही हैं, जिनमें एक रणवीर सेना प्रमुख बरमेश्वर सिंह की पोती हैं. फिलहाल यूपीएससी की आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है**

संघ लोक सेवा आयोग की तरफ से शुक्रवार को सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम को घोषित किया. इस परीक्षा में अंतिम रूप से सफल परीक्षार्थियों के नाम और रैंक घोषित किए गए. सफल परीक्षार्थियों ने अपनी सफलता का जश्न भी मनाया. बिहार से भी कई परीक्षार्थी देश की इस सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल हुए. लेकिन अब इसीयूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाने के बाद नया विवाद शुरू हो गया है. यह विवाद रणवीर सेना के प्रमुख रहे बरमेश्वर सिंह उर्फ मुखिया के परिवार से है।

दरअसल जब इस परीक्षा के परिणाम जारी हुए तब यह खबर आई कि बरमेश्वर सिंह उर्फ मुखिया जी की पोती आकांक्षा सिंह ने यूपीएससी में 301वीं रैंक हासिल की है. अब इसी कहानी में नया मोड आ गया है. दरअसल 301 रैंक पर एक और आकांक्षा सिंह सामने आ गई हैं जिससे पूरा मामला उलझ गया है. सवाल यही है कि असली आकांक्षा सिंह कौन हैं और 301वीं रैंक आखिर है किसकी है?

**301वीं रैंक पर बरमेश्वर सिंह की पोती**


दरअसल शुक्रवार (6 मार्च) को यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम को जारी किया. परिणाम में कई टॉपर के नाम शामिल थे. इसी क्रम में यह खबर सामने आई कि 301वीं रैंक पर मुखिया उर्फ बरमेश्वर सिंह की पोती आकांक्षा सिंह हैं. जिसके बाद उनको बधाई देने वालों का तांता लग गया।

**गाजीपुर की आकांक्षा सिंह का दावा**

इस पूरी कहानी में ट्विस्ट तब आया, जब उत्तर प्रदेश के गाजीपुर की रहने वाली आकांक्षा सिंह ने यह दावा किया कि जिस रैंक को हासिल करने का दावा बरमेश्वर सिंह की पोती कर रही हैं, दरअसल वह रैंक उनकी है. अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर आकांक्षा सिंह ने अपने सारे दस्तावेज और एडमिट कार्ड को भी शेयर किया.

**दोनों उम्मीदवारों ने अपने एडमिट कार्ड किए शेयर**

अभी तक की जानकारी के अनुसार इन दोनों ही उम्मीदवारों ने अपने-अपने एडमिट कार्ड को साझा किया है. हालांकि इनमें फर्क दिख रहा है. गाजीपुर की रहने वाली आकांक्षा सिंह के इंटरव्यू वाले एडमिट कार्ड पर त्क्रकोड है, उसे स्कैन करने पर अलग



ई-प्रवेश पत्र e-ADMIT CARD
आपको सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2025 के लिए प्रवेश दिया गया है ।
You are admitted to the Civil Services (Preliminary) Examination, 2025
परीक्षा की तारीख :- 25 मई, 2025
Date of Examination :- 25 May, 2025

| | |
|---|---|
| नाम Name | AKANKSHA SINGH |
| अनुक्रमांक Roll No. | 0856794 |
| पहचान पत्र Photo Identity Card | AADHAAR CARD NO : 270059633478 |
| पिता का नाम Father's Name | INDUBHUSHAN SINGH |
| माता का नाम Mother's Name | RINKU SINGH |
| केन्द्र Centre | DELHI |
| परीक्षा का स्थान Venue of Examination | (115) GOVT. BOYS SENIOR SECONDARY SCHOOL NO. 2, (NEAR POLICE STATION UTTAM NAGAR & UTTAM NAGAR EAST METRO STATION), NEW DELHI-110059 |

AKANKSHA SINGH 30/01/2025

समय सारणी / Time Table

| विषय ( विषय कोड ) / Subject (Sub. Code) | समय / Time |
|---|---|

रोल नंबर और आवेदन संख्या दिखाई दे रहा है, यही रोल नंबर यूपीएससी के परिणाम में भी दिख रहा है जबकि बरमेश्वर सिंह की पोती ने जिस एडमिट कार्ड को साझा किया है, उसके बारे में यह बताया जा रहा है कि वह प्रारंभिक परीक्षा का एडमिट कार्ड है. एडमिट कार्ड पर अंकित त्क्रकोड को स्कैन करने पर रोल नंबर अलग-अलग लिखा हुआ आ रहा है।

**यूपीएससी की तरफ से कोई बयान नहीं आया**

इस पूरी घटना ने यूपीएससी रिजल्ट की चर्चा को अलग मोड़ दे दिया है. सोशल मीडिया पर तरह-तरह के बयान भी सामने आ रहे हैं. हालांकि बड़ा सवाल यही बना हुआ है कि आखिर 301 रैंक पर है कौन. वहीं इस पूरे मामले पर अभी तक यूपीएससी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है. लेकिन खबर यह भी सामने आ रही है कि सोमवार को यूपीएससी की तरफ से इस बारे में जानकारी दी जाएगी. इस पूरी घटना को लेकर बरमेश्वर सिंह के परिवार की तरफ से भी अभी तक कोई बयान सामने नहीं आया है।

**कुल 958 उम्मीदवारों का चयन**

यूपीएससी ने 6 मार्च को सिविल सेवा परीक्षा 2025 के अंतिम परिणाम को घोषित किए थे. परिणामों के अनुसार कुल 958 उम्मीदवारों को अंतिम रूप से चयनित होने का मौका मिला है. इनमें 317 जनरल कैटेगरी के उम्मीदवार हैं. जबकि 104 ईडब्ल्यूएस, 306 ओबीसी, 158 अनुसूचित जाति और 71 अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवार शामिल हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### 24 घंटे के भीतर बछिया चोरी का आरोपी गिरफ्तार,चोरी की बछिया बरामद



**नैनी, प्रयागराज** नैनी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने बछिया चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बछिया बरामद कर ली।थाना नैनी क्षेत्र के ग्राम चक अभयराम निवासी जितेन्द्र कुमार भारतीया ने 7 मार्च को थाना नैनी में तहरीर देकर बताया कि अज्ञात व्यक्ति उनके घर के बाहर बंधी बछिया को चोरी कर ले गया है। इस संबंध में थाना नैनी पर मुकदमा अपराध संख्या 116/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को धनुआ पार्किंग मैदान से ग्राम भण्डरा निवासी मोहम्मद आरिफ (22) पुत्र स्व. मोहम्मद नईम को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी की सफेद रंग की बछिया बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने 4 मार्च की रात चक अभयराम स्थित जितेन्द्र कुमार के घर के बाहर बंधी बछिया को खोलकर चोरी कर लिया था और उसे धनुआ मैदान में छिपाकर रखा था। शनिवार को वह बछिया को बेचने जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया।पुलिस ने मामले की विवेचना के दौरान धारा 317(2) व 317(4) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस द्वारा नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम, उपनिरीक्षक हर्ष कुमार, कुलदीप उपाध्याय, उत्कर्ष सिंह तथा कांस्टेबल आशीष यादव,नरेन्द्र पाल, विकास उपाध्याय और सागर परमार शामिल रहे।

## पेट्रोल कम देने की शिकायत करने पर सेल्समैन ने ग्राहक को पीटा

**● तीन साथियों के साथ दी जान से मारने की धमकी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**ललितपुर।** मडावरा रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर तेल कम देने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। सेल्समैन ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ निवासी राहुल सेन पुत्र दीपक सेन ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार रात करीब 7.50 बजे अपनी पत्नी के साथ सागर से लौट रहे थे। रास्ते में वह महरौनी स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने रुके। राहुल का आरोप है कि पेट्रोल डलवाने के बाद जब उन्होंने मात्रा कम होने की आशंका जताई और वहां मौजूद सेल्समैन महेश विश्वकर्मा से इस बारे में पूछा, तो वह अचानक भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढने पर आरोपी सेल्समैन ने अपने तीन अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया और राहुल के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आपबीती सुनाई। तहरीर के आधार पर महरौनी पुलिस ने आरोपी सेल्समैन महेश निवासी टपरियन किसरदा और उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), ×52 और ×51(×) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## उत्तम नगर कांड में तरुण के पिता ने 'योगी मॉडल' जैसा मांगा इंसाफ, दिल्ली की CM से की त्वरित कार्रवाई व सीबीआई जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पश्चिमी दिल्ली।** उत्तम नगर में होली के दिन हुए तरुण हत्याकांड के बाद मृतक के पिता मेमराज ने दिल्ली सरकार से योगी माडल की तरह त्वरित इंसाफ की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह उत्तर प्रदेश में अपराध के मामलों में तुरंत कार्रवाई और सख्त कदम उठाए जाते हैं, वैसा ही न्याय दिल्ली में भी मिलना चाहिए। साथ ही पीड़ित परिवार ने इस पूरी घटना को साधारण झगड़ा मानने से इनकार करते हुए इसीक सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यह घटना इलाके में दंगा भड़काने की साज़िश का हिस्सा है।

**दिल्ली की मुख्यमंत्री से अपील की**

तरुण के पिता ने कहा कि उनके बेटे की हत्या कोई अचानक हुआ झगड़ा नहीं बल्कि पहले से रची गई सोची-समझी साज़िश थी। उन्होंने आरोप लगाया कि हमले के दौरान करीब 15 से 20 लोग मौजूद थे, लेकिन



पुलिस अब तक सिर्फ छह आरोपितों को ही गिरफ्तार कर पाई है। उन्होंने कहा कि वह एक गरीब परिवार से हैं। घरों में रंगाई पोताई करते अपने परिवार को मेहनत से पाला है। वह अपने बेटे के लिए न्याय चाहते हैं। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री से अपील की कि मामले में सख्त कार्रवाई कर सभी आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कराया जाए।

**हमले की पहले से थी पूरी तैयारी**

पीड़ित पिता का आरोप है कि इलाके में कपड़ों की रंगाई का काम करने वाली एक महिला इस पूरे हत्याकांड की मुख्य साज़िशकर्ता है। उनके मुताबिक उसी महिला ने पहले विवाद की शुरुआत की और बाद में कई लोगों को बुलाकर घटना को अंजाम दिलवाया। उन्होंने कहा कि यह भी संयोग नहीं है कि घटना होली के दिन हुई। उनके अनुसार, होली जैसे मौके को इसलिए चुना गया क्योंकि ऐसे दिन थोड़े समय में ही बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो सकते हैं। उनका कहना है कि इतनी जल्दी भीड़ का जुटना तभी संभव है जब पहले से इसकी तैयारी की गई हो।

**कर रहा था डिजीटल मार्केटिंग का कोर्स**

तरुण के पिता ने यह भी कहा कि जिस महिला और उसके परिवार का काम ही कपड़ों की रंगाई का है और जो हर समय रंगों के बीच रहते हैं। उनके घरों में कपड़ों की रंगाई की ही अवैध फैक्ट्रिया बनी हुई है, वही लोग होली के पानी के छींटे पड़ने को लेकर इतना विवाद खड़ा कर रहे थे कि मरने-मारने पर उतारू हो गए। उन्होंने बताया कि उनके बेटे को इस झगड़े की कोई जानकारी तक नहीं थी।


तरुण होली के दिन अपने दोस्तों के साथ रंग खेलने गया था और देर रात घर लौटा। उस समय उसे इलाके में चल रहे विवाद या तनाव के बारे में कुछ पता नहीं था, लेकिन इसी दौरान उसे निशाना बना लिया गया। वह बहुत शांत और सामान्य रहता था। डिजीटल मार्केटिंग का कोर्स कर रहा था और जल्द ही उसकी नौकरी लगने वाली थी।

## दिल्ली डबल मर्डर केसः अकेलापन व अवसाद के चलते मां ने की दोनों बेटियों की हत्या! रिश्तेदारों से भी नहीं करती थीं बात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दक्षिणी दिल्ली।** मालवीय नगर के एफ ब्लॉक स्थित एक घर में दो बहनों के डबल मर्डर की आरंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि अकेलेपन और परिवार के सदस्यों के साथ खराब रिश्तों की वजह से यह घटना हुई होगी। पुलिस सूत्रों ने कहा कि महिला और उसकी बेटियों का परिवार के दूसरे सदस्यों से बहुत कम मिलना-जुलना होता था। वे ज्यादातर घर के ग्राउंड फ्लोर पर ही रहती थीं, बहुत कम बाहर निकलती थीं।

जांच करने वालों का मानना है कि इस अकेलेपन की वजह से वे अवसाद से घिर गए थे। महिला का अभी भी अस्पताल में उपचार में चल रहा है और कोई बयान दर्ज नहीं किया गया। पुलिस आर्थिक दिक्कतों की भी जांच कर रही थी, पर उनके पति ने पुलिस को बताया कि वे ठीक से गुजारा कर रहे हैं।



घटना की जानकारी बृहस्पतिवार को तब मिली जब पति सुधीर अरोड़ा शाम करीब पांच बजे घर लौटे और दरवाजा खटखटाते रहे, पर किसी ने नहीं खोला। वह घर के पीछे भी गए, लेकिन फ्लैट में अंदर नहीं जा सके। उन्होंने चाबी बनाने वालों से संपर्क करने की कोशिश की, पर पता चला कि वे दरवाजा नहीं खोल सकते।

एक पड़ोसी ने बताया कि आस-पास के लोग भी आ गए और आधे घंटे बाद पुलिस से संपर्क किया गया। मालवीय नगर के फ्लैट में कुचले हुए नेफ्थलीन बॉल्स और इस्तेमाल की हुई क्रैप बैंडेज मिला है। पुलिस को शक है कि छोटी बेटी का क्रेप बैंडेज से गला घोंटा गया था। बड़ी बेटी का तकिये से मुंह दबाया गया था।

पुलिस ने कहा कि उन्हें संघर्ष के निशान मिले हैं जो गला घोंटने के संकेत देते हैं। सूत्रों ने बताया कि नेफ्थलीन बाल्स के मिक्सचर का इस्तेमाल शायद बेटियों में से किसी एक को बेहोश करने के लिए किया गया था। यह भी हो सकता है कि मां ने भी इसे खा लिया हो। पुलिस सूत्रों ने आगे कहा कि हमें यही शक है। हम बहनों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और इलाज करा रही महिला की मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## ग्राम पंचायत अधिकारी का रिश्वत लेना का वीडियो वयारल

**सिद्धार्थनगर,** जिले के इटवा ब्लॉक में तैनात एक ग्राम पंचायत अधिकारी का रिश्वत लेते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वयारल हो रहा है। हालांकि वयारल वीडियो की सत्यता की पुष्टि (स्वतंत्र प्रभात अखबार) नहीं करता हैं, इस वीडियो में अधिकारी को जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर रूपये लेते हुए देखा जा रहा है। वायरल वीडियो शनिवार का बताया जा रहा हैं । इसमें ग्राम पंचायत अधिकारी को एक युवक से 500-500 रुपए के चार नोट कुल 2000 रुपए लेते हुए दिखाया गया है। ग्राम पंचायत अधिकारी ने आवेदन पत्र लिया और फाइल लगाने की बात कही। आरोप है कि इसके बाद अधिकारी ने उनसे 3000 रुपये की मांग की। इसके बावजूद इटवा ब्लॉक में तैनाती के बाद भी उनके ऊपर अवैध वसूली का आरोप लगाया जा रहा है।

## गौ माता को राज्य माता घोषित करने के लिए धर्म युद्ध के लिए शंकराचार्य लखनऊ रवाना







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** आज सुबह प्रातः शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी ने श्री विद्या मठ में गौ माता की पूजा की उसके बाद हनुमान जी की पूजा की, काशी में चिंतामणि गणेश जी की पूजा करके श्री संकट मोचन हनुमान जी की पूजा की, गौ माता के लिए धर्म युद्ध का शंखनाद किया तथा लखनऊ के लिए प्रस्थान कर गए।

शुभमुहूर्त में गौपूजा, गंगादर्शन, विश्वमोहनेश्वर महादेव, कृपामूर्ति हनुमान दर्शन, चिन्तामणि गणेश जी की पूजा आरती/ श्री संकटमोचन हनुमान जी महाराज की पूजा दर्शन के बाद हनुमान चालीसा, संकटमोचन हनुमानाष्टक पाठ, बजरंग बाण पाठ करके आगे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर गए। वे पयागपुर लोहारमऊ तथा जमानागद् ऋषि के आश्रम में रास्ते में रुक कर पत्रकार वार्ता भी किए।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा, वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त खबरें

### घरेलू गैस की कीमतें बढ़ी, मिडल क्लास को महंगाई का झटका



**बस्ती।** केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा कर दिया है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम की एलपीजी गैस अब 913 रुपए की मिलेगी। पहले यह 853 रुपए की थी। वहीं 19 किग्रा वाले कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपए की बढ़ेत्तरी हुई है। यह अब 1883 रुपए का मिलेगा। बढ़ी हुई कीमतें 7 मार्च से लागू हो गई है। इससे पहले सरकार ने 8 अप्रैल 2025 को घरेलू सिलेंडर के दामों में 50 रुपए का इजाफा किया था। यानी ये बढ़ोतरी करीब एक साल बाद की गई है। वहीं 1 मार्च 2026 को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 31 रुपए तक बढ़ाए गए थे। सरकार ने गैस के दामों में बढ़ोत्तरी ऐसे वक्त की है जब अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते देश में गैस किल्लत की आशंका जताई गई है। इसके साथ ही 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 115 रुपये का इजाफा किया गया है, जिससे होटल, रेस्तरां और छोटे कारोबारों पर सीधा असर पड़ेगा। मीडियम क्लास के आम नागरिक पर इसका बोझ पड़ेगा सरकार द्वारा बढ हुए दोनों को वापस लेना चाहिए राम जनमानस पर इसका असर पड़ेगा।

### घर की दीवारों पर अभद्र भाषा लिखने वाले 6 दबंगों पर मुकदमा दर्ज



**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम ऐरा में घर की दीवारों पर अभद्र शब्द लिखकर एक व्यक्ति की छवि धूमिल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गांव के ही छह दबंग युवकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम ऐरा निवासी गोवर्धन पुत्र मोहन ने थाना जाखलौन में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि बीते मंगलवार, 3 मार्च की रात्रि करीब 11.30 बजे गांव के ही कुछ दबंगों ने उनके घर को निशाना बनाया। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों ने उनके घर की दीवारों पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपशब्द लिख दिए। गोवर्धन का कहना है कि इस हरकत से समाज में उनकी छवि को काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गांव के ही छह युवकों को नामजद किया है। एफआईआर के अनुसार आरोपियों में विशाल उर्फ जग्गू पुत्र रामकुमार, चन्द्रपाल पुत्र विक्रम, सुमित पुत्र शेर सिंह, कुनाल उर्फ छोटू पुत्र गौरी, आशीष पुत्र संजू तिवारी और छोटू उर्फ सहदेव पुत्र राजाराम शामिल हैं। जाखलौन पुलिस ने 6 मार्च को सभी छह आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 294(2)(ए) के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है।

### नेहरू नगर में घर में घुसकर मां-बेटे की बेरहमी से पिटाई, महिला का हाथ टूटा

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरू नगर में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक घर में घुसकर मां और बेटे पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में महिला का हाथ फ्रैक्चर हो गया है, जबकि उसका बेटा भी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिद्धंन मुहल्ला बी केबिन के पास नेहरू नगर निवासी माया पत्नी स्व. रमेश ने पुलिस को बताया कि घटना 3 मार्च 2026 की रात करीब 1.30 बजे की है। जब वह अपने परिवार के साथ घर पर थीं, तभी पड़ोस में रहने वाले संतोष, उसके दो बेटे सोहन व सतीश और पत्नी संतोषी एकराय होकर उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। तहरीर के मुताबिक, जब माया ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपियों ने उन पर लात-घूसों और डंडों से हमला कर दिया। मां को पिटता देख जब उनका बेटा डेनी बीच-बचाव करने आया, तो हमलावरों ने उसे भी बुरी तरह पीटा। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। घायल अवस्था में माया और उनके पुत्र का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, जिसमें माया के उल्टे हाथ में फ्रैक्चर और डेनी के सिर में चोट की पुष्टि हुई है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी संतोष, सोहन, सतीश और संतोषी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# सफाई कर्मी ब्लाक में बैठ कर रहे बाबूगिरी गांव की सफाई ब्यावस्था पर लगा ग्रहण

**●-सफाई कर्मियों ने ब्लॉक को बनाया आशियाना गांवों में गंदगी का अंबारअधिकारी को मैनेज करके सफाईकर्मी मुख्य पटल पर बनाया कब्जासफाई कर्मियों द्वारा गांव की सफ़ाई छोड ब्लॉक मुख्यालय पर बाबूगिरी करने से जुड़ा मामला**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केहरैयाब्लॉक क्षेत्र के गांवों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल होती नजर आ रही है। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते गांवों की सफाई व्यवस्था अब कुछ गिने-चुने सफाई कर्मियों के भरोसे चल रही है,जिससे अधिकांश गांवों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है ।ग्रामीणों का आरोप है कि नियमित सफाई न होने से नालियां जाम पड़ी हैं और जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। बदबू और गंदगी के कारण लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है।

इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ता जा रहा है,लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं हैं।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। कुछ जगहों पर तो महीनों से सफाई कर्मी दिखाई तक नहीं दिए। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर सरकार की स्वच्छता योजनाएं कागजों तक ही सीमित क्यों रह गई हैं। वही वरिष्ट भाजपा नेता सूर्यबली सिंह ने हरैया ब्लाक में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जव सफाई कर्मी दिन भर ब्लाक में बैठे रहते हैं तो गावों की साफ सफाई कौन करता है । वही एडीओ पंचायत ने मीडिया को बताया कि किसी भी सफाई कर्मी की ब्लाक पर नही बल्की ग्राम पंचायतों में उनकी तैनाती है। बड़ा सवाल यह है कि जब सफाईकर्मी की ड्यूटी ग्राम पंचायतों में है तो ब्लाक मुख्यालय में बैठ कर पटल का काम कैसे करते फोटो उनकी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है ।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नाराहट पुलिस की कार्रवाई**

**ललितपुर।** जनपद में वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नाराहट पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पाली अजय कुमार के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना नाराहट पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 44/2026 धारा 137(2), 65(1) बीएनएस तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त ग्राम गौना निवासी नेघराज पुत्र प्रकाश कुशवाहा (22 वर्ष) को 6 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद उसे विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में थाना नाराहट की थानाध्यक्ष पारुल चंदेल, उपनिरीक्षक महराज सिंह, हेड कांस्टेबल हरिश्चंद्र तथा महिला आरक्षी ममता की अहम भूमिका रही।

# डीएम के निर्देश पर नगरपालिका केपेंशनरों की समस्या पर हुई वार्ता, निस्तारण के निर्देश




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर पालिका के पेंशनरों की लम्बित समस्याओं के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना के निर्देश पर अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका एवं पेंशनर एसोसियेशन के पदाधिकारियों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण मे वार्ता हुई। यह जानकारी देते हुये सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंश्रनर्स एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने बताया कि बहुत लम्बे समय से पालिका के पेंशनरों की समस्यायें लम्बित थीं। पेंशनर समस्या को लेकर काफी परेशान थे। नगरपालिका के पेंशनर सत्यदेव शुक्ल ने 25 फरवरी से जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देने की घोषणा किया था। इसके बाद पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण हेतु एसोसियेशन के अध्यक्ष के नेतृत्व मे प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी से मिलकर समस्या के निस्तारण का अनुरोध किया। इस पर जिलाधिकारी ने ईओ को प्रकरण का यथाशीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया था। इसी के अनुपालन मे एसोसियेशन के उपाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र के नेतृत्व मे द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसमे नगरपालिका के पटल सहायक भी मौजूद रहे। ईओ ने वार्ता के उपरान्त पटल सहायक को समस्या के निस्तारण हेतृ निर्देशित किया। उन्होने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही पेंशनरों की समस्याओं का निदान हो जायेगा।

# महीना बीता सरकारी जमीन पर कब्जा जस-का-तस विभाग कार्रवाई से कोसो दूर

**●-लालच में राजस्व विभाग के कार्यशौली पर उठ रहे सवाल**

**दमड़ी के भाव दान किए जा रहे सरकारी जमीन सुविधा शुल्क लेकर विभाग ने बंद किया अपना मुंह**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अनिल शुक्ला

**बस्ती।** बस्ती जिले के सबसे बड़ी तहसीलहरैया तहसील अंतर्गत राजस्व गांव बैरहना में गाटा संख्या 42 एवं 43 की जमीन पर बने कोठी को खाली कराना विभाग के गले का फांस बनता जा रहा है । उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देने के बावजूद राजस्व विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही किया गया है । ग्रामिणो ने विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि भूमाफिया कर्मचारी को दमड़ी का लालच दिखा कर अपने मनसुबे में कामयाब होते नजर आ रहे हैं ।पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।ग्रामीणों का आरोप है कि मामले की लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों को देने के बावजूद राजस्व विभाग ने न तो स्थलीय निरीक्षण किया और न ही कब्जा हटाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए। इससे विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।गांव के लोगों का कहना है कि दबंग भूमाफिया कर्मचारियों को लालच/अपने पहुंच का भय दिखाकर कानून को मसलने की बात करते है। यहां जनता की बाते सही साबित हो रही है । आठ जुलाई 2020 की शिकायत और फरवरी 2026 की शिकायतो पर यदि हरैया तहसील प्रशासन कार्रवाई की होती तो बुद्ध सागर पांडे को दुबारा डीएम को शिकायत नही देना पड़ता7 दबंग भूमाफिया हरिश्चंद्र पाण्डे तथा नारायण पाण्डे का भय पूरे गांव में इस कदर व्याप्त है कि वह सबको कीडा मकोड़ा समझता है । सरकारी कर्मचारी को मसलने तक की बाते भी करते ग्रामीणो ने अपने कानो से सुना है । जो उन लोगों ने मीडिया को बताया है । चर्चा यह भी है कि 'सुविधा शुल्क' के चलते सरकारी जमीन को दमड़ी के भाव दान किए जाने जैसा माहौल बना हुआ है और जिम्मेदार विभाग चुप्पी साधे हुए है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध कब्जा तत्काल हटाया जाए तथा दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर प्रकरण को कितनी गंभीरता से लेता है और सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए कब तक प्रभावी कदम उठाए जाते हैं।

# प्रखर शुक्ल ने आईएएस बन बढ़ाया जनपद का नाम रोशन किया

**●प्रखर शुक्ल ने आईएएस बन बढ़ाया क्षेत्र का मान बढ़ाया हरैया क्षेत्र के सभी लोगों ने दी बधाई हरैया क्षेत्र में गली-गली में प्रखर शुक्ला का स्वागत हो रहा है ब्राह्मणों का सम्मान बढ़ाया**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के स्थानीय विकास हरैयाक्षेत्र के सकरदहा निवासी प्रखर शुक्ला का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन हुआ है। दूसरे प्रयास में उनको सफलता मिली है। उनकी सफलता पर क्षेत्र के तमाम लोगों ने बधाई देते हुए प्रशंसा व्यक्त किया है।प्रखर शुक्ला के पिता पंकजेश शुक्ला प्रयागराज के स्ववित्त पोषित वीएम महाविद्यालय में प्राचार्य है। उन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गजाधर सिंह अंगद सिंह अकादमी हरैया से प्राप्त किया। इसके बाद वे प्रयागराज चले गए जहां के एलएम कावेंट स्कूल से वर्ष 2017 में हाईस्कूल व 2019 में इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण किया। वर्ष 2022 में इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से बीएससी किया। इसके बाद तैयारी में जुट गया। पहले बार सफलता से दूर रह गए। दूसरे प्रयास में उन्होंने 787 नंबर प्राप्त कर देश की सबसे बड़ी परीक्षा आईएएस उत्तीर्ण किया। उनके बाबा स्वर्गीय जगदंबा प्रसाद शुक्ला भी शिक्षा क्षेत्र से जुड़े रहे और एक आदर्श शिक्षक थे। प्रखर शुक्ला की माता ज्योत्सना शुक्ला तथा दादी गायत्री शुक्ला ने भी उनके जीवन में प्रेरणा और सहयोग का महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि अभी वे अपने रिजल्ट से संतुष्ट नहीं है। रैंक बढ़ाने के लिए आगे भी प्रयास करेंगे। उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि पढ़ाई जितनी भी देर करे ईमानदारी से करे सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से ज्यादातर पढ़ाई किया। सफलता में किताबों का भी सहयोग होता है। उनके सफलता की खबर मिलते ही घर पर शुभचिंतकों का तांता लग गया। प्रधान प्रतिनिधि अशोक शुक्ल ने ढोल नगाड़े के साथ पहुंचकर प्रखर का स्वागत किया। पिता के साथ दादी गायत्री शुक्ला तथा माता ज्योत्सना शुक्ल अपने लाल की सफलता पर भावुक हो गए। कहा कि यह पूर्वजों के आशीर्वाद का परिणाम है। भाजपा नेता चंद्रमणि पाण्डेय सुदामा गजाधर सिंह अंगद सिंह एकेडमी के प्रधानाचार्य सुभाष चन्द्र त्रिपाठी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, विनोद शुक्ल, डॉ लवकुश तिवारी, नटवर सिंह, उमेश पांडेय, राम विनय पांडेय, कृष्ण देव शुक्ल, बाबा सेवानिवृत्त तहसीलदार मंगलदेव शुक्ल, प्रधानाध्यापिका भारती शुक्ल, पिंकी शुक्ला, लाल जी पाण्डेय, लाल माधव शुक्ल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नर्वदेश्वर शुक्ल, कोटेदार सत्यदेव पाण्डेय सही तमाम लोग मौजूद हैं।

# स्वामी दयाल सरस्वती विद्या मंदिर, आर्य नगर में वार्षिकोत्सव एवं विज्ञान मेले का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** स्वामी दयाल सरस्वती विद्या मंदिर, आर्य नगर में वार्षिकोत्सव एवं विज्ञान मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य एम.एल.के.पी. कॉलेज बलरामपुर के डॉ. ओ.पी. मिश्रा तथा भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप मंत्र, संस्कृत वंदना तथा सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन रामकृष्ण पांडेय एवं अर्पिता त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाटकों एवं गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही विज्ञान मेले में छात्रों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और दर्शकों ने काफी सराहा।विद्यालय के प्रबंधक सुधाकर पांडेय, प्रधानाध्यापक पंकज पाठक, राजकुमार तिवारी एवं ओंकार नाथ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकगण बासुदेव, ओमप्रकाश मिश्रा, शुभम पांडेय, हरिश्चंद्र, चंचल तिवारी, बंदना सोनी, निशा सिंह, स्वाती एवं चांदनी का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षकगण एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।






# डीएम एसपी की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**●जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

**शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील अमेठी में कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 15 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 23 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 04 शिकायत का निस्तारण किया गया, तथा तहसील गौरीगंज में 31 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 04 का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, तहसीलदार अमेठी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# निर्धारित मूल्य पर ही गैस सिलेंडर की बिक्री करें एजेंसियां, अधिक वसूली पर होगी कार्रवाई : डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद में गैस एजेंसियों द्वारा रिफिल गैस सिलेंडर की आपूर्ति में अनियमितता तथा निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने जनपद की सभी गैस एजेंसियों के संचालकों और प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर केवल निर्धारित दर पर ही उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में जमाखोरी या कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी एजेंसी द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूली गई या गैस सिलेंडरों की जमाखोरी कर आपूर्ति बाधित की गई तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जनपद में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि पहले 14 किलोग्राम रिफिल गैस सिलेंडर का मूल्य 924 रुपये था, जिसे 07 मार्च 2026 से बढ़ाकर 984 रुपये प्रति सिलेंडर कर दिया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जनपद में कुल 42 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनमें आईओसीएल की 16, बीपीसीएल की 14 तथा एचपीसीएल की 12 एजेंसियां शामिल हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को गैस वितरण व्यवस्था पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सके और किसी प्रकार की अनियमितता न होने पाए।

# उपनिरीक्षक सर्वोत्तम की बेटी ऋचा यूपीएससी में चयनित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक सर्वोत्तम सिंह की बेटी रिचा सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रिचा सिंह ने परीक्षा में 632वीं रैंक प्राप्त की है। रिचा सिंह मूल रूप से औरैया जिले के ग्राम तिलकपुर की निवासी हैं। उन्होंने दिल्ली में रहकर तैयारी की और पहले ही प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की। उनके पिता सर्वोत्तम सिंह वर्तमान में तालबेहट कोतवाली में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात हैं, जबकि उनकी मां अर्चना सिंह गृहिणी हैं। परिवार के मार्गदर्शन और सहयोग से रिचा सिंह ने यह सफलता प्राप्त की। रिचा सिंह की उपलब्धि पर रिश्तेदारों और क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें बधाई दी है। उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरणा मिल रही है कि मेहनत और लगन से देश की कठिन परीक्षाओं में भी सफलता हासिल की जा सकती है। बेटी की इस उपलब्धि पर उपनिरीक्षक को प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा निरीक्षक सुखदेव सिंह, उपनिरीक्षक कमलेश कुमार, उपनिरीक्षक तरुण भदौरिया सहित पुलिस स्टाफ ने बधाई शुभकामनाएं दी।

# मोकलपुर की क्षतिग्रस्त पुलिया को लेकर युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मनकापुर गोण्डा** – विकास खण्ड बभनजोत स्थित बस्ती डोमा ग्राम पंचायत के मजरा मोकलपुर के पास क्षतिग्रस्त पुलिया को लेकर शनिवार को उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव व पीसीसी सदस्य अभिषेक तिवारी नीरज के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय लोगों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया और पुलिया के शीघ्र निर्माण की मांग की।इस धरने को समर्थन देने के लिए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन लाल यादव तथा जिला पंचायत सदस्य अमर यादव और बसंत यादव भी मौके पर पहुंचे और क्षेत्रीय जनता की समस्या को गंभीर बताते हुए प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की।उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर स्थित क्षति ग्रस्त पुलिया से आये दिन वाहन सहित राहगीर गिरकर चोटिल होते रहते है और इसी मार्ग से सुबह शाम स्कूली बच्चो को आना जाना लगा रहता है।प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंचे सहायक अभियंता प्रिंस कुमार मल्ल ने लिखित आश्वासन दिया कि अप्रैल माह से पहले ही पुलिया के निर्माण कार्य को शुरू कर दिया जाएगा तथा फिलहाल आवागमन को सुचारु रखने के लिए अस्थायी वैकल्पिक व्यवस्था तुरंत कराई जा रही है, ताकि क्षेत्र की जनता को परेशानी न हो। नेतृत्व कर रहे अभिषेक तिवारी नीरज ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष जारी रहेगा और जब तक पुलिया का निर्माण कार्य शुरू नहीं होता, तब तक आवाज उठती रहेगी। इस मौके पर संदीप सक्सेना पवन सिंह सचिन कनौजिया सुरेंद्र ओमकार यादव वालीउल्लाह रवि पांडेय, चित्रांश मौर्य, अखिलेश कुमार पाठक, नरेंद्र पाठक, अंकित गुप्ता, ध्रुव चंद पाठक,अमर पाठक,दीपक, विजय कुमार कनौजिया, पहलाद शर्मा, इंदर कुमार विजय कुमार, विजय वर्मा, आदित्य वर्मा बबलू गौतम, सूरज साहू सुरेंद्र वर्मा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## रोजगार सेवको ने BDO को दिया ज्ञापन



**काँट, शाहजहांपुर।** विकासखंड काँट के ग्राम रोजगार सेवकों सहित समस्त मनरेगा कर्मचारीयों का 7 से 13 महीने का मानदेय बकाया है यहां तक की पिछली दीपावली के त्यौहार पर और इस बार होली के त्यौहार पर भी ग्राम रोजगार सेवकों सहित किसी भी मनरेगा कर्मचारी को मानदेय नहीं दिया गया इससे परिवार के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है आज दिनांक 7 मार्च 2026 को मनरेगा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में विकासखंड पर समस्त मनरेगा कर्मचारीयों ने बैठक कर मानदेय सहित तमाम समस्याओं से संबंधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौपा। बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष अर्वेश कुमार वर्मा ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश सिंह, वीरपाल सिंह, सर्वेश कुमार यादव मोबीन, वीरपाल सिंह, अजय कुमार, रविकांत त्रिपाठी, अंकिता अग्निहोत्री आदर्श जायसवाल आदि तमाम साथी उपस्थित रहे।

## पंचायत चुनाव : वीडियोग्राफी की व्यवस्था कराने हेतु जेम पोर्टल पर कस्टम बिड प्रकाशित

**इच्छुक फर्मे निविदा में ले सकते है भाग : अंजू लता**

**रायबरेली:-** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली अंजूलता ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन, 2026 हेतु आयोग के मानक के अन्तर्गत सामान्य निर्वाचन की विभिन्न प्रक्रिया के दौरान प्रमुख घटनाओं की वीडियोग्राफी की व्यवस्था कराने हेतु जेम पोर्टल पर जेम बिड संख्या GEM/2026/B/7329425 दिनांक 07 मार्च 2026 को प्रकाशित कर दी गयी है, बिड बंद होने की तिथि 17 मार्च 2026 समय अपरान्ह 14:00 बजे तथा बिड खुलने की तिथि 17 मार्च 2026 को समय अपरान्ह 14:30 बजे है तथा उपरोक्त व्यवस्थाओं की कुल अनुमानित लागत रू0 20,00,000/- (मु0 बीस लाख मात्र) है। इच्छुक फर्मे/संस्था जेम पोर्टल पर आमंत्रित उपरोक्त जेम निविदा में भाग ले सकते हैं। इस निविदा में जेम के नियम एवं शर्तो के साथ-साथ इस कार्यालय द्वारा निर्धारित बिड की शर्ते (ATC) लागू होगी। सक्षम प्राधिकारी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत




**अज्ञात बाइक सवार पर मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम रारा के पास हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रारा निवासी रामचरन कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका छोटा भाई कामता पुत्र परसादी बीते मंगलवार, × मार्च की रात करीब 8 बजे घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के पास ही पीछे से आ रही तेज र तार मोटरसाइकिल (यूपी 94 वाई 1857) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कामता लहूलुहान होकर वहीं सड़क पर गिर पड़ा। परिजनों ने आनन-फानन में घायल कामता को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया, जहां सिर की गंभीर चोट को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर उसे वहां से भी ग्वालियर रेफर किया गया। बीते तीन दिनों से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे कामता ने शुक्रवार, 6 मार्च को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के संबंध में थाना तालबेहट पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(बी) और 106(1) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# बीडीएस की पढ़ाई पूरी कर डेंटल सर्जन बने शिवांक द्विवेदी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**






**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के छमनीखेड़ा मजरे रायपुर मझिगवां गांव निवासी सेवानिवृत्त फौजी राजेश द्विवेदी के बेटे शिवांक द्विवेदी ने बीडीएस की पढ़ाई पूरी कर ली है। अब वह डेंटल सर्जन के रूप में अपने करियर की शुरुआत करेंगे। इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद शिवांक का चयन सिकंदराबाद स्थित आर्मी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड रिसर्च में हुआ था। यहां उन्होंने दंत चिकित्सा की पढ़ाई पूरी की। शनिवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में उन्हें औपचारिक रूप से बीडीएस की डिग्री प्रदान की गई। शिवांक की शुरुआती पढ़ाई भोजपुर स्थित विवेकानंद चिल्ड्रन एकेडमी में हुई। इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट की परीक्षा अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण की। पहले ही प्रयास में नीट परीक्षा पास कर उन्होंने बीडीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया। उनके पिता राजेश द्विवेदी आर्मी मेडिकल कोर से सेवानिवृत्त हैं। मां सोना द्विवेदी गृहिणी हैं। छोटी बहन प्रियम द्विवेदी एमबीए की पढ़ाई कर रही हैं। शिवांक की सफलता से परिवारीजनों में उत्साह है। बाबा सेवानिवृत्त शिक्षक शिवभूषण द्विवेदी, संतोष द्विवेदी,पवन द्विवेदी, कमलाकांत मिश्रा, सुमन शुक्ला, संतोष सिंह, एसके द्विवेदी, सत्यम त्रिपाठी, शिवम शुक्ला, निशांत पांडेय सहित तमाम लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# घर के अंदर फंदे से लटकी मिली विवाहिता, हत्या का आरोप

**● परिवारीजनों ने अस्पताल में जमकर काटा हंगामा**

**अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सैमसी गांव में शुक्रवार देर शाम एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। परिजन उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के घर वालों ने बताया कि गांव निवासी रिचा शर्मा (24) पत्नी अंकित शर्मा ने घर के कमरे में छत के पंखे के हुक से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। उस समय उसका पति अंकित खेत में पानी लगाने गया था। ससुर अवधेश शर्मा मवेशियों की देखरेख कर रहे थे। शाम को जब अंकित खेत से घर लौटा तो रिचा फंदे से झूलती मिली। आनन फानन में फंदा काटकर उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिवारिजनों ने बताया कि रिचा का विवाह वर्ष 2020 में अंकित शर्मा के साथ हुआ था। वह अपने पीछे पांच वर्षीय बेटे शिवांश को छोड़ गई है। सूचना पर अस्पताल पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा किया और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने समझा बुझाकर स्थिति को शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## बाइक की टक्कर से सड़क पार कर रहा बालक घायल




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बाल्हेमऊ नहर पुलिया के निकट शनिवार को सड़क हादसे में एक नौ वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। गांव की रहने वाली गुड़िया वहां सड़क किनारे दुकान लगाती हैं। शनिवार दोपहर उनका बेटा ऋतिक सड़क पार कर दूसरी ओर जा रहा था। इसी दौरान रायबरेली की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बालक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे उठाकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। बालक की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## सड़क पर मृत पड़े मवेशी से टकराकर बाइक सवार युवक घायल

**ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश फौजी ने दिखाई मानवीय संवेदना**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बाल्हेमऊ गांव के निकट देर रात सड़क पर पड़ा मृत मवेशी एक हादसे का कारण बन गया। राजेश पासवान पुत्र रामप्रताप निवासी पूरे कालिका बक्स मजरे ऐहार शनिवार रात लगभग 11:30 बजे बाल्हेमऊ गांव के पास से बाइक से गुजर रहे थे। अंधेरे में सड़क पर पड़े मृत मवेशी से उनकी बाइक टकरा गई, जिससे वह घायल हो गए और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही ऐहार गांव के प्रधान प्रतिनिधि राजेश फौजी मौके पर पहुंचे। मानवीय संवेदना दिखाते हुए प्रधान प्रतिनिधि ने अन्य ग्रामीणों की मदद से फौरन अपने वहां से उन्होंने घायल राजेश को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां उनका इलाज किया गया। इस दौरान डॉ. दिनेश यादव, इंद्रेश यादव और भोला मिश्रा सहित अन्य लोगों ने सहयोग करते हुए घायल और मृत मवेशी को सड़क से हटाया, जिससे आवागमन सामान्य हो सका। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर पड़े मृत जानवरों को समय पर हटाने की व्यवस्था न होने से इस तरह के हादसे अक्सर होते हैं। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 76 शिकायतें प्राप्त, 12 का मौके पर निस्तारण



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बिसवां सीतापुर** राजागणपति आर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने तहसील बिसवां में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में भाग लेने से पूर्व आयुष्मान आरोग्य मंदिर जहांगीराबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी प्रसव कक्ष पहुंचे, जहां अव्यवस्थाएं पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। स्टाफ नर्स अनुपस्थित मिलने पर एक दिन का वेतन काटने, चिकित्सक के अनुपस्थित पाए जाने पर उनका भी एक दिन का वेतन काटने तथा दवाओं के रख-रखाव में लापरवाही मिलने पर फार्मासिस्ट को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कमियां मिलने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी बिसवां से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।इसके बाद तहसील सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 76 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 12 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 17, पुलिस विभाग की 38, विकास विभाग की 9, नगर पालिका की 2, विद्युत विभाग की 4 तथा अन्य विभागों की 6 शिकायतें शामिल रहीं। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दरगाह हज़रत बड़े मखदूम साहब में हुआ कार्यक्रम

**● रोज़ा भूखा रहने का नाम नहीं है इसके लिए हमें अल्लाह और उसके रसूल के बनाए नियमों की पाबन्दी करना अनिवार्य,और रोज़ा पूरे शरीर का होता है:- हसन साकिब तय्यब**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**खैराबाद सीतापुर** रमजानुल मुबारक महीने का समापन होने वाला है और मस्जिदों में हाफ़िज़े क़ुरआन नमाज़ तरावीह के ज़रिए क़ुरआन सुना रहे हैं जो अब धीरे धीरे समापन की ओर बढ़ रहा है। इसी क्रम में विगत रात्रि स्थानीय दरगाह हज़रत बड़े मखदूम साहब में स्थित मस्जिद में क़ुरआन पाक तरावीह के दौरान मुकम्मल हुई यहां पर दरगाह के सज्जादा नशीन शोएब मियां के सुपुत्र हाफ़िज़ अरसलान हसनी ने मुकम्मल करवाया,ज्ञात रहे कि हाफ़िज़ अरसलान हसनी विगत 2024 से लगातार तरावीह पढ़ा रहे हैं। इनके पढ़ाने से लोगों में बड़ी खुशी दिखाई दे रही थी इस समापन अवसर पर नमाज़ पढ़ने वालों ने हाफ़िज़ अरसलान को नज़राना और ढेरों उपहार देते हुए आशीर्वाद भी दिया इस अवसर पर हाफ़िज़ अरसलान के पिता शोएब मियां और आपके बड़े सुपुत्र हसन साकिब तय्यब जो धर्म गुरु की शिक्षा ग्रहण कर रहे है इन दोनों ही लोगों की खुशी देखने के काबिल थी जब आवाम आपके बेटे की कामयाबी की मुबारकबाद उन्हें दे रहे थे इस पर शोएब मियां ने कहा कि यह सब अल्लाह का शुक्र व एहसान है और मेरे वालिद और मेरे बुजुर्गों की दुआओं का नतीजा है जो आज यह दिन देखने को मिला।

इस अवसर पर जन समुदाय को संबोधित करते हुए हसन साकिब उस्मानी तय्यब मियां ने कहा कि अल्लाह के रसूल ने इरशाद फरमाया था कि जिसने क़ुरआन को मजबूती से पकड़ लिया वो कभी परेशान और गुमराह न होगा लेकिन अफ़सोस कि क़ुरआन को प्रतिदिन पढ़ना तो दूर की बात है रमज़ान शरीफ़ में भी इसका अध्ययन नहीं करते हैं नमाज़ की पाबन्दी तो हमारे पास है ही नहीं और खासकर तरावीह को खिलवाड़ बना लिया है जिसको देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि अब हमारे पास नमाज़ की कोई अहमियत ही नहीं रह गई है उसको तमाशा बना लिया है।

श्री हसन ने आगे कहा कि इस माह में सुबह से कुछ न खाना न पीना इसको रोज़ा नहीं कहते है बल्कि रोज़ा नाम है परहेजगारी का नियमानुसार कार्य करने का, हमें रोज़े की हालत में अपने हाथ पैर आंख मुंह सभी को सही रखना है ग़रीबों की मदद करना ज़रूरत मंद की ज़रूरत को पूरा करना चाहिए जिससे अल्लाह और उसका हबीब भी ख़ुश होता है। इसके बाद सज्जादा नशीन नजमुल हसन शोएब मियां ने कहा कि हमें एक और नेक बने रहना होगा तभी हम कामयाबी हासिल हो पाएगी वरना सब बेकार रहेगा। आखिर में सज्जादा नशीन शोएब मियां ने मुल्क में अमन और शांति की दुआ की तथा लोगों से अपील किया कि सब आपस में मिलजुल कर रहें। यह क़स्बा गंगा जमुनी संस्कृति का शहर है। समापन अवसर पर मस्जिद मोअज्जिन समर अहमद, दरगाह खादिम अतीक अहमद, सैय्यद तौहीद रिज़्वी, पूर्व सभासद हसरत अली, शाहिद अली मोलहे,वारिस खान, सैय्यद मोइन अल्वी, मौलाना तौक़ीर अतारी, सैय्यद इमरान किरमानी, सैय्यद शुजाउद्दीन किरमानी,अनीसुल हसन, इंजीनियर रेहान अहमद के अलावा बड़ी तादाद में नमाज़ी मौजूद थे।

# महत्वाकांक्षी कार्यक्रम तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हर्रैया तहसील सभागार में आयोजित

**●संपूर्ण समाधान दिवस से जनता का मोह भंग हो रहा है इसका कारण कर्मचारियों द्वारा फर्जी रिपोर्ट लगाकर निस्तारण किया जा रहा है सरकारी जमीनों पर दबंगों का कब्जा उसे हटाने मे राजस्व कर्मी नहीं करते हैं कार्रवाई**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** बस्ती जिले में जनता की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हर्रैया तहसील सभागार में जिलाधिकारी के निर्देशन में उप जिलाधिकारी सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी स्वर्णिमा सिंह भी उपस्थित रही।

उप जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है की गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए लेकिन कर्मचारी फर्जी रिपोर्ट लगाकर निस्तारण कर देते हैं दोबारा शिकायत करने पर वही रिपोर्ट की कॉपी लगाते रहते हैं जबकि जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है तहसील के जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारियों की लापरवाही से सरकारी भूमि पर दबंगों का कब्जा बना हुआ है जिसकी शिकायत और खबर चलने के बावजूद भी अधिकारियों के निगाह में कार्रवाई न करना जनता को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है पुलिस विभाग राजस्व विभाग और विकास विभाग सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार उत्पन्न हो रहा है राजस्व विभाग द्वारा शिकायतकर्ता के शिकायत पर कार्रवाई न करना हरैया थाना में फर्स्ट थाना अध्यक्ष और पुलिस कर्मियों द्वारा बिना रकम लिए शिकायत नहीं दर्ज किया जा रहा है दूसरी तरफ पुलिसकर्मियों द्वारा क्षेत्र में वसूली का चर्चा बना हुआ महकमा के अधिकारी अधिकारियों द्वारा पुलिस पर शिकाजा नहीं कसा जा रहा है दूसरी तरफ विकास विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है हरैया खंड विकास अधिकारी द्वारा समय पर ऑफिस पर नहीं बैठते हैं जनता के शिकायतों को ध्यान नहीं दिया जा रहा है खंड विकास अधिकारी द्वारा जनता से मिलना मुनासिब नहीं समझते हैं शिकायतों पर फर्जी रिपोर्ट लगाकर निस्तारण कर देते हैंउन्होंने कहा कि कोई भी फरियादी अपनी समस्या के समाधान की अपेक्षा से ही सरकारी कार्यालयों में आता है, इसलिए जनता की समस्याओं का समाधान करना सभी अधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

उप जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जिन शिकायतों का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका है, संबंधित विभाग के अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ उनका निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही जन-शिकायतों के निस्तारण में समयबद्धता और पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 58 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से मौके पर 07 का निस्तारण हुआ। इनमें राजस्व विभाग से संबंधित 19, पुलिस विभाग से 14, विद्युत विभाग से 07, विकास विभाग से 13 तथा अन्य 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

इस अवसर पर डीएफओ डा. शिरीन, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रेखा गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, एलडीएम आर.एन. मौर्या, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## साहब, खम्भे की जगह नीम के पेड़ से बंधा है बिजली का तार

**● हादसे का भय बना बिजली का तार**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील सभागार में शनिवार को तहसीलदार शिवम राठौड़ अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। उत्तरागौरी गांव निवासी विजयपाल, कृष्ण मोहन सिंह, अंजनी, शिव कुमार, अर्पित आदि ने संयुक्त रूप से शिकायती पत्र देकर गांव की बिजली लाइन दुरुस्त करने की मांग की। बताया कि हरिप्रसाद के घर के पास बिजली का केवल नीम की पेड़ से बंधा हुआ है। इससे किसी दुर्घटना होने का भय सताता रहता है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए पोल लगाकर बिजली लाइन दुरुस्त करने की मांग की। मेरुई ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह ने सरकारी नाली पर अवैध कब्जे की शिकायत की। बताया कि कुछ लोग सरकारी नाली पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। इससे पानी निकास प्रभावित होगा।

सातनपुर की नईम ने चक मार्ग दुरुस्त करने की मांग की। बताया कि उनके खेतों के लिए जाने वाला चकमार्ग को कुछ कास्तकारों ने काटकर अपने खेत में मिल लिया। इससे जुताई बुवाई और मड़ाई के लिए खेतों तक आना-जाना मुश्किल हो रहा है। पैमाइश करा कर चकमार्ग को दुरुस्त करने की मांग की। इस प्रकार तहसीलदार शिवम राठौड़ की अध्यक्षता में कुल 28 शिकायत दर्ज की गई। इनमें राजस्व की चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार ऋषभ नागर, बीडीओ गगनदीप सिंह, एसडीओ शिवम वर्मा, राजस्व निरीक्षक यादव सहित अन्य विभागों के अफसर मौजूद रहे।

## घर के सामने डीजे बजाने का विरोध करने पर युवती को घर में खींचकर पीटा

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला पठापुरा में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। घर के बाहर शोर-शराबा और गाली-गलौज करने का विरोध करने पर एक युवती को घर के अंदर खींचकर बेरहमी से पीटा गया। बीच-बचाव करने आई मां के साथ भी अभद्रता की गई। पुलिस ने एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पठापुरा निवासी पायल अहिरवार पुत्री जगभान अहिरवार ने पुलिस को बताया कि घटना की शुरुआत 4 मार्च की शाम 4 बजे हुई, जब पड़ोस के राजकुमार अहिरवार, मुन्नी, अंजना और छाया उनके घर के सामने डीजे बजाकर गाली-गलौज कर रहे थे। उस समय विरोध करने पर आरोपियों ने पायल के साथ मारपीट की। मामला यहीं शांत नहीं हुआ, 6 मार्च की सुबह करीब 7 बजे आरोपियों ने दोबारा गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, मुन्नी अहिरवार उसे घसीटते हुए अपने घर के अंदर ले गई, जहाँ सभी ने मिलकर उसे लात-घूसों से पीटा, जिससे उसके सिर और हाथ में चोटें आईं। जब पायल की मां हरकुंवर उसे बचाने पहुंचीं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# पत्रकारों के समक्ष वार्ता करते महन्त रामलखनदासजी महाराज

**● पत्रकारिता के क्षेत्र में राठौर जी का योगदान अविस्मणीय : राजीव बबेले सप्पू**

**वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल राठौर जी की पुण्यतिथि उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों को किया याद**

**अन्नपूर्णा भोजनशाला में जरुरतमंदों को कराया भोजन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** वरिष्ठ पत्रकार स्व. बाबूलाल ठाकुर राठौर जी की ग्यारहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को अमर शहीद पं गणेश शंकर विद्यार्थी भवन (प्रेस क्लब) में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिले के पत्रकारों एवं गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके पत्रकारिता क्षेत्र में किए गए योगदान को याद किया।

इस अवसर पर जरूरतमंदों के लिए अन्नपूर्णा भोजनशाला में भोजन कराया गया। वहीं प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि बाबूलाल राठौर जी ने अपने जीवनकाल में निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता की मिसाल पेश की। उन्होंने समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए पत्रकारिता को जनसेवा का माध्यम बनाया। उनके आदर्श और कार्यशैली आज भी युवा पत्रकारों के लिए प्रेरणा हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सदैव पत्रकारों के हितों के लिए कार्य किया और संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अजित जैन भारती, उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, चंद्रशेखर राठौर, कुंदन लाल राठौर, राजेश कुमार राठौर, सुनील जैन, अजय तोमर, शिब्बू राठौर, रमेश रायकवार, देवेश कुमार राठौर, गणेशराम रजक, चरन सिंह रामनगर, अजितेश जैन, यशपाल सिंह परमार, विकास सोनी, अनुराग बिदुआ, भगवान सिंह, पंकज रायकवार, अमित राठौर, अनि जैन आदि पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## एससी-एसटी आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र 8 से झांसी-ललितपुर के दौरे पर, करेंगे निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय सदस्य रमेश चन्द्र आगामी 8 से 11 मार्च 2026 तक झांसी और ललितपुर जनपद के चार दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे अनुसूचित जाति और जनजाति के व्यक्तियों की समस्याओं का अनुश्रवण करेंगे और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रमेश चन्द्र 8 मार्च को दोपहर 12 बजे कानपुर से झांसी सर्किट हाउस पहुंचेंगे। दोपहर 1 बजे वे मुक्ता काशी कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे और तत्पश्चात क्षेत्रीय भ्रमण कर दलित समुदाय के लोगों से मुलाकात करेंगे। 9 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के अधिकारियों के साथ एससी-एसटी वर्ग की समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक होगी। इसके बाद वे नगर निगम मु यालय में बैठक, वृद्धाश्रमों, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों और दलित बस्तियों का सघन निरीक्षण करेंगे। आयोग के सदस्य 10 मार्च को दोपहर 12 बजे ललितपुर पहुंचेंगे। दोपहर 12.×0 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ और दोपहर 2.×0 बजे नगर पालिका मु यालय में बैठक करेंगे। शाम 4 बजे से छात्रावासों व आश्रम पद्धति विद्यालयों का भ्रमण करेंगे और शाम 6 बजे दलित बस्तियों में जाकर जमीनी हकीकत जानेंगे। 11 मार्च को सुबह 10 बजे वे नगर पंचायत तालबेहट में जनसंवाद करेंगे और दोपहर × बजे कानपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय ललितपुर ने इस भ्रमण को लेकर विस्तृत प्रोटोकॉल जारी कर दिया है। पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए गए हैं कि वीआईपी गरिमा के अनुरूप बॉर्डर-टू-बॉर्डर सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था और पायलट सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी और नजारत को सर्किट हाउस में ठहरने व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए जि मेदारी सौंपी गई है।



# यूपीएससी टॉपर्स- व्यक्तिगत सफलता नहीं, राष्ट्र की विरासत रच रहे हैं

**दूरदर्शिता की जीत: टॉपर्स कैसे रचते हैं राष्ट्र का भविष्य?**
**आज का अध्ययन, कल का मजबूत प्रशासन: राष्ट्र सेवा का उत्कट जुनून**

आज का प्रत्येक प्रयास राष्ट्र के भविष्य की रूपरेखा रचता है। यूपीएससी में सफलता अब केवल व्यक्तिगत गौरव या अंकों का प्रतीक नहीं रही; यह देशभक्ति और दूरदर्शी दृष्टि का अटूट प्रतीक बन गई है। टॉपर्स अपने अध्ययन के हर क्षण, प्रत्येक विश्लेषण और हर उत्तर में कल की नीतियों, सतत विकास और समावेशी समाज के बीज अंकुरित करते हैं। उनके लिए सिविल सेवा सिर्फ़ एक करियर नहीं, बल्कि राष्ट्र के सपनों को वास्तविकता में ढालने की तीव्र और गहन यात्रा है। वर्तमान के जटिल संकट–समानता की चुनौतियाँ, पर्यावरणीय आपात स्थिति, डिजिटल विभाजन–उनकी दृष्टि में कल के अवसरों में परिवर्तित हो जाते हैं। यही दूरदर्शिता उन्हें विशिष्ट बनाती है; उनके अध्ययन का हर क्षण राष्ट्र के उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य की स्पष्ट झलक प्रस्तुत करता है। राष्ट्र के भविष्य को आकार देने वाले टॉपर्स यह मानते हैं कि सिविल सेवा केवल प्रशासन का यंत्र नहीं, बल्कि न्याय, स्वतंत्रता और समानता जैसे संवैधानिक मूल्यों को साकार करने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। उनके दृष्टिकोण में आज का समर्पित अध्ययन कल के प्रशासन के मजबूत और अडिग स्तंभों का निर्माण करता है। उनके उत्तर केवल तथ्यों का संग्रह नहीं; उनमें सामाजिक संवेदनशीलता, जन-कल्याण की गहराई और पर्यावरण संरक्षण की स्पष्ट झलक प्रकट होती है। वे जानते हैं कि वास्तविक सफलता वही है जो समाज के सबसे कमजोर और हाशिए पर रहने वाले वर्ग तक पहुँचे। यही सेवा का उत्कट जुनून उनकी रणनीति, तैयारी और उत्तर लेखन में निरंतर चमकता है।

टॉपर्स पुराने अध्ययन को केवल याद करने का औजार नहीं मानते; वे इसे वैश्विक संदर्भ और भविष्य की जटिल चुनौतियों–एआई के नैतिक प्रयोग, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक असमानता–से जोड़ते हैं। उनके लिए इंटरव्यू और उत्तर मंच सिर्फ परीक्षा का हिस्सा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दूरदर्शी सोच प्रदर्शित करने का अवसर हैं। 'विकसित भारतञ्च2047' जैसे विज़न उनके अध्ययन और चिंतन में समाहित हैं–एक ऐसा भारत जहाँ नवाचार, समावेशिता और सतत विकास सामंजस्यपूर्ण रूप से फलते-फूलते हैं। यही दूरदर्शिता उन्हें प्रेरित करती है कि आज का प्रत्येक उत्तर कल की नीति और राष्ट्र निर्माण का अडिग आधार बने। सफलताओं और असफलताओं के बीच टॉपर्स हर अनुभव को अवसर की दृष्टि से देखते हैं। वे जानते हैं कि राष्ट्र सेवा में धैर्य, करुणा और लचीलापन अनिवार्य गुण हैं। उनके दृष्टिकोण में यूपीएससी केवल परीक्षा नहीं, बल्कि समाज से गहन जुड़ाव और संवाद की प्रक्रिया है। महिला सशक्तिकरण, युवा बेरोजगारी और ग्रामीण-शहरी असमानता जैसे जटिल सामाजिक मुद्दों को वे सूक्ष्मता से समझते हैं। यही गहरा जुड़ाव उन्हें नई सोच और संवेदनशील दृष्टि प्रदान करता है, जहाँ सेवा केवल ड्यूटी नहीं, बल्कि जीवन का सर्वोच्च आदर्श बन जाती है। उनकी सफलता इसी मानवीय समझ और भावनात्मक गहराई की झलक से दमकती है। टॉपर्स मानक तरीकों में फँसकर नहीं रहते; वे माइंड मैप्स, केस स्टडीज और विचार-विमर्श के माध्यम से ज्ञान को जीवंत बनाते हैं। जीएस-4 (एथिक्स) उनके लिए केवल एक पेपर नहीं, बल्कि ईमानदारी, जवाबदेही और नैतिक निर्णयों का दैनिक अभ्यास है। उनके दृष्टिकोण में कल का भारत ऐसा देश होगा जहाँ प्रशासन नवाचार से सुसज्जित हो और भ्रष्टाचार का कोई स्थान न हो। रचनात्मक सोच उन्हें यह समझाती है कि आज की मेहनत, रणनीति और समर्पण ही कल की मजबूत, न्यायपूर्ण और प्रगतिशील दुनिया की नींव रखेगी। सेवा की यह गहन भावना उनके रचनात्मक प्रयासों को निरंतर ऊर्जा और दिशा प्रदान करती है।

राष्ट्र के निर्माण की गहन भावना में टॉपर्स लगातार स्वयं से पूछते हैं– 'मैं अपने देश के लिए क्या योगदान दे सकता हूँ?' यह आत्म-चिंतन उन्हें नई सोच, दूरदर्शिता और स्थायी दृष्टिकोण प्रदान करता है, जहाँ व्यक्तिगत विकास और राष्ट्र का विकास अविभाज्य रूप से जुड़ जाते हैं। वे समझते हैं कि सिविल सेवा में पद की शक्ति नहीं, बल्कि सेवा की शक्ति ही वास्तविक मूल्य है। उनके दृष्टिकोण में भविष्य का भारत संवेदनशील, निष्पक्ष और दूरदर्शी अधिकारियों के प्रेरक नेतृत्व में आकार लेगा। यही गहन आत्म-विश्लेषण उन्हें प्रेरित करता है कि आज का हर प्रयास कल के उज्ज्वल, सशक्त और न्यायपूर्ण राष्ट्र की नींव बने। टॉपर्स आधुनिक तकनीक और ज्ञान के हर साधन का लाभ उठाते हैं–ऑनलाइन संसाधन, एआई टूल्स और अंतरराष्ट्रीय केस स्टडीज–ताकि भविष्य की जटिल चुनौतियों को आज ही समझा और हल किया जा सके। उनके लिए यूपीएससी केवल परीक्षा नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के बीच एक सशक्त सेतु है। वे सेवा को वैश्विक संदर्भ में देखते हैं–डिजिटल समावेश, जलवायु न्याय और सतत विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। यही दूरदर्शी और आधुनिक दृष्टि उन्हें विशिष्ट बनाती है, जहाँ उनकी तैयारी केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल और समृद्ध कल की अडिग नींव बन जाती है। राष्ट्र निर्माण की दिशा में टॉपर्स की सफलता उनकी दूरदर्शिता का स्पष्ट साक्ष्य है–वे परीक्षा को केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि मिशन मानते हैं और सेवा की गहन भावना से प्रेरित होकर नयी सोच और रणनीतियाँ अपनाते हैं। उनकी यह यात्रा स्पष्ट संदेश देती है कि सच्ची सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति और समाज के समग्र उत्थान से अभिन्न रूप से जुड़ी होती है। यूपीएससी की प्रक्रिया उनके लिए केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि सामूहिक सपनों और दूरदर्शी विचारों का प्रारंभिक मंच है। हमें भी इस दृष्टि को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए–जहाँ हर प्रयास भारत के उज्ज्वल, सशक्त और समृद्ध भविष्य के लिए समर्पित हो। सेवा की यह लौ अनंत और अटूट है, क्योंकि यह राष्ट्र के सपनों की वास्तविक और अमिट अग्नि है।

**कृति आरके जैन**

# सफलता-असफलता जीवन के दो अनिवार्य पहलू

**धर्म के साथ कर्म से सफलता।**

मनुष्य को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानवीय जीवन अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा द्यइसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगीद्य

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे द्य निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैंद्य संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुन:तैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है ।इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है। इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशा, नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती है।

**संजीव ठाकुर**

# कर्नाटक में 16 साल के छोटे बच्चों का मीडिया बैन, सोशल मीडिया से दूर रखना समय की आवश्यकता

आज का युग डिजिटल तकनीक का युग है। मोबाइल इंटरनेट और सोशल मीडिया ने जीवन को बहुत तेज और आसान बना दिया है। बच्चे भी इस दुनिया से अछूते नहीं रहे। कम उम्र में ही वे मोबाइल और सोशल मीडिया से जुड़ जाते हैं। लेकिन इसके साथ कई गंभीर समस्याएं भी सामने आ रही हैं। इसी कारण कुछ राज्यों ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। हाल ही में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश सरकारों ने 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। यह निर्णय बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बजट भाषण में कहा कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चे मोबाइल फोन तो रख सकते हैं लेकिन सोशल मीडिया का उपयोग नहीं कर सकेंगे। वहीं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध 90 दिनों के भीतर लागू किया जाएगा। यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि आज बच्चों में सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। कई सर्वे बताते हैं कि 10 से 15 वर्ष के अधिकांश बच्चे किसी न किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। यह स्थिति चिंता का विषय बन गई है क्योंकि इस उम्र में बच्चों का मानसिक विकास हो रहा होता है और वे आसानी से किसी भी चीज से प्रभावित हो सकते हैं।

सोशल मीडिया की दुनिया में बहुत प्रकार की सामग्री उपलब्ध होती है। इनमें अच्छी और उपयोगी जानकारी भी होती है लेकिन इसके साथ अश्लील हिंसक और भ्रामक सामग्री भी बड़ी मात्रा में मौजूद रहती है। बच्चे कई बार अनजाने में ऐसी सामग्री देख लेते हैं जो उनके मन पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। इंटरनेट के एल्गोरिदम भी कई बार एक ही प्रकार की सामग्री बार बार दिखाते हैं जिससे बच्चे उसी प्रभाव में रहते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बच्चे प्रतिदिन कई घंटे सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं तो उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। कई शोधों में यह पाया गया है कि जो बच्चे दिन में तीन घंटे या उससे अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं उनमें अवसाद और तनाव की समस्या अधिक पाई जाती है। देर रात तक मोबाइल चलाने की आदत से नींद पूरी नहीं हो पाती और इसका असर पढ़ाई पर भी पड़ता है। नींद की कमी बच्चों के मस्तिष्क पर भी असर डालती है। इससे उनकी एकाग्रता कमजोर हो जाती है और पढ़ाई में रुचि कम हो जाती है। कई बच्चे देर रात तक मोबाइल चलाने के कारण सुबह थकान महसूस करते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि वे विद्यालय में ठीक से ध्यान नहीं दे पाते। धीरे धीरे यह आदत उनके व्यक्तित्व और भविष्य दोनों को प्रभावित कर सकती है। सोशल मीडिया का एक और खतरा साइबर बुलिंग है। कई बार बच्चे ऑनलाइन मजाक या अपमान का शिकार हो जाते हैं। कुछ बच्चे इस दबाव को सहन नहीं कर पाते और मानसिक तनाव में आ जाते हैं। इसके अलावा निजी जानकारी के दुरुपयोग का खतरा भी बना रहता है। कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बच्चों की जानकारी एकत्र करते हैं जो भविष्य में समस्या का कारण बन सकती है। आज के समय में सोशल मीडिया पर लाइक कमेंट और व्यूज को बहुत महत्व दिया जाता है। बच्चे भी इन चीजों से प्रभावित होते हैं।

यदि उनकी पोस्ट पर अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलती तो वे निराश हो जाते हैं। कई बार वे दूसरों से तुलना करने लगते हैं जिससे आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। इस प्रकार सोशल मीडिया बच्चों के मन में अनावश्यक प्रतिस्पर्धा और दबाव पैदा कर देता है। कम उम्र में सोशल मीडिया का अधिक उपयोग बच्चों को वास्तविक जीवन से भी दूर कर सकता है। पहले बच्चे खेलकूद पढ़ाई और रचनात्मक गतिविधियों में अधिक समय बिताते थे। लेकिन अब कई बच्चे अपना अधिकतर समय मोबाइल स्क्रीन के सामने बिताते हैं। इससे उनके शारीरिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है और वे सामाजिक संबंधों से भी दूर हो सकते हैं। यदि बच्चों को कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूर रखा जाए तो वे अपने जीवन की महत्वपूर्ण गतिविधियों पर अधिक ध्यान दे सकते हैं। वे खेलकूद में भाग ले सकते हैं पुस्तकें पढ़ सकते हैं और परिवार के साथ समय बिता सकते हैं। इससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर तरीके से हो सकता है। हालांकि यह भी सही है कि आज के युग में डिजिटल तकनीक से पूरी तरह दूर रहना संभव नहीं है। भविष्य में बच्चों को इंटरनेट और तकनीक का उपयोग करना ही होगा। इसलिए केवल प्रतिबंध लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि बच्चों को डिजिटल दुनिया के बारे में सही जानकारी देना भी आवश्यक है। माता पिता और शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों को इंटरनेट का सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग सिखाएं। सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम तभी सफल होगा जब समाज भी इसमें सहयोग करेगा। माता पिता को बच्चों के मोबाइल उपयोग पर ध्यान देना चाहिए। उन्हें बच्चों के साथ संवाद बनाए रखना चाहिए ताकि बच्चे किसी भी समस्या को खुलकर बता सकें। विद्यालयों में भी डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए ताकि बच्चे इंटरनेट के लाभ और हानि दोनों को समझ सकें। कुछ अन्य राज्यों में भी इस प्रकार की नीति पर विचार किया जा रहा है। यदि यह पहल सफल होती है तो संभव है कि आने वाले समय में देश के अन्य राज्यों में भी बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर नियंत्रण के नियम बनाए जाएं। इसका उद्देश्य बच्चों को तकनीक से दूर करना नहीं बल्कि उन्हें सुरक्षित और संतुलित जीवन देना है। अंत में कहा जा सकता है कि कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर नियंत्रण लगाना एक सकारात्मक कदम है। यदि इसे सही तरीके से लागू किया जाए और इसके साथ जागरूकता बढ़ाई जाए तो यह बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और भविष्य की रक्षा करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। बच्चों का बचपन सुरक्षित और स्वस्थ रहना ही समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## भविष्य की युद्ध प्रणाली और भारत की रणनीति

भारत की सुरक्षा व्यवस्था आज एक ऐसे दौर से गुजर रही है जहाँ केवल सैनिकों की संख्या या पारंपरिक हथियार पर्याप्त नहीं रह गए हैं। आधुनिक युद्ध अब अत्याधुनिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धि, दूर से संचालित प्रणालियों और तेज़ निर्णय क्षमता पर आधारित हो गया है। ऐसे समय में वायु शक्ति किसी भी देश की रक्षा नीति का सबसे महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है। इसी पृष्ठभूमि में भारत छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान के विकास की दिशा में एक बड़ी रणनीतिक योजना पर विचार कर रहा है। यह पहल न केवल भारत की वायु शक्ति को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकती है बल्कि देश को वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी के अग्रिम पंक्ति में भी खड़ा कर सकती है। हाल की रिपोर्टों के अनुसार भारत यूरोप के एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में भागीदारी पर विचार कर रहा है जिसके अंतर्गत भविष्य की युद्ध प्रणाली विकसित की जा रही है। इस कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2017 में फ्रांस और जर्मनी ने की थी और बाद में स्पेन भी इसमें शामिल हो गया। इसका उद्देश्य आने वाले दशकों के लिए एक ऐसी युद्ध प्रणाली तैयार करना है जिसमें अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, मानवरहित यान और आपस में जुड़े हुए युद्ध नेटवर्क शामिल हों। भारत द्वारा इस कार्यक्रम में रुचि दिखाना कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत पहले भी कई देशों के साथ मिलकर आधुनिक सैन्य तकनीक विकसित करने का प्रयास कर चुका है। रूस के साथ संयुक्त रूप से पाँचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान पर काम करने की योजना भी बनी थी, परन्तु वह योजना आगे नहीं बढ़ सकी। उसके बाद भारत ने अपनी स्वदेशी परियोजना पर अधिक ध्यान देना शुरू किया। वर्तमान में भारत स्वयं एक आधुनिक गुप्त लड़ाकू विमान विकसित कर रहा है, जिसका उद्देश्य वायु सेना को आने वाले समय के युद्ध के लिए तैयार करना है। इस परियोजना के अंतर्गत कई उन्नत तकनीकों को शामिल किया जा रहा है ताकि यह विमान भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप हो सके। विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें कृत्रिम बुद्धि आधारित प्रणालियाँ, उन्नत सेंसर और अत्यधिक गुप्तता प्रदान करने वाली संरचना शामिल की जाएगी जिससे यह विमान दुश्मन के राडार से बच सकेगा। हालाँकि केवल पाँचवीं पीढ़ी की तकनीक भविष्य की चुनौतियों का पूरी तरह सामना करने के लिए पर्याप्त नहीं मानी जा रही है। विश्व की बड़ी शक्तियाँ पहले ही छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों पर काम शुरू कर चुकी हैं। अमेरिका, चीन और यूरोप इस दिशा में गहन अनुसंधान कर रहे हैं। इन विमानों की विशेषता यह होगी कि वे केवल एक विमान नहीं होंगे बल्कि पूरी युद्ध प्रणाली का हिस्सा होंगे। इनमें मानवरहित यानों के साथ समन्वय, अत्यधिक विकसित संचार प्रणाली, वास्तविक समय में सूचना का आदान-प्रदान और अत्यंत उन्नत हथियार प्रणाली शामिल होगी। ऐसे विमान युद्ध के मैदान में अकेले नहीं लड़ेंगे बल्कि कई स्वचालित यानों के साथ मिलकर एक संगठित शक्ति के रूप में काम करेंगे। भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह इस तकनीकी दौड़ में पीछे न रह जाए। भारतीय वायु सेना के कई पुराने विमान आने वाले वर्षों में सेवा से बाहर होने वाले हैं और नई तकनीक से लैस विमानों की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। इसी कारण सरकार ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की नीति अपनाई है। पिछले कुछ वर्षों में देश में रक्षा उत्पादन और निर्यात दोनों में वृद्धि देखी गई है। सरकार का लक्ष्य है कि भारत केवल हथियारों का खरीदार न रहे बल्कि उन्हें विकसित और निर्यात करने वाला देश बने। इसी सोच के अंतर्गत स्वदेशी लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और अन्य सैन्य प्रणालियों के निर्माण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यूरोप के साथ संभावित सहयोग इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। यदि भारत इस कार्यक्रम में शामिल होता है तो उसे उन्नत तकनीकों तक पहुँच मिल सकती है। साथ ही भारतीय उद्योग और अनुसंधान संस्थानों को भी वैश्विक स्तर के परियोजनाओं में काम करने का अवसर मिलेगा। इससे देश के वैज्ञानिकों और अभियंताओं को अत्याधुनिक तकनीक विकसित करने का अनुभव प्राप्त होगा। यह सहयोग केवल एक विमान बनाने तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि इसके माध्यम से इंजन, सेंसर, संचार प्रणाली और युद्ध नियंत्रण जैसी कई महत्वपूर्ण तकनीकों में भी प्रगति संभव होगी। इसके अतिरिक्त यह सहयोग भारत और यूरोप के बीच सामरिक संबंधों को भी मजबूत कर सकता है। भारत और फ्रांस के बीच पहले से ही रक्षा क्षेत्र में गहरा सहयोग रहा है। दोनों देशों ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में साथ काम किया है और भविष्य में भी इस सहयोग को और बढ़ाने की संभावना जताई जाती रही है। यदि भारत इस नए कार्यक्रम में शामिल होता है तो यह संबंध और भी व्यापक हो सकता है। इससे भारत को रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दीर्घकालिक लाभ मिल सकता है और देश की सामरिक स्थिति भी मजबूत होगी। हालाँकि इस योजना के सामने कुछ चुनौतियाँ भी हैं। इतने बड़े कार्यक्रम में शामिल होना आर्थिक और तकनीकी दोनों दृष्टियों से कठिन कार्य होता है। छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान का विकास अत्यंत महंगा और जटिल होता है। इसके लिए वर्षों तक अनुसंधान, परीक्षण और विकास की आवश्यकता होती है। इसके अलावा विभिन्न देशों के बीच तकनीक के आदान-प्रदान, काम के बँटवारे और वित्तीय जिम्मेदारियों को लेकर भी कई बार मतभेद पैदा हो सकते हैं। यूरोप के इस कार्यक्रम में भी पहले से कुछ मतभेद सामने आ चुके हैं। इसलिए भारत को इसमें शामिल होने से पहले सभी पहलुओं का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करना होगा।

इसके बावजूद कई विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत के लिए यह अवसर महत्वपूर्ण हो सकता है। यदि भारत इस परियोजना में भागीदारी करता है तो उसे भविष्य की सैन्य तकनीकों के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का मौका मिल सकता है। इससे देश के वैज्ञानिक और औद्योगिक आधार को भी मजबूती मिलेगी। साथ ही भारत को अपने स्वदेशी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में भी सहायता मिल सकती है। भारतीय रक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य अब केवल वर्तमान सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करना नहीं बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहना है। आधुनिक युद्ध में तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। कृत्रिम बुद्धि, स्वचालित प्रणालियाँ और उन्नत संचार नेटवर्क आने वाले समय के युद्ध की दिशा तय करेंगे। इसलिए भारत का यह प्रयास केवल एक नए लड़ाकू विमान के निर्माण तक सीमित नहीं है बल्कि यह देश की दीर्घकालिक रणनीतिक सोच का हिस्सा है। यदि यह योजना सफल होती है तो आने वाले दशकों में भारतीय वायु सेना को ऐसी शक्ति मिल सकती है जो उसे विश्व की अग्रणी वायु सेनाओं की श्रेणी में और मजबूती से स्थापित करेगी। इससे भारत की सुरक्षा क्षमता बढ़ेगी और देश की तकनीकी प्रतिष्ठा भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी। यह पहल भारत को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने के साथ-साथ उसे वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी के केंद्र में भी ला सकती है। इस प्रकार छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान के विकास की दिशा में उठाया गया यह संभावित कदम केवल एक सैन्य परियोजना नहीं बल्कि भारत की व्यापक रणनीतिक दृष्टि का प्रतीक है। यह उस भविष्य की ओर संकेत करता है जहाँ भारत न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा बल्कि नई तकनीकों के निर्माण और विकास में भी अग्रणी भूमिका निभाएगा। आने वाले वर्षों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि यह योजना किस रूप में आगे बढ़ती है और भारत इस वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा में किस प्रकार अपनी जगह बनाता है।

**महेन्द्र तिवारी**

# इस नफरत भरी बर्बरता का इलाज करना होगा

यह कौन सी असहिष्णुता अराजकता और वहशियत भरी सोच का नतीजा है जो रंग की दो छींट पड़ जाने पर उस होनहार दलित नवयुवक के खून से होली खेलते हैं जिसका कोई कुसूर भी नही था जिसने कोई रंग भी नही डाला था जो दिन में घटित छोटी सी नोंकझोंक से अनजान था और होली की शाम अपने घर लौट रहा था लेकिन नफरती पडोसियों ने उस का निरीह कत्ल कर दिया इल्ज़ाम यह है कि उसकी नाबालिग बहन ने पडोसी मुस्लिम महिला पर रंग भरा गुब्बारा फेंक दिया था । आपको बता दें कि जब 4 मार्च पूरा देश होली के रंगों में डूबा हुआ था, वहीं भारत की राजधानी दिल्ली खूनी होली में डूबी हुई थी। दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में होली के मौके पर हुए एक छोटे से झगड़े ने हिंसक रूप ले लिया। जानकारी के मुताबिक, होली के दौरान 10 साल के बच्चे के गुब्बारा फेंकने को लेकर दो समुदाय में बहस हो गई। देखते ही देखते यह झगड़ा हिंसा तक पहुंच गया और मुस्लिम समुदाय के आक्रामक लोगों ने एक दलित हिंदू घर को निशाना बनाया और उनके बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी। आपको बता दें कि उत्तम नगर में बुधवार की रात होली खेल रही 11 साल की बच्ची को नहीं मालूम था कि वह अपने परिवार के सदस्य पर जो पानी का गुब्बारा फेंक रही है, उसके छींटे किसी को इतने नागवार गुजरेंगे कि वह इलाके में सांप्रदायिक तनाव का कारण बन जाएंगे। उसे नहीं पता था कि वह गुब्बारा उसके परिवार के लिए तेजाब की तरह साबित होगा, जिसकी चपेट में उसका पूरा परिवार आ जाएगा। उसे यह भी नहीं मालूम था कि उस गुब्बारे से निकले पानी की वजह से परिवार ना केवल एक अनचाहे विवाद में पड़ जाएगा, बल्कि उसके परिवार के 26 साल के युवक तरुण की जान भी चली जाएगी। हम बात कर रहे हैं, शहर के उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में होली की रात हुए एक ऐसे विवाद की, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।विवाद की शुरुआत एक महिला पर रंग वाले पानी के छींटे लगने से हुई। उस लड़की ने अपने घर के नीचे खड़े अपने रिश्तेदारों पर एक पानी का गुब्बारा फेंका था, जो सड़क पर जा गिरा और फट गया, जिसके बाद रंगीन पानी के कुछ छींटे पड़ोस में रहने वाले दूसरे समुदाय की एक महिला को जा लगे। जिसके बाद हुए विवाद में हिंदू परिवार के युवक की जान चली गई। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया, साथ ही एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया। जबकि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। साथ ही व्याप्त तनाव को देखते हुए पुलिस कोई कोताही नहीं बरत रही है और अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात करते हुए इलाके में कड़ी सुरक्षा की गई है।दरअसल गुब्बारे में भरे पानी के छींटे लगने के बाद पड़ोस में रहने वाली वह महिला ना केवल भड़क गई, बल्कि उसने गंदी-गंदी गालियां देकर विवाद करना शुरू कर दिया। इसी दौरान उसने अपने परिजनों व अपने समुदाय के अन्य लोगों को बुला लिया और होली खेल रहे परिवार पर हमला किया। इस दौरान आरोपियों ने वहां मारपीट करते हुए जमकर तोड़फोड़ भी की। पीड़ित परिवार ने जैसे-तैसे अपने आप को घर के अंदर बंद करते हुए उनसे बचाया। इस झगड़े के दौरान परिवार का सदस्य तरुण अपने दोस्त के घर गया हुआ था और वो इस झगड़े से बेखबर था।

होली खेलने निकला तरुण रात करीब 10.30 बजे अपने दोस्त के घर से वापस लौट रहा था, इसी दौरान रास्ते में करीब 8 से 10 आरोपियों ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने लाठी, पत्थर और लोहे की रॉड से तरुण को बेरहमी से पीटा। जब वह बेसुध हो गया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों को झगड़े का पता चला तो वह मौके पर पहुंचे और उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वारदात की सूचना मिलते ही उत्तम नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

**तरुण की मौत की खबर आते ही फैल गया इलाके में तनाव**

तरुण की मौत की खबर जैसे ही पता चली तो उसके दोस्त, परिचित और इलाके में रहने वाले अन्य लोग बुरी तरह भड़क गए और उन्होंने आरोपियों के घर के बाहर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसी दौरान शुक्रवार को भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच कुछ लोगों ने एक कार और एक मोटरसाइकिल को आग लगा दी। जिसके बाद दमकल की गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया, जिन्होंने आग पर तुरंत काबू पा लिया। इसी बीच कुछ प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर आरोपी परिवार के घर पर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने हस्तक्षेप करते हुए स्थिति और बिगड़ने से पहले भीड़ को तितर-बितर कर दिया। उधर बेटे तरुण की मौत के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। परिवार की एक महिला ने न्याय की मांग करते हुए कहा कि घटना के सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। वहीं परिवार के कुछ सदस्यों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर सड़कों को जाम करने की चेतावनी भी दे दी। मामला तब और गंभीर होने लगा जब मामले में हिंदूवादी संगठन के सदस्यों की भी एंट्री हो गई। एक हिंदू राजनीतिक संगठन के सदस्य भी थाने पहुंचे और विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए, नारे लगाए और घटना में शामिल सभी लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।हालांकि शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि इस वारदात के संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है, जबकि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं। अधिकारी ने कहा कि इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियात के तौर पर अतिरिक्त बल तैनात किए गए।

हाल ही में ऐसे कई वारदातों की झड़ी लगी है जिसमें हिन्दू युवकों किशोरों व्यापारियों को मजहबी नफरती हत्यारों ने कत्ल कर अपनी बर्बरता का हवाला दिया है। अभी बीस दिन पहले ईस्ट दिल्ली के मयूर विहार के आगे त्रिलोकपुरी में 42 साल के वीरसिंह की बेरहमी से हत्या कर दी गई जानकारी के मुताबिक, यासीन और यामीन नाम के शख्स ने वीर सिंह की ही दुकान में चाकू मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। गोकुलपुरी में हिमांशु सीलमपुर में नाबालिग कुणाल हरिनगर में हरीश का भी इसी तरह मुसलिम हत्यारों ने कत्ल किया है। एक के बाद एक दिल्ली में घटित हो रही ये वारदात सामान्य अपराध नहीं है इन सब के पीछे कुछ नफरती लोगों द्वारा मजहब के नाम पर वहाटसएप और मजहबी तकरीरें के जरिए पैदा किया जा रहा नफरती जहर काम कर रहा है। हाल की वारदात का दक्षिणी दिल्ली का यह इलाका पाकिस्तान या बांग्लादेश का नही है लेकिन दो अलग अलग धर्म मजहब के परिवार के बीच इस तरह का खूनी संघर्ष समाज में बढ़ती असहिष्णुता और वहशियत भरी बर्बरता को उजागर करता है आखिर ये कौन सी मानसिकता है जो लोगों के बीच नफरत बो रही है? क्या पानी या रंग की दो बूंद पड़ जाने से किसी का मजहब अपमानित हो सकता है? क्या ऐसे किसी मामले में पुलिस से शिकायत नही की जा सकती थी? क्या जाने अनजाने में ऐसा कोई बर्ताव किसी का कत्ल करने की सोच पैदा कर सकता है? क्या यह एक दर गुजर करने लायक बात नही थी? क्या ऐसे खून खराबा करने वाले लोगों में कानून का तनिक भी खौफ है?नयी दिल्ली की कानून व्यवस्था केंद्र सरकार के नियंत्रण में है सरकार गृहमंत्रालय को इन तमाम वारदातों का उच्च स्तरीय न्यायिक जांच समिति से विश्लेषण समीक्षा जांच करानी चाहिए ताकि नफरत का जहर बो रहे असामाजिक असहिष्णु कट्टरपंथी तत्वों को पहचान कर समुचित कार्यवाही की जाए और समाज को नफरती हिंसा से बचाया जा सके।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गोला तहसील सभागार में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस,आए कुल 69 मामले में पांच का हुआ निस्तारण



**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी गोला अमित कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सी ओ गोला दरवेश कुमार तहसीलदार सत्येंद्र कुमार मौर्य नायब तहसीलदार बीसी चौहान ने आए हुए फरियादियों की पीड़ा को विधिवत सुना और निस्तारण करने का भरपूर प्रयास किया। इस समाधान दिवस पर अधिकांश मामले राजस्व से संबंधित रहे।पुलिस, विकास पेंशन नलकूप बिजली विभाग से भी संबंधित मामले आए । इस समाधान दिवस पर कुल 69 मामले आए ।जिसमें मात्र पांच मामलो का निस्तारण हुआ।शेष मामलों को प्रकरण से संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए सुपुर्द कर दिया गया। इस अवसर पर रमेश कुशवाहा सुनील कुमार सोनी संजय कुमार सुनील कुमार यादव अमित कुमार राय कृष्ण कुमार यादव उदयशंकर राय लल्लन प्रसाद राजस्व निरीक्षक लालजी शर्मा राम मूर्ति वर्मा रमेश पांडे चंद्रमणि चौरसिया राजेश सिंह अरविंद कुमार गिरजेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### तीरंदाज संजीव सिंह का सम्मान समारोह

**रामलक्षन देवरिया।** बरिष्ठ नागरिक स्वाभिमान समिति के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन डी के एकेडमी के प्रांगण में रविवार को किया गया है।समारोह में अर्जुन व दोर्णाचार्य एवार्ड विजेता का खेल व शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न समाजिक शैक्षणिक व कृषि बिषयों पर परिचर्चा की जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि बिधान परिषद सदस्य डा रतन पाल सिंह व बिशिष्ट अतिथि पत्रकार एवं जर्नलिस्ट एसोसिएशन गोरखपुर के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह एडवोकेट होंगे। इस आशय की जानकारी समिति के अध्यक्ष जय नारायण सिंह व महामंत्री सुबाष प्रजापति ने एक संयुक्त विज्ञप्ति में दी है।

### सरकारी इंटरलॉकिंग मार्ग पर कब्जे का आरोप

**रुद्रपुर, देवरिया।** शनिवार को तहसील समाधान दिवस में ग्राम सभा रामचक के सार्वजनिक इंटरलॉकिंग मार्ग पर अतिक्रमण का मामला जिलाधिकारी की मौजूदगी में एक बार फिर जोरदार तरीके से उठा। प्रार्थी राणाप्रताप सिंह ने तीसरी बार शिकायत दर्ज कराते हुए हल्का लेखपाल पर फर्जी आख्या लगाकर मामले को दबाने का आरोप लगाया।

### विकसित भारत युवा संसद का एमएलके कॉलेज में आयोजन

**बलरामपुर में सदर विधायक पलटू राम ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया ।**

बलरामपुर सदर के विधायक पलटू राम ने शनिवार को एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित 'विकसित भारत युवा संसद 2026' में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।विधायक पलटू राम ने अपने संबोधन में कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने 'युवा संसद' जैसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करने का सशक्त माध्यम बताया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने युवा संसद के मंच से विभिन्न राष्ट्रीय और सामाजिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया की एक झलक भी दिखाई, जिसकी विधायक ने सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर एन.एस.एस. यूथ ऑफिसर प्रशांत मेरवाड़े, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार और डॉ. रमेश शुक्ला उपस्थित रहे। नेहरू युवा केंद्र के प्रशिक्षक जिलेदार पाण्डेय, एन.सी.सी. ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान, प्राचार्य प्रतिनिधि (बीएड विभाग) एस.पी. मिश्रा, डॉ. प्रखर त्रिपाठी और डॉ. अजहरुद्दीन सहित शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# खजनी में गैस आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ता परेशान, खाली सिलेंडर लेकर लौटे कई लोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी** - गोरखपुर जिले के खजनी क्षेत्र में शनिवार को घरेलू गैस की आपूर्ति नहीं होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खजनी क्षेत्र के पल्हईपार स्थित भारत गैस एजेंसी पर गैस लेने पहुंचे कई उपभोक्ताओं को खाली सिलेंडर लेकर वापस लौटना पड़ा। अचानक वितरण बंद होने की वजह से क्षेत्र में अफवाहों का माहौल भी बन गया, जिससे लोग गैस की उपलब्धता को लेकर चिंतित नजर आए। स्थानीय निवासी हौसिला पांडेय (निवासी पांडेयपार, छताई) ने बताया कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने की खबर के बाद क्षेत्र में अफवाह फैल गई है कि आगे और दाम बढ़ सकते हैं या गैस की किल्लत हो सकती है। इसी कारण लोग पहले से ही सिलेंडर भरवाकर घर में स्टॉक रखना चाह रहे हैं। इसके चलते गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ गई है और गैस लेने की होड़ मच गई है।



वहीं विश्वनाथपुर निवासी राम दरस ने बताया कि वह सुबह गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी पहुंचे थे, लेकिन वहां वितरण नहीं होने के कारण उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। उन्होंने कहा कि गैस के दाम पहले ही बढ़ चुके हैं, ऐसे में अगर समय पर सिलेंडर नहीं मिला तो रसोई चलाना मुश्किल हो जाएगा। अब उन्हें किसी तरह अस्थायी व्यवस्था कर घर का काम चलाना पड़ेगा। हालांकि पल्हईपार स्थित भारत गैस एजेंसी के प्रबंधक टप्पू राय ने गैस की कमी की बात से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि एजेंसी पर गैस की कोई किल्लत नहीं है और पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण शनिवार को वितरण नहीं किया गया, लेकिन नियमित रूप से उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जा रही है। एजेंसी प्रबंधन के अनुसार सोमवार से फिर से सामान्य रूप से गैस वितरण किया जाएगा। बावजूद इसके, अचानक वितरण रुकने और कीमतों में बढ़ोतरी की खबरों से उपभोक्ताओं में चिंता और असमंजस का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोग प्रशासन से भी अपील कर रहे हैं कि गैस वितरण व्यवस्था को सुचारु रखा जाए ताकि आम लोगों को परेशानी न उठानी पड़े।

### कार्यकर्ताओं के बल पर होगा सत्ता परिवर्तनः डॉ. मोहसिन खां

**देवरिया।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ. मोहसिन खां ने कहा कि उत्साहित और सक्रिय कार्यकर्ताओं के बल पर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन संभव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक विधानसभा में 25 हजार नए मतदाता जोड़ने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जुटने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने और बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने के लिए अभियान चला रहे हैं। उन्होंने प्रभारियों से फार्म-6 भरवाने और युवा मतदाताओं को जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में रमाशंकर राजभर, कनकलता सिंह व अन्य नेताओं ने भी विचार रखे। इस दौरान पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा की घर वापसी पर स्वागत किया गया तथा कांशीराम की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अवैध देशी शराब के साथ दो लोगों को गोला पुलिस किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर**- गोला पुलिस ने अवैध देशी शराब की बिक्री की सूचना पर कार्यवाही करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 31 पाउच देशी शराब बरामद किया है। प्राप्त विवरण के अनुसार पुलिस टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था ड्यूटी के दौरान गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गोपालपुर पुलिया के आगे सड़क किनारे दो व्यक्ति अवैध देशी शराब बेच रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो दो व्यक्ति प्लास्टिक की बोरी में कुछ रखते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देखकर वे सामान छिपाने का प्रयास करने लगे। पूछताछ में एक ने अपना नाम बलवीर चौधरी(35) पुत्र बंगेश चौधरी निवासी ग्राम रकौली तथा दूसरे ने अपना नाम बुद्धिराम(28) पुत्र छेदीलाल, निवासी गोपालपुर वार्ड नंबर 16 बताया। तलाशी के दौरान एक के पास से 15 पाउच तथा दूसरे के पास से 16 पाउच देशी शराब बरामद हुई। सभी पाउच सीलबंद पाए गए। बरामद माल को नियमानुसार सील कर कब्जे में लिया गया। थाना प्रभारी राकेश रोशन सिंह ने बताया कि तहरीर व बरामदगी के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।




## जिलाधिकारी के अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजित

**●मनरेगा एवं अन्य विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ कार्यस्थलों पर अनिवार्य रूप से सूचना पट्ट लगाने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़हरा स्थित पंचायत भवन में शनिवार को जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान शासन की प्राथमिकताओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। चौपाल को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम चौपाल का उद्देश्य प्रशासन का गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को जानना और यथासंभव मौके पर उनका निस्तारण करना है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन को अनावश्यक रूप से इधर-उधर भटकना न पड़े। शासन की इसी मंशा के अनुरूप ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लंबित योजनाओं को अभियान चलाकर पूर्ण कराया जाए। मनरेगा एवं अन्य विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु कार्यस्थलों पर सूचना पट्ट अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि योजनाओं का वास्तविक लाभ सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीणों का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनी रहे और वास्तविक लाभार्थी लाभान्वित हो सकें। वहीं चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल का आयोजन कर योजनाओं का आवेदन कराया गया।






जिलाधिकारी ने पंचायत सहायक, सफाईकर्मी, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि कर्मियों के कार्यों की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि सभी कर्मचारी गांव में आते हैं और उपस्थित लोगों ने उनके कार्य को लेकर संतोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एक लाख आठ हजार रुपए का अनुदान प्रदान किया जाता है। इससे न केवल विद्युत बिल में कमी आती है, बल्कि अतिरिक्त विद्युत ऊर्जा को ग्रिड में बेचकर अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा सकती है। ग्राम चौपाल में खंड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत की जनसंख्या 2614 और परिवारों की कुल संख्या 508 है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में 569 को आयुष्मान कार्ड, 644 को किसान सम्मान निधि, 450 पात्र गृहस्थी कार्ड, 33 को अंत्योदय कार्ड, 94 को वृद्धावस्था पेंशन, 21 को निराश्रित महिला पेंशन और 10 को दिव्यांग पेंशन का लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि गांव में 336 किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री और 56 परिवारों की फैमिली आईडी भी बन चुकी है। जिलाधिकारी ने फॉर्मर रजिस्ट्री और फैमिली आईडी के कार्य को और तेज करने का निर्देश दिया।चौपाल के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान 77 को चिकित्सीय परामर्श और दवा का वितरण किया गया, जबकि 26 से अधिक लाभार्थियों का स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम का संचालन परियोजना निदेशक रामदरश चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीएफओ निरंजन सुर्वे, सीएमओ डॉ. एन.एन. प्रसाद, एसडीएम नौतनवा श्री नवीन प्रसाद, एडीओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद, एपीओ शशिकांत,प्रधान प्रतिनिधि विजय मद्धेशिया, ग्राम पंचायत सचिव तेजेन्द्र सिंह, एडीओ आई एस बी बिस्मिल्लाह, एजी मुनीर आलम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, सहित अन्य जिला व ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मनरेगा संघ पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डा-** शनिवार को बभनजोत ब्लॉक के मनरेगा संघ कर्मचारीरियों एवं पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया तथा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, तथा उपायुक्त श्रम व रोजगार अधिकारियों को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी के प्रतिनिधि अनिल कुमार चौधरी तथा एडियो आईएसबी इंदल प्रसाद को सौंपा है द्य मनरेगा संघ कर्मचारी एवं पदाधिकारियो ने दिए गए ज्ञापन में कहा है कि लंबे समय से मानदेय भुगतान न मिलने तथा विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्य के नाम पर किए जा रहे शोषण एवं उत्पीड़न से बेहद आहत है द्य उन्होंने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सभी तथ्यों तथा मानदेय व ईपीएफ भुगतान न किए जाने की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने, जनपद हरदोई के समस्त मनरेगा कर्मियों का विगत लंबित मानदेय तथा ईपीएफ भुगतान के निस्तारण हेतु अति शीघ्र करवाई करने, विगत दीपावली में वेतन नहीं मिल पाया तथा वर्तमान होली में भी वेतन नहीं मिल पाया है जिस कारण मनरेगा कर्मियों की पारिवारिक जिम्मेदारी वृहद स्तर पर प्रभावित हो गई है, गंभीर आर्थिक संकट के कारण कार्मिक विभागीय दायित्व तथा पारिवारिक जिम्मेदारियां में संतुलन नहीं बना पा रहे हैं, जिसके कारण से रोजगार सेवकों तकनीकी सहायकों द्वारा आत्महत्या किए जाने जैसी गतिविधियां हो रही हैं यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है तथा संविधान के अनुच्छेद 21 में वर्णित जीवन के अधिकार के पूर्णता विपरीत है मनरेगा कर्मचारी संघ ने आगामी 9, 10 और 16 मार्च को उपमुख्यमंत्री, लोकसभा, राज्यसभा सदस्य, मंत्री तथा जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से वस्तु स्थिति से अवगत कराने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर ब्लॉक संघ मनरेगा कर्मियों सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।




### मानसिक विकलांग को बहला फुसला कर भूमि का करा लिया बैनामा



**सहजनवां गोरखपुर** - सहजनवां थाना क्षेत्र के चड़राव निवासी गिरिजा पाण्डेय पुत्री स्व रामप्रीत पाण्डेय ने संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायत कर आरोप लगाया है कि पीड़िता दो बहन और एक भाई है। बड़ी बहन विजया पाण्डेय विकलांग है।जबकि भाई अजय कुमार पाण्डेय मानसिक विकलांग है। पीड़िता के माता और पिता को आकस्मिक मौत हो चुकी है। पिता के मौत के बाद गांव का एक भूमाफिया जो हिस्ट्रीशीटर है। विकलांग भाई को बहला फुसला कर घर ले गया। पीड़िता के मुजौली स्थित खाता 66 तथा माडर स्थित 779, सिंग़हा स्थित खाता संख्या 324 का दान पात्र और रजिस्टर्ड बैनामा करा लिया। जानकारी होने के बाद पीड़िता काफी परेशान है। जिसकी शिकायत रजिस्टार,एसडीएम, तहसीलदार से किया लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिल सका। न्याय के लिए पीड़िता दर दर भटक रही है। इस संदर्भ में एसडीएम सहजनवां केशरी नंदन तिवारी ने कहा कि शिकायत की जांच कराकर पीड़िता को न्याय दिलाया जायेगा।

# पडरौना में 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह आज, तैयारियां पूरी

**●पूर्वांचल मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में बुढ़िया माई मैरेज लॉन में होगा आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद के पडरौना नगर स्थित अम्बे चौक पडरौना- जटहाँ मार्ग पर बुढ़िया माई मैरेज लॉन में 8 मार्च 2026, रविवार को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूर्वांचल मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में इस कार्यक्रम में 11 सौभाग्यशाली कन्याओं का विवाह बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न कराया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष दीप नारायण अग्रवाल और प्रबंधक पप्पू पाण्डेय ने संयुक्त रूप से बताया कि यह आयोजन संस्थान द्वारा लगातार छठवें वर्ष कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन बिना किसी सरकारी अनुदान या सहयोग के किया जाता है। इसमें समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र परिवारों का चयन किया जाता है और पूरी पारदर्शिता के साथ उनके घर-घर जाकर सत्यापन किया जाता है। चयनित परिवारों को वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सपरिवार निमंत्रण भी दिया जाता है।



उन्होंने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे से शुरू होकर शाम 6:00 बजे तक चलेगा। विवाह सम्पन्न होने के बाद कन्याओं की विदाई के साथ उन्हें गृहस्थी का आवश्यक सामान और उपहार भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षक शिवजी जायसवाल, सदस्य एवं पूर्व ग्राम प्रधान शैलेन्द्र प्रताप सिंह, मनोज कुमार गौंड, ग्राम प्रधान रामविजय यादव, रोशन चौधरी, महेंद्र यादव, राममिलन पाण्डेय, अजय कुशवाहा, ओम तिवारी, जावेद आलम, अशोक कुमार, अमन पाण्डेय, आकाश पाण्डेय, रामऔतार, राजेश भारती, मिंटू कुशवाहा, काशी मद्देशिया, सचिन मद्देशिया, बिनोद यादव, रवि जायसवाल, अप्पू यादव, हातिम अली, कैलाश प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## एनएसएस के तृतीय दिवस पर कानून विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार बेलघाट गोरखपुर** - पंडित हरि सहाय पी.जी. कॉलेज जैंती, बेलघाट में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर स्वयंसेवकों के लिए कानून एवं नागरिक अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों तथा समाज में कानून के महत्व के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे एक जिम्मेदार और सजग नागरिक बन सकें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एडवोकेट एवं संस्थापक अध्यक्ष पं. हनुमान प्रसाद दूबे ने स्वयंसेवकों को भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून समाज में शांति, सुरक्षा और न्याय की स्थापना का सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि समाज के सभी लोग कानून का ईमानदारी से पालन करें, तो अनेक सामाजिक समस्याओं का स्वतः समाधान हो सकता है। उन्होंने अपने संबोधन में साइबर अपराध, महिला सुरक्षा कानून, बाल अधिकार तथा उपभोक्ता अधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही स्वयंसेवकों को जागरूक रहने और समाज में लोगों को भी कानून के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार के अन्याय या अपराध की स्थिति में कानूनी सहायता कैसे प्राप्त की जा सकती है तथा पुलिस और न्यायालय की क्या भूमिका होती है।



कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह और डॉ. कौशल कुमार पाठक ने स्वयंसेवकों से समाज में कानून के प्रति जागरूकता फैलाने और सामाजिक जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सर्वेश दूबे ने की। इस अवसर पर डॉ. हरिश्चंद्र सिंह, डॉ. इकबाल अहमद, डॉ. सचीन्द्र कुमार, डॉ. मृत्युंजय त्रिपाठी, डॉ. कमला कान्त मिश्र, दिनेश शुक्ल सहित अनेक शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

## डीएम दिव्या मित्तल ने सुनीं जनसमस्याएं, 55 में से 16 मामलों का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में शनिवार को रुद्रपुर तहसील परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग के 23, पुलिस विभाग के 08, विकास विभाग के 06 तथा अन्य विभागों के 14 मामले शामिल रहे। इसके अतिरिक्त 01 राशन कार्ड, 01 खतौनी दुरुस्तीकरण तथा 02 दिव्यांग प्रमाण पत्र से संबंधित प्रकरण भी प्राप्त हुए। समाधान दिवस के दौरान कुल 16 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इस क्रम में 01 पात्र लाभार्थी को राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया, 01 लाभार्थी की खतौनी का दुरुस्तीकरण कराया गया तथा 02 लाभार्थियों को दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने शेष प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर एसडीएम हरिशंकर लाल सीओ हरिराम तहसीलदार चन्द्रशेखर आदि लोग मौजूद रहे।



### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यपाल आवास में विचार रखेंगी डीएम दिव्या मित्तल

**देवरिया।** इंटरनेशनल विमेंस डे के अवसर पर जन भवन राज्यपाल आवास में आयोजित विशेष कार्यक्रम में देवरिया जिलाधिकारी दिव्या मित्तल अपने विचार प्रस्तुत करेंगी। यह कार्यक्रम आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए उत्तर प्रदेश से दो आईएएस और आईपीएस के दो-दो अधिकारियों का चयन किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न विश्वविद्यालयों की कुलपति, एमएसएमई से जुड़ी महिला उद्यमी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं की भी विशेष भागीदारी रहेगी। चयनित चार अधिकारियों में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान वह अपने प्रशासनिक अनुभव, नेतृत्व यात्रा और महिला सशक्तिकरण से जुड़े विचार साझा करेंगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक सेवा में महिलाओं के योगदान को सम्मानित करना और उनके अनुभवों के माध्यम से समाज की अन्य महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

### महिला दिवस पर फूलों की होली व सम्मान समारोह आज

**देवरिया।** इंटरनेशनल विमेंस डे के अवसर पर भीखमपुर रोड स्थित बड़हरा चौराहे पर रविवार को फूलों की होली और महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की आयोजक व भाजपा की वरिष्ठ नेत्री रजनी पाण्डेय ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को मंच पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं सरकारी सेवा, सामाजिक कार्य या अपने निजी संसाधनों से समाज में सकारात्मक योगदान दे रही हैं, उन्हें सम्मानित कर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का उदाहरण बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान फूलों की होली का भी आयोजन होगा। वहीं भोजपुरी के प्रसिद्ध गायक राकेश तिवारी अपने भजन और गीतों से सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, शशांक मणि त्रिपाठी, डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी, डॉ. सत्य प्रकाशमणि त्रिपाठी, सुरेंद्र चौरसिया, दीपक मिश्रा 'शाका', जयप्रकाश निषाद, विवेकानंद पांडेय तथा सुरेंद्र कुशवाहा सहित जिले के कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल होंगे।

## शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन जरूरी : विधायक अजय सिंह






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**परसपुर।** शिक्षा का मतलब सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास, संस्कार और नैतिक मूल्य है। ये बाते शनिवार को परसपुर शिक्षाक्षेत्र के शिवगढ़ में स्थित स्छछ्स विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि करनैलगंज विधायक अजय सिंह ने कही। विधायक ने शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और कड़ी मेहनत को उज्ज्वल भविष्य की कुंजी बताया, तथा विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रतिभा निखारने के लिए शिक्षकों व अभिभावकों की सराहना की। विधायक ने विद्यालय में स्मार्ट क्लास का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि आज कल डिजिटल शिक्षा बहुत जरूरी है। विधायक ने बच्चो द्वारा बनाये गये प्रोजेक्ट का भी अवलोकन किया। वही बच्चो के सांस्कृतिक प्रस्तुतियो ने मनमोह लिया। वही कवियों ने अपनी काव्य पाठों से श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया। विद्यालय के प्रबंधक बृजेश सिंह ने बताया कि उनके पिता जगजीवन सिंह कलहंस वंशावली नाम पुस्तक लिख रहे थे जो उनकी मृत्यु के बाद अधूरी रह गयी थी जिसे हीरा सिंह मधुर व अवधेश सिंह द्वारा पूर्ण किया गया जिसका विमोचन विधायक अजय सिंह ने उक्त कार्यकम में किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चो को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक नेता अशोक कुमार पांडेय, ओमप्रकाश पांडेय, संतोष सिंह, हरिओम ओझा, उपेंद्र सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक रस्तोगी, उपप्रधानाचार्य अभिषेक श्रीवास्तव, सिद्धेश, जयप्रकाश सिंह, प्रिया, दीप्ति, मुस्कान, प्रीति प्रिंसी, रंजना, सुधा, पूजा, मीनू आदि रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तहसील दिवस




**बरेली/नवाबगंज** एसडीम उदित सिंह पवार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया इसका आयोजन में 45 शिकायत में पंजीकृत की गई इनमें से सबसे अधिक शिकायतें चकमार्गो पर कब्जे ग्राम समाज पर कब्जे को लेकर थी अन्य विभागों की शिकायतें भी छुटपुट रही।

एसडीएम ने सभी शिकायतों को संबंधित को निपटने का निर्देश देते हुए कार्यवाही की गई यहां पर 45 शिकायतें पंजीकृत की गई इनमें से मौके पर मात्र एक शिकायत का निस्तारण कर दिया गया शेष 44 शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित कर दिया गया 1:30 बजे एसडीम तहसील दिवस से उठकर चले गए तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह पूरे समय तक बैठे रहे और उन्होंने फरियादियों को सुना। भी यहां पर उपस्थित एसडीम उदित सिंह पवार तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह खंड विकास अधिकारी भदपुरा राम शंकर सिंह पटेल जेस्ट गन्ना विकास निरीक्षक प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज अरुण कुमार श्रीवास्तव इंस्पेक्टर क्रीम शैलेंद्र कुमार एसडीओ विद्युत समेत अनेकों विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की जुगुल किशोर नें



**नीमगांव खीरी।** योगी आदित्यनाथ से आज लखनऊ में जुगल किशोर ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान लखीमपुर खीरी लोकसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न सामाजिक और संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा हुई। भेंट के दौरान जुगल किशोर ने मुख्यमंत्री को बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 20 अप्रैल 2026 को *मितौली* में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति जताते हुए बाबा साहब के विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

### जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी ने कराया रोज़ा इफ्तार



**गोला गोकर्णनाथ (खीरी),** 06 मार्च 2026। पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर ईदगाह मैदान, गोला गोकर्णनाथ में जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी की ओर से भव्य रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोज़ेदारों, क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों और आम लोगों ने शिरकत की। इफ्तार के समय सभी ने एक साथ रोज़ा खोला और देश में अमन-चैन, तरक्की तथा आपसी भाईचारे की दुआ की। इस अवसर पर मुख्य रूप से माननीय सांसद उत्कर्ष वर्मा, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व विधायक विनय तिवारी, पूर्व महासचिव नरेश यादव, पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, पूर्व प्रत्याशी पलिया प्रीतिंदर सिंह कक्कू, संजीव कुमार मुन्ना, जिला पंचायत सदस्य कैसर आलमी, क्षेत्र पंचायत सदस्य इश्तियाक खान, क्षेत्र पंचायत सदस्य गुड्डू, खुर्शीद खान, मौलाना जियाउल हक, मौलाना अहसान अली नूरी, मौलाना गफ्फार हादी, फूल सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में उलमा-ए-किराम व रोज़ेदार मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने रमज़ान के पवित्र महीने की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया। अंत में सभी ने मुल्क में शांति और खुशहाली के लिए सामूहिक दुआ की।

# सिंघौना पंचायत में सात घर जलकर राख, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही-खीरी:** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघौना में दोपहर लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचाई। इस दर्दनाक हादसे में सात ग्रामीणों के आशियाने जलकर पूरी तरह राख हो गए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि ग्रामीणों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और देखते ही देखते लाखों की संपत्ति स्वाहा हो गई।

शनिवार दोपहर अचानक श्रीराम सिंह विश्वकर्मा के घर से लगी आग ने मेवालाल, रामसनेही, राधेश्याम, संजय, लल्ला और बलराम भार्गव के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आए खुशी राम ने बताया की 25 फरवरी को ही बेटे की शादी हुई थी। आग में दहेज का सारा सामान और करीब 80 हजार रुपये के जेवर जल गए।आग इतनी तेज थी कि राजकुमार भार्गव के दो पालतू सूअर जिंदा जल गए।ग्रामीणों की मद्दत से आग बुझा दी गयी जिसके बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। पीड़ित लोगों का कहना है कि करीब लाखों की संपत्ति और जमा-पूंजी राख हो गई है। सूचना पाकर थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह फोर्स सहित मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों की बात को सुना और प्रशासन द्वारा हर सम्भव मद्दत दिलवाने का आश्वासन भी दिया। जिससे हमलोगों के परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। पीड़ितों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजे की मांग की है।लेखपाल अंशुल श्रीवास्तव ने बताया कि मौके पर पहुंच कर नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंपी जा रही।

## शेरगढ़ ब्लॉक के शिक्षक संघ पंकज गंगवार बने अध्यक्ष ,नफीस मोहम्मद खां मंत्री मनोनीत हुए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/रिठौरा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बरेली की इकाई का विस्तार करते हुए जिला इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार की अध्यक्षता में शनिवार को शेरगढ़ की ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। बैठक में जिले के समस्त पदाधिकारी एवं शेरगढ ब्लॉक के प्रभारी देवेंद्र गंगवार एवं सहप्रभारी गिरजेश कुमार ने ब्लॉक की इकाई का गठन किया। जिला अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शिक्षक हित में अधिकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं हल कराने को कहा गया।

उन्होंने ने कहा शेरगढ़ जिले से अधिक दूरी ब्लॉक वाला ब्लॉक है,इसलिए उनका किसी भी स्थिति में शोषण नहीं होना चाहिए। ब्लॉक कार्यकारणी में ब्लॉक अध्यक्ष पंकज गंगवार,ब्लॉक मंत्री नफीस मोहम्मद खां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र गंगवार, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार, संयुक्त मंत्री चंदन कुमार ग्रेसवाल, संगठन मंत्री हिमांशु गंगवार, उपाध्यक्ष विजय सिंह संगठन मंत्री पिंकू सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी नितिन कुमार, उपाध्यक्ष अनुज सिंह, उपाध्यक्ष विजय सिंह, प्रचार मंत्री संजय सिंह राणा आदि लोग रहे।

जिला मंत्री गिरजेश कुमार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करावाई गई। संगठन की रीति -नीति के बारे में बताया गया। मीटिंग में महिला उपाध्यक्ष रितु मिश्रा, संगठन मंत्री अतुल सिंह,महिलासंगठन मंत्री मोनिका गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, मंत्री अजय कुमार, अंकित गुप्ता, अनुभव शर्मा, पुष्कर उपाध्याय, अमित गंगवार आदि सहित तमाम पदाधिकारी शिक्षक गण मौजूद रहे।

## दुकान पर बैठे दंपति से मारपीट, महिला बेहोश

**सिंगाही।** थाना क्षेत्र के नयापुरवा मंझरा उमरा गांव में दुकान पर बैठे दंपति के साथ कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट में महिला के सिर व गले में गंभीर चोट लगने से वह बेहोश हो गई। पीड़ित मैकूलाल मौर्य निवासी नयापुरवा मंझरा उमरा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि वह शुक्रवार शाम करीब छह बजे अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान गांव के अफसर अली, इरफान, ऐबान अली, साहिद अली, सद्दीक अली और एक महिला वहां आ पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे और उसकी पत्नी गीता देवी को दुकान से खींचकर मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि हमले में उसकी पत्नी के सिर और गले में गंभीर चोटें आई, जिससे वह बेहोश हो गई। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत है विवेचना की जा रही है, विवेचना कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# सामौर बाबा महोत्सव में सजेगा 'काव्य दरबार', रविवार को होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

● **मंत्री जयवीर सिंह के आमंत्रण पर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण होंगे समारोह में शामिल**

**हास्य, व्यंग्य और वीर रस की रचनाओं से सजेगा मंच, पद्मश्री सुनील जोगी सहित कई नामचीन कवि करेंगे काव्य पाठ**

**आस्था और साहित्य का संगम बनेगा सामौर बाबा महोत्सव- जयवीर सिंह**

**सामौर बाबा महोत्सव हमारी आस्था, साहित्य और संस्कृति का उत्सव- जयवीर सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिरसागंज-** सिरसागंज के ग्राम करहरा स्थित प्रसिद्ध सामौर बाबा धाम पर चल रहे सात दिवसीय सामौर बाबा महोत्सव के अंतर्गत रविवार को भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'सामौर बाबा महोत्सव क्षेत्र की आस्था, संस्कृति, साहित्य और परंपरा को एक साथ जोड़ने वाला महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में सांस्कृतिक और साहित्यिक वातावरण को मजबूत करते हैं। युवाओं को भारतीय परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।'

**'महोत्सव सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक'** मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, 'सामौर बाबा महोत्सव हमारी आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन जैसे आयोजन साहित्यकारों और श्रोताओं को एक मंच पर लाने का काम करते हैं। इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और युवाओं को साहित्य से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक समृद्धि का भी प्रतीक है।'

**मंच पर गूंजेगा हास्य और वीर रस** कवि सम्मेलन में पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध हास्य कवि सुनील जोगी अपनी हास्य-व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे। वहीं, वीर रस के प्रख्यात कवि राम भदावर ओजपूर्ण काव्य पाठ कर देशभक्ति का जोश भरेंगे। इसके अलावा गौरव चौहान, पद्मिनी शर्मा, योगिता चौहान, हेमंत पांडे और मुकेश मणिकांचन सहित कई ख्याति प्राप्त कवि अपनी काव्य प्रस्तुतियां देंगे।

**कवि सम्मेलन को लेकर उत्साह** कवि सम्मेलन को लेकर क्षेत्र के साहित्य प्रेमियों और आगंतुकों में खासा उत्साह है। सामौर बाबा धाम परिसर को कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से सजाया गया है। कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार यह कवि सम्मेलन महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

# भारत को कहा से तेल लेना है बताये- रवि तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी,** कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने कहा कि विगत 11 फरवरी को संसद में राहुल गांधी जी ने कहा था कि अमेरिका बताया कि भारत को कहां-कहां से तेल लेना है और कहां से नहीं द्य लेकिन आज हालात ऐसे बनते दिखाई दे रहे हैं कि राहुल जी की चेतावनी फिर सच साबित होती नजर आ रही है। अमेरिका ने कहा कि भारत एक महीने की रूस से तेल खरीदने की अस्थाई छूट दी जाती है। तिवारी ने कहा कि आखिर यह अमेरिका कौन होता है भारत की तेल खरीद नीति और ट्रेड डील मनमर्जी से निर्धारण करने वाला। आखिर सवाल तो उठाता ही है भारत की तेल खरीद पर अमेरिकी निगरानी क्यों होगी? भारत किस से तेल खरीदेगा और किस से नहीं, यह हमारी जरूरतें तय करेंगी या अमेरिका की मर्जी द्य भारत को मुनाफे का व्यापार करने से रोकने की हिम्मत अमेरिका को किसने दी। प्रधानमंत्री जी, भारत के हित और स्वाभिमान से जुड़ा यह गंभीर विषय है द्य देश जानना चाहता है कि हमारी ऊर्जा नीति भारत तय करेगा या कोई और विगत 70 सालों में कभी ऐसा नहीं हुआ द्य जो देश आज देख रहा है द्य ऐसी कौन सी मजबूरी है जो देश से छिपाई जा रही।

साथ ही तिवारी ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आम आदमी पहले से ही महंगाई का दंश झेल रहा था द्य उपर से सरकार ने आम आदमी को महंगाई का बड़ा झटका देते हुए घरेलू रसोई गैस स्श्वत्र की कीमत में 60 की प्रति सिलेंडर बढ़ोतरी कर आम आदमी की कमर ही तोड़ दी। आपदा में अवसर ढूंढते हुए केंद्र सरकार में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर पर भी 115 रुपए की बढ़ोतरी की। यह बढ़ी हुई कीमतें 7 मार्च से लागू हो गई है जिससे आम लोगों और कारोबार पर असर पड़ेगा जाहिर सी बात है महंगाई बढ़ेगी। डबल इंजन की भाजपा सरकार पूर्णतया फेल हो चुकी है इसकी न कोई नीति है और न ही नियत है।

## तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक व पुलिस वाहन को मारी टक्कर, प्रभारी निरीक्षक समेत चार घायल

**भदोही।** चौरी थाना क्षेत्र के गोड़ापार गांव के पास शनिवार को तेज रफ्तार बोलेरो ने पहले एक बाइक सवार को टक्कर मार दी और उसके बाद सीधे पुलिस की गाड़ी से जा भिड़ी। हादसे में चौरी थाने के प्रभारी निरीक्षक सहित चार लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि चौरी थाने के प्रभारी निरीक्षक राम सरीख गौतम अपने हमराही आदित्य (35), विकास (34) और आरक्षी प्रवेश राय (50) के साथ ममहर-उगापुर मार्ग से ज्ञानपुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही पुलिस की गाड़ी गोड़ापार गांव के पास पहुंची, सामने से तेज गति से आ रही बोलेरो ने पहले बाइक सवार को टक्कर मार दी और फिर पुलिस वाहन से भिड़ गई। हादसे में प्रभारी निरीक्षक, आरक्षी के अलावा बाइक सवार गुड्डू (17) व सोनू (18) निवासी गोड़ापार घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज पास के एक निजी चिकित्सालय में कराया गया। पुलिस ने बोलेरो चालक ओपी यादव निवासी उगापुर को हिरासत में लेते हुए वाहन को कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार चालक शराब के नशे में धुत होकर तेज गति से वाहन चला रहा था।

# टूण्डला तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजित, 78 शिकायतें हुई प्राप्त, 12 का मौके पर निस्तारण

● **समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़, कई समस्याओं का हुआ तत्काल समाधान**

**जन समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी– जिलाधिकारी**







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फ़िरोज़ाबाद/टूण्डला-** शासन की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु तहसील टूण्डला में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा की गई जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य सहित जनपद स्तर के समस्त अधिकारी मौजूद रहे, समाधान दिवस के दौरान टूंडला एवं आसपास के क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया, प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से राजस्व, कानून व्यवस्था, विद्युत, राशन कार्ड, नगर पालिका परिषद से सम्बन्धित मामले छाए रहें, जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए, इस दौरान प्रार्थी रामपूर्ति ने राशन कार्ड में नाम दर्ज न होने की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी और पूर्ति निरीक्षक टूंडला को तत्काल प्रभाव से नाम दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु आदेशित किया, इसी तरह अलीपुर निवासी एवज सिंह ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की, इस पर जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करने और समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए, प्रार्थी एम0पी0 सिंह ने शिकायत की, कि दाखिला खारिज के आदेश होने के बावजूद रजिस्ट्रार कानूनगो द्वारा उसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है, जिलाधिकारी ने इस प्रकरण की जांच उप जिलाधिकारी को सौंपी और रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

इसी तरह नेपाल सिंह नामक व्यक्ति ने गलत विद्युत बिल के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने एक्स0ई0एन0 हाइडल को बिल संशोधन कर राहत प्रदान करने हेतु निर्देशित किया, इस तरह जिलाधिकारी के समक्ष कुल 78 समस्याएं आई, जिसमें 12 का मौके पर ही समाधान प्रस्तुत किया और शेष बची समस्याओं का समाधान निस्तारित करने हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

अंत में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश दिया कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शीथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाना है, शिकायतों का निस्तारण कागजो पर नही बल्कि धरातल पर करना सुनिश्चित करें, इस दौरान परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर थाना प्रभारी वेद सिंह ने की बैठक दोनों समुदायों से की वार्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली/**क्यों लड़िया के प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने थाना प्रांगण में चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर एक बैठक आयोजित की जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत लोगों को बुलाया गया इस अवसर पर शासन के निर्देशन अनुसार क्षेत्र में लगे रामनवमी मेले के प्रबंधकों से भी वार्ता की गई। जिसमें मुड़िया मलूकपुर एवं ज्योति जागीर दो जगह पर रामनवमी मेले का आयोजन किया जाता है प्रभारी निरीक्षक ने दोनों जगह के मेला प्रबंधकों से किसी भी तरह की सुविधा होने की जानकारी प्राप्त की साथ ही उन्होंने कहा मेले में नौटंकी मत बजवा देना रामनवमी के मेले को बढ़िया ढंग से संपन्न कारण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

जिससे समाज में अच्छा संदेश जाए साथ ही दूसरे समुदाय के लोगों से भी रमजान एवं ईद को लेकर वार्ता की गई कहीं पर भी किसी प्रकार का कोई विवाद उत्पन्न ना हो इसके लिए प्रभारी निरीक्षक ने इस बैठक का आयोजन कर दोनों समुदायों के लोगों के साथ वार्ता की क्योंकि 19 मार्च से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं इसको लेकर शासन गंभीर है इधर 19/20मार्च में ही ईद होने की भी आशा व्यक्त की जा रही है इसलिए पुलिस ने थाना प्रांगण में बैठक आयोजित कर दोनों समुदायों के लोगों से संपर्क किया। और शांतिपूर्वक पर्व मनाने की अपील की गई यहां पर उपस्थित प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उप निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह मुकेश कुमार राजेंद्र कुमार अर्जित कुमार देशराज तोमर आदि पुलिस बल उपस्थित था यहां पर ग्राम प्रधान मोहम्मद रफीक रविंद्र कुमार गंगवार अनीस खां सुमित वर्मा समेत अनेकों लोग उपस्थित थे।

## नारी शक्तिः समानता, सम्मान और स्वावलंबन से सशक्त राष्ट्र का आधार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फ़िरोज़ाबाद –** 8 मार्च को विश्व भर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के योगदान, अधिकारों, सम्मान और उनके सशक्तिकरण के संकल्प को पुनः स्मरण करने का महत्वपूर्ण अवसर है। भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव शक्ति, करुणा और सृजन का प्रतीक माना गया है। वह परिवार की आधारशिला होने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक माँ के रूप में वह पीढ़ियों को संस्कार देती है, एक शिक्षिका के रूप में ज्ञान का प्रकाश फैलाती है और एक कर्मशील नागरिक के रूप में राष्ट्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान देती है।

आज के परिवर्तित समय में महिलाएँ शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, राजनीति, खेल, उद्यमिता और सामाजिक सेवा जैसे प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। यह परिवर्तन केवल महिलाओं की प्रगति नहीं, बल्कि पूरे समाज के विकास का प्रतीक है। जब महिलाएँ सशक्त होती हैं, तब परिवार सशक्त होता है और जब परिवार सशक्त होता है, तब राष्ट्र प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होता है। फिर भी हमें यह स्वीकार करना होगा कि समाज के कुछ हिस्सों में अभी भी महिलाओं को समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा से वंचित होना तथा आर्थिक निर्भरता जैसी चुनौतियाँ आज भी अनेक महिलाओं के सामने उपस्थित हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल कानूनों से ही नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक सोच और संवेदनशीलता से संभव है। महिला सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ केवल अधिकार प्रदान करना नहीं, बल्कि महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और निर्णय लेने की क्षमता से सशक्त बनाना है। जब समाज महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षा प्रदान करता है, तब वे अपनी क्षमता का पूर्ण विकास कर राष्ट्र निर्माण में और अधिक प्रभावी भूमिका निभाती हैं।

इस अवसर पर हम सभी का दायित्व है कि हम नारी सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित हों। परिवार, समाज और शासन–तीनों स्तरों पर समन्वित प्रयासों से ही एक ऐसा वातावरण निर्मित किया जा सकता है, जहाँ प्रत्येक महिला निर्भीक, आत्मविश्वासी और स्वाभिमानी जीवन जी सके। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि नारी केवल समाज का एक अंग नहीं, बल्कि उसकी सबसे सशक्त प्रेरणा है। आइए, इस अवसर पर हम सभी मिलकर ऐसा समाज बनाने का संकल्प लें, जहाँ प्रत्येक महिला को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षा प्राप्त हो तथा वह अपने सपनों को साकार कर सके। नारी का सम्मान ही राष्ट्र का सम्मान है।

## आबकारी निरीक्षक पर कार्रवाई की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



● **गरीब मजदूर किसान पार्टी भी आई मदन लाल के साथ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गरीब मजदूर किसान पार्टी के पदाधिकारियों ने किसान से कथित मारपीट व अवैध वसूली के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में मामले की जांच कर संबंधित आबकारी निरीक्षक अवनीश रावत के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि 1 मार्च को थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव मैसटा निवासी किसान मदनपाल गन्ना चीनी मिल में गन्ना डालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर वापस जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में आबकारी विभाग के कर्मचारियों ने ट्रॉली रुकवा ली और आबकारी निरीक्षक अवनीश रावत के इशारे पर किसान को जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर चीनी मिल परिसर स्थित आबकारी कार्यालय ले गए।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वहां किसान के साथ मारपीट की गई और उससे 12 हजार रुपये की मांग की गई। पीड़ित किसान ने किसी तरह 5 हजार रुपये की व्यवस्था कर अपनी जान छुड़ाई। घटना के बाद से यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है और किसानों में रोष व्याप्त है। पार्टी ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर संबंधित आबकारी निरीक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### आबकारी निरीक्षक पर कार्रवाई की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**गरीब मजदूर किसान पार्टी भी आई मदन लाल के साथ**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गरीब मजदूर किसान पार्टी के पदाधिकारियों ने किसान से कथित मारपीट व अवैध वसूली के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में मामले की जांच कर संबंधित आबकारी निरीक्षक अवनीश रावत के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि 1 मार्च को थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव मैसटा निवासी किसान मदनपाल गन्ना चीनी मिल में गन्ना डालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर वापस जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में आबकारी विभाग के कर्मचारियों ने ट्रॉली रुकवा ली और आबकारी निरीक्षक अवनीश रावत के इशारे पर किसान को जबरन अपनी गाड़ी में बैठाकर चीनी मिल परिसर स्थित आबकारी कार्यालय ले गए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वहां किसान के साथ मारपीट की गई और उससे 12 हजार रुपये की मांग की गई। पीड़ित किसान ने किसी तरह 5 हजार रुपये की व्यवस्था कर अपनी जान छुड़ाई। घटना के बाद से यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है और किसानों में रोष व्याप्त है। पार्टी ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर संबंधित आबकारी निरीक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# संक्षिप्त खबरें

## नाराज़ होकर निकली महिला को पुलिस ने परिजनों से मिलाया



**भदोही** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना भदोही पुलिस ने एक सराहनीय कार्य करते हुए घर से नाराज़ होकर निकली महिला को सकुशल उसके परिजनों से मिलवा दिया। जानकारी के अनुसार 6 मार्च की रात लगभग 8:38 बजे घर से नाराज़ होकर निकली एक महिला को खोजबीन के दौरान थाना भदोही क्षेत्र के सेवा सदन इंटर कॉलेज मोड़, भदोही के पास पुलिस ने सुरक्षित बरामद किया। पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाते हुए महिला को सकुशल उसके घर थाना रामपुर क्षेत्र, जौनपुर पहुंचाकर परिवार से मिलवा दिया।पुलिस की त्वरित कार्रवाई और मानवीय पहल की परिजनों ने सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्य में उपनिरीक्षक शशांक बाजपेई, हेड कांस्टेबल परमेंद्र राय और महिला आरक्षी मोहिनी तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बीएससी के छात्र की ट्रेन से कटकर मौत

**सुरियावां।** भदोही-जंघई रेल खंड पर सुरियावां रेलवे स्टेशन के पश्चिम कैड़ा ग्राम सभा के पास शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय छात्र की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुरियावां थाना क्षेत्र के बहुता चकडाही गांव निवासी विजय बहादुर यादव का पुत्र सूरज यादव (19) बीएससी का छात्र था। शनिवार सुबह वह घर से निकलकर रेल पटरी के पास पहुंच गया। इसी दौरान जंघई से सुरियावां की ओर आ रही डॉ. बुंदेलखंड एक्सप्रेस ट्रेन के सामने अचानक आ गया, जिससे ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था और अभी अविवाहित था। उसके पिता विजय बहादुर यादव खेती-बाड़ी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। फिलहाल युवक ट्रेन की चपेट में कैसे आया, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भदोही में 9 मार्च को होगी 'विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026' की जिला स्तरीय प्रतियोगिता

**भदोही।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जनपद भदोही में 'विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026' की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 9 मार्च को काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर में किया जाएगा। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। प्रतियोगिता का विषय 'आपातकाल के 50 वषः भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख' निर्धारित किया गया है। इसमें प्रतिभागियों को निर्धारित विषय पर 3 मिनट का भाषण देना होगा। इस प्रतियोगिता में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे। पात्रता के अनुसार ऐसे युवा जिनका जन्म 1 सितम्बर 2000 से 1 सितम्बर 2007 के बीच हुआ है, वे इसमें हिस्सा ले सकते हैं। जिला स्तर पर चयनित शीर्ष 10 प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जबकि राज्य स्तर पर चयनित शीर्ष 3 प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर संसद में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय की समझ, प्रस्तुति की स्पष्टता, भाषण शैली, नवाचार, भाषा प्रवाह और समय पालन के आधार पर कुल 100 अंकों में किया जाएगा। डॉ. श्रीश कुमार उपाध्याय (राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी) ने जनपद के युवाओं से अपील की है कि वे माइ भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में भाग लें।

## रामनवमी कार्यक्रम को लेकर श्री राम जन्मोत्सव समिति की बैठक आज

**भदोही।** श्री राम जन्मोत्सव समिति ज्ञानपुर द्वारा रामनवमी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज 8 मार्च (रविवार) को सुबह 10 बजे हरिहरनाथ मंदिर, ज्ञानपुर में आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी। समिति अध्यक्ष रंजीत गुप्ता ने सभी समिति पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से समय पर बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है। बैठक में रामनवमी के कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** संपूर्ण समाधान दिवस मे अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता ने फरियादियो की फरियाद को सुनी। नगर के साहबराम गोला निवासी राजू भारती ने मुहल्ले के ही निवासी राजकुमार साहू व मोना साहू पर आरोप लगाया है कि प्रार्थी व प्रार्थी की माता को विपक्षियो ने घर मे घुस कर लातो, झापडो, लाठी डंडो व चाकू से मारपीट कर घायल कर दिया। रैपुरिया गांव निवासी ओमप्रकाश ने ऐबकपुर मोहाना निवासी श्रवण कुमार पर आरोप लगाया है कि प्रार्थी के आ0नं0 408 पर जबरन गाय, भैस बांध कर कब्जा किया जा रहा है मना करने पर लडाई झगडा पर अमादा है।रसूलपुर गांव निवासी रामकिशुन ने गाव के ही निवासी हरिदास सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रार्थीआ0नं0 194 व 197/515 का संक्रमणिय भूमिधर है विपक्षी मेरे आराजी से सटा काश्तकार है मेरे मेड को काट कर अपने काश्त के भूमि मे मिला रहा है

मना करने पर गाली गलौज और तरह तरह का धमकी दे रहा है।ग्राम प्रधान नैठी गावं निवासी शंकर ने प्रार्थनापत्र दिया है कि मेरे घर मे ममता पुत्री गोपाल नाम किसी का नही है बावजूद मेरे मकान संख्या 17 मे गलत ढंग से ममता पुत्री गोपाल दर्ज है जिसे जांच कराकर निरस्त किया जाय।समाधान दिवस मे कुल 66 प्रार्थना पड़े जिसमें से 01 का निस्तारण मौके पर कर दिया गया शेष संबंधित को निष्पक्ष, पारदर्शिता पूर्ण जांच कर समय से निस्तारण करने के लिए दिया गया। इस दौरान तहसीलदार इवेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार अजीत व ज्योति, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद चुनार विजय कुमार, आदि सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## भदोही में 14 मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत



**भदोही।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही के तत्वावधान में 14 मार्च 2026 को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जनपद न्यायालय परिसर में बैंकों के शाखा प्रबंधकों की बैठक आयोजित कर लोक अदालत को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों ने अधिक से अधिक वादों के आपसी समझौते के माध्यम से निस्तारण कराने पर जोर दिया। अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के मामलों का त्वरित व आपसी सहमति से समाधान किया जाएगा, जिससे वादकारियों को जल्द न्याय मिल सके।

## समीक्षा बैठक में सीडीओ ने लंबित प्रकरण जल्द निस्तारित करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** विकास भवन सभागार में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों, ऋण स्वीकृति और वितरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने प्रगति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित बैंकों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना तथा स्वयं सहायता समूह ऋण योजना से जुड़े लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके।

बैठक में विशेष रूप से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना तथा स्वयं सहायता समूह ऋण योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से ऋण स्वीकृति और वितरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अमित कुमार गुप्ता (अग्रणी जिला प्रबंधक), तुषार राय (परियोजना अधिकारी नेडा), दया शंकर सरोज (महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र) तथा अनुराग राय (जिला समन्वयक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक और शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## गेस्ट हाउस का एडीएम ने किया निरीक्षण, 15 दिन में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने शनिवार को ज्ञानपुर स्थित निर्माणाधीन गेस्ट हाउस का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों व लोक निर्माण विभाग को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गेस्ट हाउस के कई कार्य अधूरे मिलने पर अपर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और कहा कि शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लंबित कार्य अधिकतम 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर भवन को हैंडओवर किया जाए।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार ही किए जाएं। साथ ही चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारियों और संबंधित संस्था के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान गेस्ट हाउस परिसर में साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था, पानी की सुविधा और फिनिशिंग कार्य की भी जानकारी ली गई तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि भवन तैयार होने के बाद यह जनपद में आने वाले अधिकारियों और अतिथियों के लिए उपयोगी साबित होगा।

## धूमधाम से निकला परंपरागत होली बारात



**चुनार, मिर्जापुर।** होली के दूसरे दिन निकलने वाला नगर का परंपरागत होली बारात गुरुवार को देर शाम बड़े ही धूमधाम से निकला। यह बारात ऐबकपूर मुहाना स्थित मंदिर से निकलकर नगर में भ्रमण करते हुए कोतवाली परिसर में पहुंचा जहां पर बारातियों का स्वागत मिठाई और ठंडई से कस्बा चौकी प्रभारी अखिलेश कुमार यादव द्वारा अपनी टीम के साथ किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संजीव यादव, उपाध्यक्ष लक्कड़ यादव, महामंत्री दीपक यादव, कोषाध्यक्ष एडवोकेट रामबाबू यादव, किशन यादव अंश विश्वकर्मा, मुलायम यादव लाल यादव, मंत्री यादव, शिवम यादव सतीश यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनीं जनता की समस्याएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** शासन की मंशानुरूप जनपद की सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जहां अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

तहसील ज्ञानपुर में आयोजित समाधान दिवस में अभिमन्यु मांगलिक (पुलिस अधीक्षक), कुंवर वीरेन्द्र मौर्य (अपर जिलाधिकारी) तथा डॉ. संतोष कुमार चक (मुख्य चिकित्साधिकारी) सहित अन्य अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां कुल 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 6 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर समय-सीमा में समाधान के निर्देश दिए गए।

इसी तरह तहसील भदोही में अरुण गिरि (उप जिलाधिकारी) के समक्ष 30 शिकायतें आई, जिनमें से 7 का निस्तारण किया गया। वहीं तहसील औराई में श्याममणि त्रिपाठी (उप जिलाधिकारी) के समक्ष 28 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 5 मामलों का समाधान किया गया और शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को भेज दिया गया।

अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में कागजी खानापूर्ति न की जाए, बल्कि मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से बातचीत कर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही राजस्व और पुलिस विभाग को आपसी समन्वय के साथ भूमि संबंधी मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता एवं सेवा शिविर भी लगाए गए, जिनमें समाज कल्याण, महिला कल्याण, बाल विकास, आयुष्मान योजना सहित कई योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान तहसील स्तर पर ही पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया जाना शासन की प्राथमिकता है।

## जल जीवन मिशन नमामि गंगे में किए गए भ्रष्टाचार की ग्रामीणों ने किया शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हलिया, मीरजापुर।** जल जीवन मिशन नमामि गंगे एवं ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त कार्यालय संस्था महादेव ग्राम समूह पेयजल योजना मिर्जापुर एन0सी0सी0 लिमिटेड कंपनी द्वारा तहसील लालगंज जिला मिर्जापुर के ग्राम पंचायत अतरैला राजा सेमरी कला में परियोजना की कुल लागत 266.02 करोड़ से निर्मित पानी की टंकी जिसकी क्षमता 650000 लीटर की है। एवं 62 किलोमीटर में बिछाई गई पाइप लाइन में किए गए घोटाले गुणवत्ता विहीन कार्य सरकारी धन का दुरुपयोग के उपरोक्त में अनिमियता की जांच की ग्रामीणों ने किया मांग साथ ही साथ ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत अतरैला राजा सेमरी कला तहसील लालगंज ब्लॉक में परियोजना की कुल लागत धनराशि 266.02 करोड़ से निर्मित पानी की टांक एवं 62 किलोमीटर के रेंज में बिछी पाइप लाइन कार्य आरंभ तिथि 18 /06 /2020 एव कार्य पूर्ति तिथि

21/07/2022। कार्य के पूर्ण होने की के सापेक्ष में करीब 3 वर्ष बीत चुके हैं दिनांक 25 /02 /2026 में भी ग्राम पंचायत बरौधा तहसील लालगंज में बरौधा बाजार में करीब 200 घरों को नल का कनेक्शन तो दे दिया गया है लेकिन नल से जल नहीं निकल रहा है इतना कि अगर कोई व्यक्ति पंप लगाकर पानी खींचना चाहे तो भी बड़ा मुश्किल से 1 से 2 बाल्टी मिल जाए तो बड़े खुशी की बात है सही मायने में तो पानी केवल दफ्तर के कागजी कार्यवाही में बह रहा है धरातल पर यह योजना बरौधा अब सोचने वाली बात यह है कि परियोजना 266.02 करोड़ की और कार्य पूर्ण होने की तिथि 21/07 /2020 यानी लगभग करीब कार्य पूर्ण होने के 3 वर्ष हो गए उसके बाद भी हम प्रार्थी जल के लिए तड़प रहे हैं सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से महत्वपूर्ण योजना हर घर नल जल योजना से हम लोगों को वंचित किया गया है प्रश्न खड़ा हो जाता है कि इस योजना में वंचित रहने में किसकी जिम्मेदारी है और कौन इसका कारण है अब जरूरत है इस योजना की धरातल पर गोपनीय जांच ताकि जो लोग भी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजनाओं से जनता को वंचित किया है उसका भी सरकार अच्छे से इलाज करें ताकि इससे पता चल सके कि इस योजना को किस-किस ने लूटा है और सरकारी धन का गलत तरीके से गमन किया गया है उसका भी हिसाब मिलना चाहिए क्योंकि अगर काम ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ मानक सहित और गुणवत्ता मे किया जाए तो आज यह स्थिति न पैदा हो की 266.02करोड़ खर्च होने के बाद भी 200 घर पानी से वंचित रहते हैं जो पानी की समस्या न उत्पन्न होती ग्रामीणों ने हर घर नल योजना का शिकायत करते हुए बताया कि सरकार बारीकी से भ्रष्टाचारी अधिकारियों की जांच करें और कड़ी-कड़ी कार्रवाई करें।

## RTE प्रवेश में गड़बड़ी का आरोप पात्र बच्चों के आवेदन निरस्त, अपात्रों का चयन? अभिभावकों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**जमुई, मिर्जापुर।** सरकार द्वारा गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से चलाई जा रही शिक्षा का अधिकार (RTE) योजना पर मिर्जापुर जनपद के चुनार क्षेत्र में गंभीर सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र के कई अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि पात्र बच्चों के आवेदन बार-बार निरस्त किए जा रहे हैं, जबकि कुछ ऐसे बच्चों के नाम चयन सूची में शामिल कर दिए गए हैं जो निर्धारित वार्ड या क्षेत्र के अंतर्गत नहीं आते। बहरामगंज क्षेत्र के एक अभिभावक के अनुसार उनके बच्चे के प्रवेश के लिए पहले आवेदन किया गया था, जिसे जन्मतिथि प्रमाण पत्र में त्रुटि का हवाला देते हुए निरस्त कर दिया गया। इसके बाद दूसरे चरण में पुनः आवेदन किया गया, किंतु इस बार भी वही कारण बताते हुए आवेदन निरस्त कर दिया गया।अभिभावकों का कहना है कि यह समस्या केवल एक परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र में कई ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहां उसी वार्ड में निवास करने वाले बच्चों के आवेदन 'अन्य वार्ड' का हवाला देकर निरस्त कर दिए गए, जबकि कुछ ऐसे बच्चों के नाम चयन सूची में शामिल हैं जो वास्तव में दूसरे वार्ड से संबंधित बताए जा रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो ऋक्ष प्रवेश प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। उनका कहना है कि सरकार द्वारा गरीब बच्चों को शिक्षा का अवसर देने के लिए बनाई गई योजना का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष हो।अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, चयन सूची की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और जिन बच्चों के आवेदन गलत तरीके से निरस्त किए गए हैं उन्हें योजना का लाभ दिया जाए।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या जांच के माध्यम से पात्र बच्चों को उनका अधिकार दिलाने तथा संभावित अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाते हैं या नहीं।

## बरबसा गहरवार गाव मे परंपरागत तीन दिन का मनाया जाता है होली का पर्व




**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के बरबसा गहरवार गाव मे परंपरागत तीन दिन का मनाया जाता है होली का पर्व जिसमें एक टीम बनाकर घर घर जाकर होली का गीत गाकर होली मिलन समारोह 3 दिन में ग्रामीणों के द्वारा संपन्न किया जाता है जिसमें टीम के अध्यक्ष सुरेश सिंह ने बताया कि हर वर्ष परंपरागत के अनुसार गांव में होली मिलन का कार्यक्रम किया जाता है जिससे लोग बड़े हर्ष उल्लास के साथ रस भांग अबीर लेकर लोगों से मुलाकात करते हैं और तीसरे दिन होली मिलन समारोह का समापन किया जाता है टीम में अध्यक्ष सुरेश सिंह अवध नारायण पांडे राम सकल मिश्रा चौधरी शर्मा दुबराज सिंह क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहते हैं करीब सैकड़ो की संख्या में लोग होली मिलन समारोह कार्यक्रम को संपन्न करते हैं शुरुआत में बारीपुर गांव के शंकर जी के मंदिर से होली गीत का शुरूआत किया जाता है पूरा गांव घूमते हुए अंत में देवरी पुरब के महादेवन शंकर जी के मंदिर पर समापन करते हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की हुई मौत



**हलिया, मीरजापुर।** हलिया स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गाँव में अधेड़ की संदिग्ध हालत में मौत हो गई।परिजन पुलिस को बिना सूचना दिए शिवपुर घाट में दाह संस्कार कर दिए। थाना क्षेत्र के सिकटा गाँव निवासी त्रिलोकी कहार (63)अपने बेटे से अलग रह कर घर से 500 मीटर दूर घर से खाना खाने के बाद प्रतिदिन की तरह परचून की दुकान में सोने गए थे शनिवार की सुबह अचानक तवियत विगड़ने पर परिजन आनन फानन में निजी साधन से दवा इलाज के लिये मीरजापुर जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई ।इसके बाद परिजन शिवपुर घाट पर दाह संस्कार कर दिया है। मृतक के बड़े पुत्र पंचराज ने बताया कि पिता की अचानक तवियत खराब होने पर मीरजापुर ले जा रहे थे कि अचानक रास्ते में मौत हो गई ।शिवपुर घाट पर दाह संस्कार कर दिया है।मृतक ग्राम पंचायत का सदस्य है।उसके चार पुत्र है। एक पुत्र अविवाहित है। मौत की जानकारी मिलते ही पत्नी धनकुवरी रो कर बेहोश हो रही है। मौत पर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है की मौत की जानकारी नहीं है।

## जिला खो-खो चैंपियनशिप का हुआ उद्घाटन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में आज आर पी साइंस अकादमी भुवनपुर में जिला खो खो संघ द्वारा आयोजित पांचवें जिला खो खो चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि एपीजे अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के संस्थापक मोहम्मद शहजाद और विशिष्ट अतिथि जनता इंटर कॉलेज पोखरा बाजार के शारीरिक शिक्षक प्रभाकर रंजन ओझा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि और आए हुए सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजित विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर सुधीर कुमार पांडे व प्रधानाचार्य अविनाश प्रजापति ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया जिला खो खो संघ के सचिव राम सिंह बताया इस प्रतियोगिता सब जूनियर और सीनियर वर्ग के बालक और बालिका प्रतिभा करेंगे जिसमें कुल 45 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहम्मद शहजाद ने उद्घाटन के अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है,पहले के समय में मोबाइल नहीं होता था तब बच्चे खेल की तरफ अधिक ध्यान देते थे। लोग स्वस्थ होते थे, इसलिए मोबाइल छोड़ शिक्षा के साथ खेल पर ध्यान देना चाहिए।उद्घाटन मैच क्रऋS एकेडमी गढ़हा गौतम और आर पी साइंस एकेडमी भुवनपुर के बीच खेला गया जिसमें B R S ACADEMY विजेता रही हैसीनियर बालिका संवर्ग में पहला मैच J R C और P S स्पोर्ट्स के बीच हुआ जिसमें P S स्पोर्ट्स विजेता रही, सब जूनियर बालिका संवर्ग में दूसरा मैच कंपोजिट विद्यालय निपानिया और D R C हसीनाबाद के बीच हुआ जिसमें निपानिया की टीम विजेता रही इस अवसर पर भावेश पांडे,अखिलेश सिंह, महंत राम वर्मा, राजेंद्र सिंह सुनील सिंह धर्मेंद्र वर्मा, जयराम वर्मा, रणधीर सिंह, प्रेम कुमार वर्मा, कृष्ण गोपाल, आदि उपस्थित रहे।

## डीसीएस अनियंत्रित होकर बोलेरो में मारा टककर बोलेरो हुई क्षतीग्रत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हलिया, मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी अर्गत महुअट मे डीसीएस अनियंत्रित होकर बोलेरो मे मारा टक्कर बोलेरो हुई क्षतीग्रत प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो चालक रमाशकर मौर्या 45 वर्ष निवासी हटवारा माण्डा प्रयागराज साथ मे दिनेश मौर्या 40 वर्ष निवासी भरुहना मीरजापुर बोलेरो मे सवार थे बोलेरो चालक रमाशकर ने बताया की महुअट बेलन बरौधा से पेट्रोल पंप से डिजल लेकर अपने घर हटवारा माण्डा प्रयागराज जा रहे थे महुअट टर्नीग पर बोलेरो लेकर खडे थे तभी बिपरित दिशा से तेज गति से डीसीएस ने बोलेरो मे मारा टक्कर बोलेरो पलट कर क्षतीग्रत हो गयी डीसीएस लगभग 100 मिटर गेहु के खेत मे नष्ट करते हुए डीसीएस रुकी डीसीएम चालक कोमल सिंह ने बताया कि बंगाल से नागपुर जा रहा था ब्रेक फेल होने के कारण डीसीएम ने बोलेरो में मारा टककर बोलेरो हुई क्षतीग्रत मौके पहुची बरौधा पुलिस ने गाडी को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई करने में जुट गई बोलेरो में बैठे दोनों लोगों को सुरक्षित बोलेरो से बाहर निकल गया किसी भी प्रकार की कोई जन हानी नहीं हुई। महुअट में स्थित सम्राट हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर अवधेश मौर्य ने सूचना पाते ही तुरंत मौके पर पहुंचे जहां पर बोलेरो सवार सब सुरक्षित थे।

## पुलिस अधीक्षक ने हलिया थाने का किया औचक निरीक्षण दिया आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर अर्पणा रजत कौशीक ने शनिवार को तहसील दिवस के बाद जिले से दुरस्त हलिया थाने का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान साफ सफाई, अपराधियों पर कडी नजर, महिलाओं के सुरक्षा का निर्देश दिया। अभिलेखिय निरीक्षण के बाद शस्त्रागार, बैरीक, महिला अपराध रजिस्टर तथा अपराधियों की जानकारी ली।

थाने में दर्ज गौ तस्करी के आरोपियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ किया। तथा गो तस्करी में आरोपियों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि उनकी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। यदि संलिप्तता हो तो उन पर कठोर कार्रवाई का निर्देश दिया। थाने में दर्ज गुंडा तथा मिनी गुंडा के आरोपियों के संबंध में विस्तृत जानकारी लिया। दो चक्का तथा चार चक्का सीज वाहनों के रखरखाव का निरीक्षण किया बीट के पुलिस कर्मियों से सवाल जबाव पूछा। इस दौरान थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक महेंद्र यादव, योगेन्द्र यादव, सुरेन्द्र सिंह, लालचंद सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय टीम की जीत के लिए माधव मंदिर में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने की पूजा-अर्चना



**नैनी,प्रयागराज** आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारतीय टीम की विजय की कामना को लेकर नैनी स्थित सिद्ध पीठ माधव मंदिर परिसर में सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संजय श्रीवास्तव (कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख) के नेतृत्व में संपन्न हुआ इस अवसर पर दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर भगवान से प्रार्थना की कि भारतीय क्रिकेट टीम फाइनल मुकाबले में विजय प्राप्त करे और देश का नाम रोशन करे। पूजा-अर्चना वरिष्ठ विद्वान आचार्य कमलाकांत तथा माधव मंदिर,अरैल नैनी के महंत दामोदर प्रसाद तिवारी के सान्निध्य में विद्वान पंडितों द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराई गई।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, सामाजिक कार्यकर्ता सरदार पतिविंदर सिंह, पलक राय, माधुरी राय, मधुमिता राय, आनंद कुशवाहा, बाबूजी यादव, सुधीर प्रजापति, गौरव अवस्थी तथा गुलाब कुशवाहा सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना करते हुए देश की सफलता और गौरव की कामना की।

### बैक पेपर और फेल घोषित किए जाने से नाराज छात्रों का प्रदर्शन,सात दिन का अल्टीमेटम।




**नैनी,प्रयागराज** प्रो.राजेंद्र सिंह रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय की परीक्षा में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को बैक कर दिया गया। इसके अलावा काफी संख्या में छात्र फेल घोषित किए गए हैं। इससे नाराज छात्र पिछले कई दिनों से विश्विद्यालय में प्रदर्शन और हंगामा कर रहे हैं। शनिवार को भी छात्र छात्राओं ने विश्वविद्यालय में पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर हंगामा कर दिया। छात्रों ने विश्विद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। छात्रों का कहना है कि फेल छात्र-छात्राओं प्रमोट किया जाए। ताकि उनका भविष्य खराब ना हो। बताया जा रहा कि लगभग 2.5 लाख विद्यार्थियों को बैक पेपर आया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में छात्र फेल किए गए हैं। जिससे भविष्य को लेकर उनकी चिंताएं बढ़ गई हैं। छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान उन्हें कैंपस के अंदर प्रवेश नहीं दिया गया था। सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय के बाहर गेट पर ही प्रदर्शन करते रहे। पुलिस और विश्विद्यालय प्रशासन के पहुंचने पर छात्रों ने सात दिन का समय देते हुए उनकी मांगों पर विचार करने अल्टीमेटम दिया है। कहा कि सात दिनों में कोई निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और उग्र होगा। प्रदर्शन के बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर अखिलेश सिंह को अपनी मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा है। छात्रों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ ऐसा होना मूल्यांकन प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करता है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन जारी रहेगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**नैनी,प्रयागराज** छिवकी रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर दुबराजपुर गांव के पास शुक्रवार आधी रात एक अधेड़ व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद उनकी क्षत-विक्षत लाश रेलवे ट्रैक पर पड़ी मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को मृतक के पास से मिले मोबाइल फोन के आधार पर उसके परिजनों को घटना की सूचना दी गई। खबर मिलते ही परिवार के लोग रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए।मृतक की पहचान बलराम पटेल (60) पुत्र अंगद पटेल निवासी त्रिवेणी नगर के रूप में हुई है। मौके पर पहुंचे उनके पुत्र रामकिशन पटेल ने मृतक के पहने हुए कपड़ों से अपने पिता की पहचान की।रामकिशन पटेल ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे उनके पिता खाना खाने के बाद घर से टहलने के लिए निकले थे। इसके बाद देर रात उनके ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, एण्डटीवी की कलाकारों ने गीव टूगेन के साथ महिला की हर भूमिका का किया सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

**ब्यूरो प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस साल की थीम त्वद्ध1द्दञ्जश्वत्नड्डद्बठ्ठ गीवटूगेन इस विचार को सामने लाती है कि जब महिलाएँ प्रेम, साहस, मार्गदर्शन या अवसर देती हैं, तो बदले में उन्हें आत्मविश्वास, अनुभव और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। एक महिला अपने जीवन में जिम्मेदारियों और सपनों के बीच संतुलन बनाते हुए कई भूमिकाएं निभाती है।इसी भावना को साझा करते हुए एण्डटीवी के प्रमुख कलाकारों ने अपने अनुभव साझा किए। अक्षया नाइक ऊर्फ आगामी शो में भगवान-कितना बदल गया इंसान', की ईना, प्रियंवदा कांत ऊर्फ 'घरवाली पेड़वाली' की लतिका, गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश और शिल्पा शिंदे ऊर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी !

भगवान-कितना बदल गया इंसान' में ईना की भूमिका निभा रहीं अक्षया नाइक कहती हैं, 'एक कलाकार के तौर पर मेरे दिन काफी व्यस्त होते हैं, लेकिन कैमरे के बाहर मैं एक बेटी, एक दोस्त और अपने रिश्तों को महत्व देने वाली इंसान भी हूँ। एक महिला होने का मतलब है लगातार अलग-अलग भूमिकाएँ निभाना-सेट पर स्क्रिप्ट याद करना और घर पर अपने परिवार के साथ भावनात्मक रूप से जुड़े रहना। मैंने महसूस किया है कि जब भी मैं किसी को अपना समय, धैर्य या हौसला देती हूँ, मैं भीतर से और मजबूत बनती हूँ। मेरे लिए गीवटूगेन का मतलब है कि जब हम किसी दूसरी महिला के सपनों का साथ देते हैं, तो हम सब मिलकर मजबूत बनते हैं। इस महिला दिवस पर मैं उन लड़कियों को आत्मविश्वास देना चाहती हूँ जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए सीमाएँ तोड़ना चाहती हैं।'

'घरवाली पेड़वाली' में लतिका का किरदार निभा रहीं प्रियंवदा कांत कहती हैं, 'मेरे जीवन में कई भूमिकाएँ हैं। कई बार इन सबके बीच संतुलन बनाना मुश्किल लगता है, लेकिन यही एक महिला की असली ताकत भी है। हम संवारते हैं, साथ देते हैं और आगे बढ़ते रहते हैं। मेरे लिए गीवटूगेन का मतलब है दया देना, मार्गदर्शन देना और जहाँ संभव हो अवसर देना। जब हम किसी दूसरी महिला को आगे बढ़ाते हैं, तो हमें भी आत्मविश्वास और एकता मिलती है। सशक्तिकरण तब शुरू होता है जब हम एक-दूसरे का साथ देना चुनते हैं।'

'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा कहती हैं, । मैंने देखा है कि परिवार को संभालने के लिए महिलाएँ भावनात्मक और शारीरिक रूप से कितना कुछ देती हैं। गीवटूगेन मुझे यह याद दिलाता है कि हम जितना देते हैं, उतना ही अनुभव, साहस और दूसरों को प्रेरित करने की शक्ति भी पाते हैं। इस महिला दिवस पर आइए हम लड़कियों को शिक्षा दें, हर क्षेत्र में महिलाओं को सम्मान दें और उन लोगों का हौसला बढ़ाएँ जो खुद पर संदेह



करते हैं, क्योंकि छोटा सा सहयोग भी बड़ा बदलाव ला सकता है।'

'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी का किरदार निभा रहीं शिल्पा शिंदे कहती हैं, ' मेरा मानना है कि एक महिला होने का मतलब है हम घर में देखभाल करने वाली हैं, काम में पेशेवर हैं और अपने प्रियजनों के लिए ताकत का सहारा भी। कई बार हम भूल जाते हैं कि हम रोज कितना कुछ संभालते हैं। मुझे लगता है कि आत्मविश्वास की शुरुआत इस बात से होती है कि हम खुद को कैसे देखते हैं। इसलिए इस महिला दिवस पर एण्डटीवी के हिस्सा बनकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। यह एक खूबसूरत पहल है, जहाँ । मुझे खुशी है कि मैं इस अभियान का हिस्सा बनूँगी, प्रेरणादायक महिलाओं से मिलूँगी और उनकी कहानियों का जश्न मनाऊँगी। गीवटूगेन हमें याद दिलाता है कि जब हम अपने अनुभव साझा करते हैं, युवा महिलाओं का मार्गदर्शन करते हैं या बस उनका साथ देते हैं, तो सशक्तिकरण का एक मजबूत दायरा बनता है।


## नए यमुना पुल से सिपाही ने लगाई छलांग, जल पुलिस ने बचाई जान।

**नैनी,प्रयागराज ।** शनिवार को नए यमुना पुल से एक सिपाही ने आत्महत्या की नीयत से नदी में छलांग लगा दी। पुल के नीचे ड्यूटी पर तैनात जल पुलिस के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल रेस्क्यू कर सिपाही को डूबने से बचा लिया। इसके बाद उसे एंबुलेंस से उपचार के लिए स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार मूल रूप से महोबा के रहने वाले कुशल द्विवेदी नैनी की लेबर कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। परिवार में उनकी पत्नी प्रियंका तिवारी, मां और भाई शामिल हैं। कुशल द्विवेदी की तैनाती मुट्ठीगंज थाने में है। इन दिनों उन्हें ट्रैफिक विभाग की ट्रेनिंग के लिए पुलिस लाइन भेजा गया है।बताया जा रहा है कि पहले कुशल थाने के पास ही किराए के कमरे में अकेले रहते थे, लेकिन परिवार के आने के बाद उन्होंने कमरा बदल लिया। शनिवार को अचानक उन्होंने नए यमुना पुल से नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद पुल पर तमाशबीनों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर मुट्ठीगंज थाने के एसआई कुंदन लाल और एसआई विकास चौधरी मौके पर पहुंचे। जल पुलिस द्वारा बचाए जाने के बाद सिपाही को 112 नंबर की गाड़ी से स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

## वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुई अपना दल (एस) की संगठन समीक्षा

● मध्य प्रदेश में संगठन विस्तार पर जोर।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** होली को ध्यान में रखते हुए अपना दल (एस) की संगठन समीक्षा बैठक इस बार वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व, वर्तमान एवं निवर्तमान प्रदेश पदाधिकारियों के साथ विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल भी जुड़े। इसके अतिरिक्त पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। वहीं मध्य प्रदेश से पार्टी के कुछ पूर्व प्रदेश पदाधिकारियों के साथ-साथ राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रदेश में संगठन की स्थिति और संभावनाओं को रेखांकित किया।

बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने और बूथ स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कि पार्टी की ताकत उसके कार्यकर्ताओं में है और यदि बूथ स्तर तक संगठन मजबूत होगा तो पार्टी का विस्तार और प्रभाव स्वतः बढ़ेगा। बैठक में उपस्थित प्रदेश पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की गतिविधियों और संगठनात्मक कार्यों की जानकारी साझा की। साथ ही आगामी समय में सदस्यता अभियान को और तेज करने तथा समाज के सभी वर्गों तक पार्टी की नीतियों और विचारों को पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गई।

## नए यमुना पुल से सिपाही ने लगाई छलांग, जल पुलिस ने बचाई जान।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी,प्रयागराज** शनिवार को नए यमुना पुल से एक सिपाही ने आत्महत्या की नीयत से नदी में छलांग लगा दी। पुल के नीचे ड्यूटी पर तैनात जल पुलिस के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल रेस्क्यू कर सिपाही को डूबने से बचा लिया। इसके बाद उसे एंबुलेंस से उपचार के लिए स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। जबजानकारी के अनुसार मूल रूप से महोबा के रहने वाले कुशल द्विवेदी नैनी की लेबर कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। परिवार में उनकी पत्नी प्रियंका तिवारी, मां और भाई शामिल हैं। कुशल द्विवेदी की तैनाती मुट्ठीगंज थाने में है। इन दिनों उन्हें ट्रैफिक विभाग की ट्रेनिंग के लिए पुलिस लाइन भेजा गया है।बताया जा रहा है कि पहले कुशल थाने के पास ही किराए के कमरे में अकेले रहते थे, लेकिन परिवार के आने के बाद उन्होंने कमरा बदल लिया। शनिवार को अचानक उन्होंने नए यमुना पुल से नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद पुल पर तमाशबीनों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर मुट्ठीगंज थाने के एसआई कुंदन लाल और एसआई विकास चौधरी मौके पर पहुंचे। जल पुलिस द्वारा बचाए जाने के बाद सिपाही को 112 नंबर की गाड़ी से स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

## समाधान दिवस में कुल 209 प्रकरण सुनवाई के लिए आयें, 13 प्रकरणों का मौके पर किया गया निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील मेजा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के लिए निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर तहसील में पोषण अभियान के अन्तर्गत 4 महिलाओं-सविता देवी, रचना कुमारी, कविता कुमारी, अंजली की गोदभराई एवं 3 बच्चों-दिव्यांशी, वेदांश एवं अर्पिता का अन्नप्राशन भी कराया। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं को लगाये जाने वाले टीको के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। सम्पूर्ण समाधान दिवस में केशव दास ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत कनिगड़ा विकास खण्ड उरूवा के द्वारा ग्राम पंचायत में पीने के पानी के टंकी के निर्माण हेतु उनके द्वारा जमीन उपलब्ध कराये जाने के बाद भी अभी तक टंकी का निर्माण कार्य शुरू नहीं कराये जाने की शिकायत की, जिसपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को जल्द से जल्द कार्य को शुरू कराये जाने का निर्देश दिए है। इसी क्रम में ग्राम प्रधान केशव दास के द्वारा ही ग्राम पंचायत में प्रस्तावित अत्येष्टी स्थल निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत कराने का अनुरोध किया गया, जिसपर जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को प्रकरण पर नियमसंगत कार्यवाही करने के लिए



कहा है। समाधान दिवस मे कृष्णा बिहारी पुत्र भैरव बक्स के द्वारा बोरिंग के लिए 7.5एचपी विद्युत कनेक्शन हेतु 9 माह पूर्व किए गए ऑनलाइन आवेदन के सम्बंधित एसडीओ स्तर पर लम्बित होने तथा अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं किए जाने की शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत कनेक्शन से सम्बंधित कार्यवाही को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार किरन देवी पत्नी स्व0 कृष्ण बहादुर निवासी ग्राम करदहा के द्वारा उनके पति की मृत्यु के पश्चात देवर श्याम बहादुर के द्वारा परिवार रजिस्टर से उनका नाम हटवाकर जमीन पर कब्जा किए जाने का प्रयास करने की शिकायत की, जिसपर जिलाधिकारी डीपीआरओ को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। प्रार्थी शशीकांत शुक्ला निवासी ग्राम औता तुलापुर के द्वारा तालाब के किनारे विद्युत लाइन के दो खम्भों के गिरने तथा विद्युत लाइन के क्षतिग्रस्त होने से पानी में करंट उतरने की सम्भावना के दृष्टिगत विद्युत लाइन को सही कराये जाने से सम्बंधित प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील मेजा में कुल 209 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग से सम्बंधित 70, विकास विभाग की 15, पुलिस विभाग 43, समाज कल्याण विभाग-03 व अन्य विभागों से सम्बंधित 78 थी, जिनमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को आज ही प्राप्त करते हुए उनको निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि शिकायतों का निस्तारण अनिवार्य रूप से निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत हो जाना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूजा मिश्रा, उपजिलाधिकारी मेजा सुरेन्द्र कुमार, परियोजना निदेशक भूपेन्द्र कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी जी0पी0 कुशवाहा, जिला पंचायतराज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिलापूर्ति अधिकारी सुनील कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नैनी पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार,कब्जे से चोरी के गहने बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी ,प्रयागराज** नैनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नकबजनी घर में चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का एक गले का हार, एक जोड़ी कान के झुमके (पीली धातु) तथा 1800 रुपये नकद बरामद किए हैं।नैनी कोतवाली में इरफाना बेगम पत्नी गुलजार अहमद, निवासी पूरा फतेह मोहम्मद, अरैल ने 6 मार्च को तहरीर देकर बताया था कि उनके घर का ताला तोड़कर अलमारी से सोने का हार, कान के झाले तथा कुछ नकदी चोरी कर ली गई है। इस संबंध में थाना नैनी में मु0अ0सं0 114/2026 के तहत धारा 305ए/331(4) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 6 मार्च 2026 को नए यमुना ब्रिज के अंडरपास के पास से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों में जाहिद अहमद (20 वर्ष) पुत्र निसार, निवासी कोटहा मेजा रोड थाना मेजा, हाल निवासी पूरा फतेह मोहम्मद नैनी तथा अमरीश मिश्रा (37 वर्ष) पुत्र राधे श्याम मिश्रा,निवासी ग्राम बिदाव थाना व जनपद कौशाम्बी, हाल निवासी पूरा फतेह मोहम्मद नैनी शामिल हैं।पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने इरफाना बेगम के घर में चोरी की थी। चोरी के सामान को बेचने के लिए वे शहर जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। विवेचना के दौरान मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी भी की गई है।जाहिद अहमद के कब्जे से 1 गले का हार (पीली धातु) व 1800 रुपये नकद।अमरीश मिश्रा के कब्जे से 01 जोड़ी कान का झुमका (पीली धातु) बरामद किए ।इस कार्रवाई को थाना नैनी के प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आशीष सिंह यादव,उपनिरीक्षक श्रीराम उपाध्याय, उपनिरीक्षक कमलेश सिंह, कांस्टेबल सत्येन्द्र यादव तथा कांस्टेबल राकेश यादव की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की।

## 115 रुपये महंगी हुई LPG गैस, घरेलू सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़े, मिडिल ईस्ट युद्ध के बीच भारतीयों को महंगाई का झटका।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच आम लोगों को महंगाई का एक और झटका लगा है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है, जबकि कमर्शियल सिलेंडर अब 115 रुपये महंगा हो गया है। नए दाम आज से लागू हो चुके हैं और इन्हें इंडियन ऑयल की वेबसाइट पर भी अपडेट कर दिया गया है। गौर करने वाली बात यह है कि घरेलू स्स्न सिलेंडर के दाम अप्रैल 2025 के बाद पहली बार बढ़ाए गए हैं। अब 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू स्स्न सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 853 रुपये से बढ़कर 913 रुपये हो गई है। कोलकाता में इसकी कीमत 879 रुपये से बढ़कर 939 रुपये हो गई है, जबकि चेन्नई में यह 868.50 रुपये से बढ़कर 928.50 रुपये तक पहुंच गई है। इसके साथ ही 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल स्स्न सिलेंडर की




कीमत में भी 115 रुपये का इजाफा किया गया है, जो 7 मार्च से प्रभावी हो गया है। दिल्ली में अब 19 किलोग्राम का कमर्शियल सिलेंडर 1883 रुपये में मिलेगा, जबकि मुंबई में इसकी कीमत 1835 रुपये हो गई है। कोलकाता में यह 1875.50 रुपये से बढ़कर 1990 रुपये हो गया है और चेन्नई में इसकी कीमत 1929 रुपये से बढ़कर 2043.50 रुपये तक पहुंच गई है। पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आयात होने वाली तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति प्रभावित होने के बाद घरेलू सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी हो गई है। होर्मुज के जरिये एलएनजी की आपूर्ति 28 फरवरी से ही रुक गई है। इससे लगभग 20 प्रतिशत वैश्विक एलएनजी आपूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित हुई है और एशियाई आयात बाजारों में चिंता बढ़ गई है। भारत की एलएनजी आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते ही आता है।

## अदालतें सिर्फ फैसले देने तक सीमित नहीं, साख-पारदर्शिता भी जरूरीः सीजेआई सूर्यकांत।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत आज चंडीगढ़ इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर(CIAC) का उद्घाटन करने वाले हैं। इससे पहले भूटान से लौटते हुए उन्होंने दैनिक ट्रिब्यून से बातचीत में कहा कि भारत की न्यायिक व्यवस्था का खास स्थान है। इससे पूरी न्यायिक प्रणाली में अदालतों को संस्थागत सीख मिलती है। साथ ही भारतीय न्यायिक व्यवस्था दूसरे देशों के साथ गहरा न्यायिक सहयोग और भागीदारी भी करती है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा-अदालतों की वैधता महज निर्णय देने तक सीमित नहीं है। यह उनकी साख, पारदर्शिता और न्यायिक प्रक्रिया तक पहुंच को आसान बनाने पर भी निर्भर करती है।उन्होंने कहा-तकनीक को जब पूरी सोच के साथ एकीकृत किया जाए तो यह न्याय देने में बदलाव ला सकती है और कोर्टों को नागरिकों के करीब ला सकती है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा-भारत का विशाल न्यायिक अनुभव इसके मजबूत संवैधानिक ढांचे, अदालतों के कामकाज के तरीके और तेजी से विकसित हो रही तकनीक आधारित न्याय वितरण प्रणाली पर आधारित है। बीते साल नवंबर में देश का



मुख्य न्यायाधीश बनने के बाद से सीजेआई सूर्यकांत का चंडीगढ़ का यह पहला दौरा है। यहां पर वह एक बड़े इंटरनेशनल लीगल इवेंट में शिरकत कर रहे हैं, जिसमें 50 देशों के न्यायिक संस्थाओं के स्पीकर आ रहे हैं। इसमें अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, कनाडा और फ्रांस की न्यायिक संस्थाओं के पदाधिकारी आ रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आगे कहा कि डिजिटल जगत को प्रभावित करने वाले अंतरराष्ट्रीय खतरों से निपटने के लिए कानूनी प्रणालियों को अधिकाधिक सहयोग करना होगा। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा-साइबर जगत में होने वाले अपराध भौगोलिक सीमाओं का सम्मान नहीं करते। इसलिए न्यायिक प्रणालियों और कानूनी संस्थानों को सहयोगात्मक ढांचे विकसित करने होंगे ताकि न्याय तकनीकी बदलावों के साथ तालमेल बिठा सके। मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा कि जटिल संघीय संरचना के तहत लाखों मामलों को संभालने वालीं भारत की अदालतों ने दशकों से ऐसे तंत्र और संस्थागत प्रतिक्रियाएं विकसित की हैं जो वैश्विक स्तर पर न्याय प्रणालियों को दिशा दे सकती हैं। आज कानून का शासन राष्ट्रीय सीमाओं से परे जाता है। अदालतें एक-दूसरे के अनुभव से सीखती हैं। अधिकारों की रक्षा करना, संस्थाओं को मजबूत करना और न्याय तक पहुंच आसान बनाना जैसी चीजें कोर्ट अनुभवों से सीखते हैं। भारत की न्यायिक यात्रा संवैधानिक मूल्यों को व्यावहारिक इनोवेशंस के साथ तालमेल बिठाती रही है। यह वैश्विक बातचीत में अपना योगदान दे सकती है।

# संक्षिप्त खबरें

## नारायणपुर में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में राजू रंजन ने संभाला पदभार, लाभुकों तक समय पर योजना पहुंचाने की कही बात



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** शनिवार को नारायणपुर प्रखंड में नए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में राजू रंजन ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी देवराज से औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। पदभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थापित एमओ राजू रंजन ने कहा कि विभाग के सभी कार्य सरकारी प्रावधानों के अनुसार किए जाएंगे। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर सभी लाभुकों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से कार्य करते हुए क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि राशन कार्ड धारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा तथा जन वितरण प्रणाली को सुचारु रूप से संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर सफरूद्दीन अंसारी, तरणी पोद्दार, मनोज रजक, कार्तिक दत्ता, ललित पंडित सहित अन्य उपस्थित थे।

## गहोई समाज के पूर्व अध्यक्ष कैलाश नारायण नौगरइया का निधन

**तालबेहट।** कस्बा के गंज निवासी तथा गहोई समाज के पूर्व अध्यक्ष कैलाश नारायण नौगरइया (नन्ना) का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। नगर के व्यवसाई स्व0मम्मू नौगरिया, रविन्द्र नौगरइया (रम्मू) व बृजेन्द्र नौगरइया (कक्कू) के पिता तथा प्रवीण नौगरइया, नवीन नौगरइया, राजुल नौगरइया और राघव नौगरइया के दादाजी थे। उनके निधन पर गहोई समाज, जैन समाज, नगर उद्योग व्यापार मंडल, नगर व्यापार मंडल, सराफा समिति सहित विभिन्न संगठनों ने शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र ने किया शोक सभा का आयोजन

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश**-डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र द्वारा एक शोक सभा का आयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव के पिता के आकस्मिक मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉक्टर रियाजुद्दीन खान ने कहा कि डी बी ए की ओर से अधिवक्ता राजेश कुमार यादव के पिता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया जाता है। इस दुख की घड़ी में हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता हरि प्रसाद यादव ने कहा कि आज हम यहाँ एक महान आत्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए इकट्ठे हुए हैं, जिन्होंने अधिवक्ता राजेश यादव के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी मृत्यु एक अपूरणीय क्षति है, लेकिन उनकी यादें और आदर्श हमेशा हमारे साथ रहेंगे। शोक सभा में प्रेम प्रताप विश्वकर्मा, चंद्र प्रकाश सिंह, बीपी सिंह,सुरेश कुशवाहा,अशोक कनौजिया, शैलेंद्र कुमार, संतोष यादव,रविंद्र पटेल,प्रीति सिंह,राम गुल्ली,राकेश सिंह पटेल, गोबिंद,शाहनवाज़ आलम खान आदि लोग उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रारा में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम रारा निवासी रामचरन कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका छोटा भाई कामता पुत्र परसादी 3 मार्च की रात करीब आठ बजे घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार मोटरसाइकिल (डीलक्स) नंबर यूपी 94 बाई 1857 ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां से भी हालत नाजुक होने पर ग्वालियर भेज दिया गया। इलाज के दौरान 6 मार्च को ग्वालियर में उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई ने अज्ञात चालक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चौपारण में टोटो चोरी करने वाले गिरोह का 24 घंटे में हुआ खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र में टोटो (तीन पहिया वाहन) चोरी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया। पुलिस ने चोरी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी किया गया टोटो भी बरामद कर लिया है। इस संबंध में हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेसवार्ता कर पूरी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 6 मार्च 2026 को सुरेंद्र यादव पिता महेंद्र यादव निवासी बरहमोरिया, थाना चौपारण, जिला हजारीबाग ने आवेदन देकर बताया कि उनका तीन पहिया वाहन टोटो/टेम्पू रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 02 बीएक्स 4189 चोरी हो गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपना टोटो मचला निवासी गेंदों पासवान को चलाने के लिए दिया था। प्रतिदिन की तरह वाहन चलाने के बाद टोटो को घर के पास खड़ा किया गया था, लेकिन रात में अज्ञात चोरों ने उसे चोरी कर लिया। आवेदन के आधार पर चौपारण थाना कांड संख्या 56/26, दिनांक 06/03/2026 के तहत धारा 303 (2) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की सूचना तुरंत पुलिस अधीक्षक को दी गई, जिसके निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही अजित कुमार बिमल के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने इस मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए चोरी किए गए टोटो को रांची जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया। साथ ही इस घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सभी आरोपी पहले भी कई मामलों में जेल जा चुके हैं और विभिन्न जिलों में इनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों में प्रकाश कुमार (20 वर्ष) पिता स्व. अमृत साव रोहनियाटांड़ जिला कोडरमा, राजा कुमार (19 वर्ष) पिता आदित्य तिवारी निवासी आश्रम रोड, झुमरी तिलैया जिला कोडरमा, गौतम कुमार (20 वर्ष) पिता स्व. महाबीर महतो, निवासी आश्रम रोड झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा शामिल है। बरामद सामान में महिंद्रा कंपनी का टोटो टेम्पू (रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 02 बीएक्स 4189 एवं उसका चार्जर, एक अपाचे मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 12 एस 0356 शामिल है। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही अजित कुमार विमल, पु.नि. बरही अंचल चंद्रशेखर कुमार, पु.अ.नि. सरोज सिंह चौधरी, थाना प्रभारी चौपारण, पु.अ.नि. सरवन कुमार पासवान, पु.अ.नि. दिव्य प्रकाश सिंह, पु.अ.नि. रवि रंजन, स.अ.नि. भाजू एक्का समेत थाना रिजर्व गार्ड जवान शामिल थे। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश भी जारी है।

# महंगाई को लेकर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी का मोदी सरकार पर हमला

● गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी को बताया आम लोगों पर बोझ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही हजारीबाग, झारखंडः-** कांग्रेस बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने केंद्र की मोदी सरकार पर महंगाई को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने प्रेस बयान जारी कर कहा कि देश में नित्यदिन महंगाई बढ़ती जा रही है, जिसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर आवश्यक सामान तक की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का जीवन कठिन होता जा रहा है। अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी कर केंद्र सरकार ने आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है और इसका खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। सरकार को चाहिए कि वह महंगाई पर लगाम लगाए और आम लोगों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि यदि जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर सड़क से सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## महिला से मारपीट, पति समेत तीन पर आरोप

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुकटौरा मजरा सहसुती में एक महिला ने अपने पति, ससुर व ननद पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मुकटौरा निवासी बृज पत्नी कल्लू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 मार्च को दोपहर करीब दो बजे वह घर पर थी। घर में निर्माण कार्य चल रहा था, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वह काम नहीं करा पा रही थी। इसी बात से नाराज होकर उसके पति कल्लू, ससुर जगदीश पुत्र बहोरन सिंह और ननद मोहनी पुत्री जगदीश सिंह गाली-गलौज करने लगे।

पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर तीनों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे उसके शरीर में चोटें आई हैं। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

# महिला दिवस पर आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में मेहंदी प्रतियोगिता, आज होगा सम्मान समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः-** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत संचालित आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, हजारीबाग में शनिवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में केंद्र की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता और कला का आकर्षक प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की सुंदर और आकर्षक मेहंदी डिजाइनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। केंद्र प्रबंधन ने बताया कि आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में छात्राओं और महिलाओं के लिए ब्यूटीशियन, सिलाई, कंप्यूटर तथा नर्सिंग जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों में सरकारी योजना के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षुओं को झारखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया जाता है। मेहंदी प्रतियोगिता में चयनित शीर्ष तीन छात्राओं को आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। इसी क्रम में केंद्र में शनिवार को सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं के लिए एक रोजगार मेले का भी आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में एशियन फैब्रिक्स कंपनी नियोक्ता के रूप में शामिल होकर छात्राओं के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की। केंद्र प्रबंधन के अनुसार इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को कौशल विकास से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

# स्कॉर्पियो से कुचलकर दो की हत्या मामले का हुआ खुलासा, सात आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम नापोखुर्द में बीते 5 मार्च को हुई दोहरी हत्या की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 5 मार्च को सूचना मिली थी कि एक स्कॉर्पियो वाहन ने आठ लोगों को टक्कर मार दी है, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद भागने के दौरान स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई और उसमें सवार सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मामले में बड़कागांव पुलिस स्टेशन में कांड संख्या 38/2026 दर्ज किया गया। घटना के उद्भेदन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव के नेतृत्व में विशेष जांच दल एसआईटी का गठन किया गया। जांच में सामने आया कि नापोखुर्द निवासी विकास कुमार का ईट भट्ठा व्यवसाय को लेकर विनोद साव, संजय साव और रोहित साव से पहले से विवाद चल रहा था, जिसके कारण दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। बताया जाता है कि 4 मार्च को होली मनाने के लिए विकास कुमार रांची से अपने गांव नापोखुर्द आया था। उसी दिन उसका विनोद साव और अन्य लोगों के साथ फिर से विवाद हो गया। इसके बाद 5 मार्च को विकास कुमार अपने साथियों के साथ स्कॉर्पियो वाहन से लाठी, लोहे की रॉड और पाइप लेकर बदला लेने के इरादे से निकला। इसी दौरान उसने देखा कि विनोद साव अपने साथियों के साथ होली के अवसर पर डीजे बजाकर नाच-गाना कर रहा है। गुस्से में विकास कुमार ने तेज रफ्तार स्कॉर्पियो उन लोगों पर चढ़ा दी। इसके बाद गाड़ी रोककर आरोपियों ने लाठी, लोहे की रॉड और पाइप से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान रोहित कुमार और प्रदीप कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी स्कॉर्पियो से भागने लगे, लेकिन रास्ते में गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई। इसके बाद सभी आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 मार्च को मुख्य आरोपी विकास कुमार सहित प्रभात कुमार महतो, कुलदीप कुमार गंझू, दीपक तिवारी, पारसनाथ महतो उर्फ सिटन, घनश्याम कुमार और नागेंद्र गंझू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक स्कॉर्पियो वाहन जेएच 01डीक्यू 7798 तीन मोबाइल फोन, एक लोहे की रॉड, एक लोहे का पाइप और दो लाठियां बरामद की हैं। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार, पुलिस निरीक्षक ललित कुमार, थाना प्रभारी कृष्णा कुमार गुप्ता, पुअनि आशीष कुमार भगत, बड़कागाय थाना, हजारीबाग, पुअनि अमीत कुमार, बड़कागांव थाना, हजारीबाग सहित बड़कागांव थाना की पुलिस टीम और सशस्त्र बल शामिल थे।

# अनुसूचित जाति कारीगरों के लिए छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू

● वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से हजारीबाग में प्रशिक्षण, 20 कारीगर ले रहे हैं भाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः-** वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम, रांची द्वारा शहर के एक होटल के सभागार में छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वस्त्र मंत्रालय के सहायक निदेशक पुष्प राजन और जिला कल्याण पदाधिकारी मां देव प्रिय ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुसूचित जाति समुदाय से जुड़े वस्त्र मंत्रालय में पंजीकृत 20 कारीगर भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य कारीगरों को आधुनिक तकनीक और व्यवसायिक ज्ञान से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।प्रशिक्षण के दौरान कारीगरों को नए डिजाइन तैयार करने, उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार, ब्रांडिंग, पैकेजिंग तथा विपणन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके माध्यम से कारीगर अपने हुनर को बेहतर तरीके से बाजार तक पहुंचाकर स्वरोजगार के अवसर बढ़ा सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सत्रों के माध्यम से कारीगरों को उद्यमिता के गुर सिखाए जाएंगे, ताकि वे अपने उत्पादों को प्रतिस्पर्धी बाजार में पहचान दिला सकें। इस अवसर पर हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक, हस्तशील विकास संस्थान के नरेश ठाकुर, उमा कुमारी, संजय गोप, सुजीत किस्फोटक, पंकज ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# तेलो में 51 फीट हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा व महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंद्रपुरा, बोकारो, झारखंडः-** बोकारो जिला के चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तेलो गांव में नव निर्मित बजरंग बली मंदिर एवं श्री श्री दुर्गा मंदिर के प्रांगण में स्थापित 51 फीट ऊंची भगवान हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ अनुष्ठान को सफल बनाने को लेकर ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सूबे के पूर्व मंत्री स्व. जगन्नाथ महतो की धर्मपत्नी एवं पूर्व मंत्री बेबी देवी के पुत्र सह झामुमो केंद्रीय सदस्य अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो ने की, जबकि संचालन तेलो मध्य पंचायत के मुखिया युगल महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तेलो गांव में सात दिवसीय श्री श्री 1008 मारुति नंदन महायज्ञ एवं भगवान हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों के बीच विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि 51 फीट ऊंची भगवान हनुमान जी की प्रतिमा क्षेत्र के लिए आस्था का केंद्र बनेगी और यहां धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं के भी बड़ी संख्या में शामिल होने की संभावना है। बैठक में गांव के कई गणमान्य लोग, समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बरही/पदमा अंचल क्षेत्र के तसदीक शिविर का उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने शनिवार को सूर्यपुरा पंचायत भवन में पदमा एवं बरही अंचल क्षेत्र के तसदीक शिविर का औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजा हरिला, थाना नंबर 60 से संबंधित अभिलेखों का विस्तृत निरीक्षण किया। उपायुक्त ने वंशावली अभिलेखों का अवलोकन करते हुए साबिक खाता, खेसरा तेरीज तथा खेसरा पंजी का मिलान कराया। साथ ही पुराने नक्शे के आधार पर तैयार किए गए नए नक्शे की प्रगति के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में प्राप्त बदर (शिकायत) मामलों के ससमय निष्पादन का निर्देश दिया। उपायुक्त ने शिविर प्रभारी एवं सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बदर पंजी, वंशवृक्ष, खेसरा पंजी, नक्शा सहित सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों का सावधानीपूर्वक मिलान कर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शिविर में संपादित एवं आगामी कार्यों से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन एक सप्ताह के भीतर तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। शिविर में संचालित कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने कहा कि कार्यों में तेजी लाते हुए समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कार्यों की नियमित निगरानी के लिए प्रत्येक शनिवार को शिविर का निरीक्षण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि तसदीक कार्यों को पूरी पारदर्शिता और तत्परता के साथ संपन्न कराया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## मासूम के अपहरण का आरोपी भेजा गया जेल

**लालगंज,प्रतापगढ़।** मासूम के अपहरण व पास्को एक्ट के मुकदमें में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के उप निरीक्षक बनवारी लाल पाल पुलिस फोर्स के साथ सुबह गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर गोसांई का पुरवा अमावां निवासी अपहरण व पास्को एक्ट के मुकदमें में वांछित विकास पटेल उर्फ अमन पुत्र हरिकेश कुमार को महिमापुर नहर के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# व्यक्तिगत अहम् को धर्म युद्ध बताना सनातन धर्म एवं सांस्कृतिक मूल्यों के विपरीत : हिन्दू विचार मंच पाकुड़िया इकाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** 495 वर्षों के उपरांत भारतवर्ष की पावन भूमि अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर देश की सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में भव्य-दिव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा श्रीराम मूर्ति का विधिवत प्राण प्रतिष्ठा करने पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती की आलोचना से लेकर मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी संगम स्नान और इन दिनों व्यक्तिगत अहम् के अश्व पर सवार होकर शंकराचार्य ने गौ रक्षा के नाम पर योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध लखनऊ प्रस्थान को धर्म युद्ध बताकर सनातनियों में धर्म के प्रति संशय-भ्रम पैदा कर भारत की प्रगति को अवरुद्ध करने की कुचेष्टा करते दिख रहे हैं। इसे धर्म युद्ध कहना सनातन सांस्कृतिक मूल्यों के विपरीत ही नहीं अपितु राष्ट्र विरोधी तत्वों को बल प्रदान कर राष्ट्रीय प्रगति को अवरुद्ध करने की कुचेष्टा कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। स्मरण रहे सनातन धर्म कोई व्यक्ति नहीं है और न ही किसी के द्वारा थोपी गई मान्यता है। धर्म का व्यापक अर्थ कर्म है और धर्म वही है जो मानवीय हितों का संवर्धन करते हुए राष्ट्र की रक्षा-सुरक्षा में सहायक हो। क्या शंकराचार्य जी को यह प्रसंग ज्ञात नहीं है कि श्रीकृष्ण ने सूर्यपुत्र कर्ण को वध करने की आज्ञा दी जब वह अस्त्र-शस्त्र को रथ पर रख कीचड़ में फंसे रथ के पहिये को निकाल रहा था। तब कर्ण ने इसे अधर्म कहते हुए कृष्ण को धिक्कारा। तब योगेश्वर ने कर्ण को द्रौपदी के चीरहरण, अभिमन्यु वध आदि स्मरण कराते हुए धर्म की व्यापकता बताई, जिस पर कर्ण चुप हो गया।

शंकराचार्य कहते हैं कि वे ग्यारह मार्च को लखनऊ में शंख बजाकर गौरक्षा के लिए उद्घोष करेंगे जैसे महाभारत युद्ध को श्रीकृष्ण ने धर्म युद्ध कहा था। सनातन धर्म और सांस्कृतिक मूल्यों में गौ माता का स्थान ऊँचा रहा है और आज भी है। यद्यपि सनातन परम्पराओं में जीव हत्या को पाप कहते हुए सभी जीवों की रक्षा करना धर्म कहा गया है। रघुवंशी महाराज शिवि ने तो एक कबूतर की रक्षा हेतु अपने प्राण अर्पित करने को तत्परता दिखाई थी। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हिन्दू होने का प्रमाण मांगते हुए संन्यासी नहीं होने की बात कह दी। परन्तु उन्हें धर्म की व्यापकता के आलोक में दशरथ नंदन अयोध्या अधिपति श्रीरामचन्द्र जी के बाल्य, तरुण और अश्वमेध यज्ञ करने के उपरांत चक्रवर्ती सम्राट बनने तक के कालक्रमों पर गंभीरता से मंथन करते हुए धर्म के मर्म को समझना चाहिए। क्या रामजी केवल पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन कर धर्म की




व्यापकता और सार्थकता सिद्ध की, या प्रजापालन करते हुए आर्यावर्त और जम्बूद्वीप को मानव तथा राष्ट्र विरोधी तत्वों का संहार कर समृद्धि के शिखर पर पहुँचाया? वहीं श्रीराम ने माँ जानकी को वनवास देने के उपरांत क्या स्वयं संन्यासी जीवन नहीं जिया? केवल गेरुआ वस्त्र धारण करना ही संन्यास नहीं है। इसके साथ कामना और वासनाओं का पूर्ण परित्याग करना ही वास्तविक संन्यास है। हिन्दू कोई मत-पंथ नहीं है। हिन्दू एक विशाल जीवन शैली है और इसकी अवधारणा में सम्पूर्ण विश्व एक विशाल परिवार के रूप में समाया है जिसमें सबके कल्याण की कामना की गई है। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दर्शन में वे हिन्दू हैं चाहे वे किसी भी मत-पंथ या उपासना पद्धति को मानते हों, यदि उनकी राष्ट्रीय निष्ठा भारतीय राष्ट्र के प्रति समर्पित हो।

हालांकि प्राचीन वेदों, उपनिषदों और स्मृतियों में हिन्दू शब्द का उल्लेख नहीं मिलता है। तात्पर्य यह है कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज जी को व्यक्तिगत अहम् का परित्याग कर योगी आदित्यनाथ जैसे कर्मनिष्ठ प्रशासक के विरुद्ध गौरक्षा के नाम पर प्रदेश को अस्थिर नहीं करना चाहिए। इससे न केवल सनातनी भ्रमित होंगे बल्कि भारत विरोधी लॉबी को भी सहारा मिलेगा। जहाँ तक गौमाता की रक्षा की बात है, इसकी चर्चा विपक्षी तथा सत्ता पक्ष के नेताओं द्वारा लोकसभा और विधानसभाओं में कर समस्या का समाधान संविधान के तहत सर्वसम्मति से किया जाना चाहिए। योगी जी के प्रशासनिक काल में गौमाता को सुरक्षा तो मिल ही रही है, वहीं दूसरी ओर माता-बहनें भी स्वयं को सुरक्षित अनुभव करते हुए प्रगति की ओर बढ़ रही हैं। यदि कोई विचलित है तो वह भूमाफिया, अपराधी तथा अराष्ट्रीय तत्व हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को भी शंकराचार्य जी का पूरा सम्मान राष्ट्रहित में करना चाहिए ताकि भारतवर्ष की पावन धरा पर 7वीं से 13वीं सदी तक आक्रांताओं तथा उसके बाद देशी राजाओं की आपसी प्रतिस्पर्धा और द्वेष के कारण मुगल व अंग्रेजों के पराधीन काल में भारतीयों पर हुई यातनाओं से सबक लेते हुए हम भारतीय अपने स्वर्णिम अतीत से प्रेरणा लेकर भारतवर्ष को पुनः सभी क्षेत्रों में शक्तिशाली बनाते हुए समृद्धि के शिखर पर पहुँचा सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी जन शिकायतें



**कोंच(जालौन)-** एक ही पटल पर अलग-अलग विभागों से संबंधित जन शिकायतें सुनकर उनका यथोचित निराकरण किए जाने के लिए शासन की मंशानुरूप तहसील स्तरीय समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को तहसील कक्ष में किया गया। इस दौरान पुलिस, राजस्व आदि विभागों से सम्बंधित कुल 16 शिकायतें दर्ज कराई गई। इन शिकायतों में से मौके पर सिर्फ 5 शिकायतें ही निस्तारित की जा सकीं। एसडीएम ज्योति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों ने अवैध अतिक्रमण, साफ सफाई, बिजली, पानी से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराई। एसडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों को लंबित न रखें, बल्कि मौके पर जाकर गुणवत्ता के साथ समय से निस्तारण करें और इसकी जानकारी शिकायतकर्ता को भी दें। एसडीएम ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य होगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार जितेंद्र पटेल, जेई विद्युत अमन पांडेय, ईओ नगर पालिका मोनिका उमराव, मंडी निरीक्षक राहुल कुमार, जेई जल संस्थान दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

### सूरज ज्ञान महाविद्यालय के डॉ रमनबाबू अध्यक्ष और अंकुर बने प्रबंधक



**कोंच(जालौन)-** सूरज ज्ञान शिक्षा प्रसार समिति कोंच द्वारा संचालित सूरज ज्ञान महाविद्यालय कोंच की प्रबंध समिति की निर्वाचन प्रक्रिया शनिवार को महाविद्यालय सभा कक्ष में पूर्ण हुई। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा नामित पर्यवेक्षक डॉ सुनील कुमार प्रजापति और निर्वाचन अधिकारी दीपक मिश्रा की देखरेख में संपन्न हुई निर्वाचन प्रक्रिया में डॉ रमनबाबू जैन अध्यक्ष, अजीत प्रताप सिंह उपाध्यक्ष, अंकुर यादव प्रबन्धक, राहुल जैन उपप्रबंधक और भारती यादव कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गई। कार्यकारिणी सदस्यों के 3 पद पर सोनल जैन, राजवीर एवं इंद्रमणि जैन को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।निर्वाचन अधिकारी ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष मिश्रा ने नवनिर्वाचित प्रबंध समिति के समस्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने महाविद्यालय के विकास हेतु सर्वोत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लिया।

### रामनगर में युवक की लाठी-डंडों से पिटाई, चार नामजद

**ललितपुर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुहल्ला रामनगर में मामूली विवाद के चलते चार लोगों ने एक युवक को घर में घुसकर बेरहमी से पीट दिया। हमले में युवक के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामनगर निवासी अर्जुन कुशवाहा (18) पुत्र शिवचरन कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि घटना बुधवार, 4 मार्च 2026 की शाम करीब 6 बजे की है। वह अपने घर पर था, तभी मुहल्ले के ही शाहिल, दीपू, चित्रांश और मनोज एकराय होकर उसके दरवाजे पर आए और बिना किसी वजह के गाली-गलौज करने लगे। तहरीर के मुताबिक, जब अर्जुन ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपियों ने उसे घेर लिया और लात-घूसों व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। युवक की चीख-पुकार सुनकर आए पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर उसे हमलावरों से बचाया। जाते समय आरोपियों ने धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की, तो उसे जान से मार देंगे। कोतवाली पुलिस ने 6 मार्च को प्राप्त तहरीर के आधार पर आरोपी शाहिल, दीपू, चित्रांश और मनोज के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

## सोनभद्र दिव्यांग दंपति के आशियाने पर भू-माफिया की नज़र, 28 साल बाद 8 लाख की मांग उत्तम दिव्यांग सेवा संस्थान ने खोला मोर्चा

### ●दिव्यांग दंपति के आशियाने पर दबंगई का साया, 28 साल बाद मांगा जा रहा 8 लाख का गुंड टैक्स

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा (बिल्ली मारकुंडी)/ सोनभद्र** - जनपद सोनभद्र के बिल्ली रेलवे स्टेशन क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाला एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। यहाँ एक निर्धन और शारीरिक रूप से अक्षम (दिव्यांग) दंपत्ति, जो पिछले 28 वर्षों से अपने घर में रह रहे हैं, आज भू-माफियाओं की प्रताड़ना के कारण बेघर होने की कगार पर हैं। इस अन्याय के खिलाफ अब सामाजिक संगठनों ने भी हुंकार भर दी है। प्रार्थी रामपुजन विश्वकर्मा के अनुसार, उनके पिता राजेंद्र विश्वकर्मा ने वर्ष 1998 में स्थानीय निवासी स्वर्गीय रवि मल्होत्रा से 20,000 नकद देकर जमीन खरीदी थी। स्वर्गीय मल्होत्रा ने तब आश्वासन दिया था कि अभी घर बना लो, रजिस्ट्री बाद में करा देंगे। वर्षों तक टालमटोल के बाद 2004 में रवि मल्होत्रा का निधन हो गया। अब उनके पुत्र राहुल मल्होत्रा ने वसीयत के आधार पर जमीन अपने नाम कराकर प्रार्थी से 8,00,000 की अवैध मांग शुरू कर दी है। रामपुजन और उनकी पत्नी दोनों पैरों से पूर्णत दिव्यांग हैं। आरोप है कि जब उन्होंने अपनी आर्थिक लाचारी बताई, तो राहुल मल्होत्रा ने संवेदनहीनता की हदें पार करते हुए कहा सड़क किनारे जाकर भीख मांगो। प्रार्थी का आरोप है कि उन्हें लगातार घर से बेदखल करने की धमकियां दी जा रही हैं, जिससे परिवार गहरे मानसिक तनाव में है। इस मामले को लेकर उत्तम दिव्यांग सेवा संस्थान ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संस्थान के संस्थापक उत्तम सिंह के नेतृत्व में दर्जनों सदस्यों ने ओबरा तहसील में समाधान दिवस के अवसर पर एडीएम (छ्रष्टरू) महोदय को ज्ञापन सौंपा। संस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव पूजन विश्वकर्मा की अगुवाई में यह मांग उठाई गई। न्याय की इस लड़ाई में संतोष कुमार, भुनेश्वर देवगन, आलोक कुमार, नीतू कुमारी, नवीन प्रजापति सहित संस्था के अनेक सदस्य मौजूद रहे। उत्तम दिव्यांग सेवा संस्थान ने स्पष्ट कहा कि 28 वर्षों से रह रहे दिव्यांग परिवार को भू-माफियाओं के चंगुल से बचाना प्रशासन की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है। जमीन विवाद की जांच कर प्रार्थी के नाम बैनामा और म्यूटेशन सुनिश्चित हो। धमकियां देने वालों पर कानूनी कार्रवाई कर दिव्यांग परिवार को पुलिस सुरक्षा दी जाए। प्रार्थी की निर्धनता देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से वकील उपलब्ध कराया जाए।पीड़ित परिवार को इसी भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिले। एक ओर सरकार दिव्यांगजन सशक्तिकरण का नारा बुलंद कर रही है, वहीं दूसरी ओर सोनभद्र का यह मामला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाता है। अब सबकी निगाहें जिलाधिकारी और ओबरा प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या वे इस दिव्यांग दंपत्ति को न्याय दिला पाएंगे या दबंगई की जीत होगी।

### आम रास्ते के विवाद में की मारपीट

**कोंच(जालौन)-** ग्राम मनोहरी में आम रास्ते को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। गांव के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि आम रास्ते में रस्सी बांधकर कपड़े सुखाने का विरोध करने पर उसके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित व्यक्ति ने शनिवार को समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मनोहरी निवासी राजू कुशवाहा पुत्र रामदास ने शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के कुछ लोग आम रास्ते में रस्सी बांधकर उस पर कपड़े सुखाते हैं। इससे रास्ते से आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। जब उसने संबंधित लोगों से रास्ते में बंधी रस्सी हटाने के लिए कहा तो 6 मार्च की रात 8 बजे आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर पीड़ित ने कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### दहेज प्रताड़ना से आजिज महिला ने की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** दहेज प्रताड़ना से आजिज महिला ने शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। मोहल्ला आज़ाद नगर कोंच निवासी लल्लू खां की विवाहित बेटी रुखसार ने शनिवार को समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी करीब 6 वर्ष पूर्व समथर थाना क्षेत्र के ग्राम लोहागढ़ निवासी नसीम पुत्र नसीर के साथ हुई थी। शादी के बाद ही पति सहित अन्य सभी ससुरालीजन एक लाख रुपए नगदी और बाइक लाने का उस पर दबाव बनाने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। बीती 28 फरवरी को ससुरालियों ने गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट की और जबरन कार में बैठाकर दोहर चौराहा कोंच पर छोड़ कर भाग गए। उक्त लोगों ने धमकी दी कि अतिरिक्त दहेज की माँग पूरी न करने पर उसे ससुराल में नहीं आने दिया जाएगा। पीड़ित रुखसार ने बताया कि ससुरालीजनों की मारपीट में वह गंभीर रूप से बीमार पड़ गई थी जिसके चलते उसे पांच दिन तक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती रहना पड़ा। मामले की शिकायत उसने कोतवाली कोंच पुलिस से की थी लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की। वहीं समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहीं एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस को जांच कर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति द्वारा भव्य कार्यक्रम आज

### ●उत्कृष्ट महिलाएं होंगी सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक शनिवार को समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 8 मार्च 2026, दिन रविवार को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। समिति की सचिव श्रीमती गीता सैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय होटल द ग्रांड सिद्धि (सिविल लाइंस) में दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद रायसेन की अध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सैन उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती गुलाबबाई सैन करेंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेविका निशा वर्मा (इटावा), दीपिका सिंह (कानपुर), रंजना गुप्ता (सुल्तानपुर), सुनंदा वर्मा, अंजली शुक्ला (कन्नौज), सूरज रानी निरंजन (पूर्व ब्लॉक प्रमुख विरधा), जनक यादव (सदस्य जिला पंचायत), रंजना पुलैया (बांसी), सुश्री ईजी साक्षी रिछारिया, मीना सेन, मीरा साहू और संगीता वर्मा (झांसी) सहित कई गणमान्य हस्तियां शामिल होंगी। बैठक में उपाध्यक्ष रामदेवी सेन, सचिव गीता सेन, कोषाध्यक्ष सुमन सेन, ऑडिटर डोली सेन, सदस्य प्रियंका सेन, संध्या, प्राची सेन, सुमन प्रजापति, कमला साहू, ममता पाल, सुशीला, सरोज सेन, सोमवती यज्ञिक, पिस्ता वर्मा, प्रियंका वर्मा, रामदेवी निरंजन, रानी पंथ, नीलम, सुमन, राजकुमारी सिंह, कुसुम देवी, गुडडी नापित, वंदना वर्मा, रेणुका कौशिक, दीपिका वैष्णो आदि सदस्य उपस्थित रहे। संचालन सचिव गीता सेन और आभार प्रदर्शन प्रियंका सेन ने किया।

## तुवन मंदिर में बहेगी भक्ति की रसधार

### ●आज से श्रीमद्भागवत कथा और पार्थिव शिवलिंग निर्माण का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** धर्मनगरी ललितपुर के प्रसिद्ध श्रीतुवन मंदिर प्रांगण में आगामी 8 मार्च से एक भव्य धार्मिक महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। स्मृतिशेष पवन कुमार जैन नौरहकलां (पूर्व पार्षद एवं रेलवे ठेकेदार) की पुण्य स्मृति में नौरहकलां परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं सप्तदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ रविवार 8 मार्च 2026 को सुबह 10.30 बजे भव्य विशाल कलश यात्रा के साथ होगा, जो श्री तुवन मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी। आयोजन केसंरक्षक महंत रामलखनदासजी महाराज (उत्तराधिकारी महंत, श्री तुवन मंदिर) रहेंगे। आयोजन में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक होगा। इसके साथ ही श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक। कथा व्यास के रूप में अयोध्या धाम के ओजस्वी वक्ता स्वामी बाल भरत जी महाराज अपने श्रीमुख से अमृत वर्षा करेंगे। ज्ञान अमृत वर्षा कार्यक्रम में सायं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक, जिसमें आचार्यश्री कामता प्रसादजी महाराज (प्रयागराज) द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। कथा के दौरान प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जिनमें मेक इन इंडिया, स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नारी सशक्तिकरण जैसे सामाजिक संदेश भी शामिल रहेंगे। 11 मार्च को कवि सम्मेलन और 15 मार्च को सायं 4 बजे से विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम की पूर्णाहुति होगी। आयोजक साधना जैन, समीक्षा जैन, प्रतीक जैन एवं समस्त नौरहकलां परिवार (रेलवे ठेकेदार, ललितपुर) ने सभी धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। आयोजन के सफल आयोजन को लेकर महन्त रामलखनदासजी महाराज ने प्रेस वार्ता कर अपनी शुभकामनाएं दीं हैं। यह जानकारी पत्रकार रवि जैन चुनगी ने दी है।

## टैक्सी की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल, हाथ की उंगली कटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पटौरा रोड पर एक अनियंत्रित टैक्सी ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक का पैर फ्रैक्चर हो गया और हाथ की उंगली कट गई है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर टैक्सी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पटौराकलां निवासी रमेश पुत्र दयाली विश्वकर्मा ने कोतवाली पुलिस को बताया कि उनका 24 वर्षीय पुत्र निशांत बुधवार, 4 मार्च की रात करीब 9 बजे ललितपुर से अपने गांव बाइक से जा रहा था।

पटौरा रोड पर सामने से आ रही टैक्सी (नंबर यू.पी. 94 टी 4618) ने उसकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टैक्सी को गांव का ही राहुल रजक (पुत्र पप्पू) चला रहा था। हादसे में निशांत के घुटने में फ्रैक्चर हुआ है और हाथ की उंगली कटकर अलग हो गई है। पीड़ित पिता ने बताया कि वह एक गरीब मजदूर हैं और डॉक्टरों ने बेटे के इलाज के लिए ऑपरेशन की सलाह दी है। परिवार इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी चालक राहुल रजक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और 125(बी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### रमजान माहः 16वें रोजे पर इफ्तार का किया गया एहतमाम

**कोंच(जालौन)-** माहे रमजानुल मुबारक के 16वें रोजे पर जुमे को आराजी लेन स्थित मदरसा कादरिया गुलशने मुस्तफा में रोजा इफ्तार का एहतमाम किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। इफ्तार के समय बाद मस्जिद कुरैशियान के खतीबो इमाम हाफिज कारी मोहम्मद असलम रजा ने नमाज मगरिब अदा कराई। नमाज के बाद रोजेदारों ने अपने गुनाहों की तौबा के साथ मुल्क में अमन चैन कायम रहने व खुशहाली की दुआ मांगी। कारी ने कहा, जितना सबाब रोजा रखने का है उतना ही सबाब रोजेदार को रोजा इफ्तार कराने का है। उन्होंने कहा मुकद्दस माहे रमजान की बहुत फजीलतें हैं इसलिए इस माहे मुबारक की कद्र करें। नमाज, रोजे, तराबीह के साथ साथ जकात सदकए फित्र अदा करें और तमाम बुरे कामो से दूर रहकर गुनाहों से बचें। इस दौरान प्रबंधक नन्नू कुरैशी, हाफिज नईम रजा, हाफिज फरहान शहजाद कुरैशी, बाबू क़ुरैशी, नायाब क़ुरैशी, वकील अहमद, साबिर, गुल्ला, चांद आसिफ, बसीम, राशिद, रिहान आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं ने पार्क की अव्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम से की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** नगर पालिका परिषद कार्यालय के ठीक सामने स्थित पार्क में व्याप्त गंदगी एवं अन्य अव्यवस्थाओं से परेशान गहोई महिला मंडल व पतंजलि योग शिविर से जुड़ी महिलाओं ने शनिवार को ज्ञापन सौंपकर एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। गहोई महिला मंडल की अध्यक्ष रजनी डेंगरे की अगुवाई में तहसील पहुंची महिलाओं ने एसडीएम ज्योति सिंह को सौंपे अपने ज्ञापन में कहा कि इस पार्क में प्रतिदिन प्रातः काल महिलाओं के लिए योग शिविर आयोजित किया जाता है। जिसमें नगर की तमाम महिलाएं नियमित रूप से योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ उठाती हैं। महिलाओं ने एसडीएम को बताया कि, पार्क में बीते लंबे समय से साफ सफाई के अभाव में गंदगी पसरी हुई है जिससे दुर्गंध बनी रहती है। पार्क में बैठने की तो छोड़िए खड़े होना भी दुश्वार है। महिलाओं का कहना है कि पार्क की नियमित साफ सफाई न होने से योगाभ्यास में असुविधा उठानी पड़ रही है, साथ ही पार्क में बने एक पक्के कमरे की चाबी अस्थायी रूप से न मिल पाने से योग मैट आदि सामग्री सुरक्षित नहीं रख पा रहे हैं। महिलाओं ने मामले को लेकर एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। एसडीएम ने कार्यवाही अमल में लाए जाने का भरोसा दिलाया है। इस दौरान उपस्थित महिलाओं में अर्चना लोहिया, विनोद कुमारी गुप्ता, गीता गुप्ता, मीना अग्रवाल, किरन अग्रवाल आदि शामिल रहीं।

## रमजान में गरीबों का रखें ख्याल

### ●खुशियों में सबको करें शामिल : मुफ्ती नौशाद जमाली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पवित्र रमजान के महीने में गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना ही सच्ची इबादत है। सदन शाह मस्जिद के इमाम मुफ्ती नौशाद जमाली ने जुमे की नमाज के दौरान नमाजियों को संबोधित करते हुए यह महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस्लाम में रमजान के महीने में गरीबों का खास ख्याल रखने की ताकीद की गई है।

**पड़ोसियों और रिश्तेदारों की मदद है असल इबादत**

मुफ्ती नौशाद जमाली ने बताया कि हर मुसलमान का यह फर्ज है कि वह अपने पड़ोसियों, रिश्तेदारों और गरीब दोस्तों का ख्याल रखे। अपने माल से जकात, फितरा और सदका निकालकर उनकी मदद करें, ताकि समाज का हर तबका रमजान और ईद की खुशियां सम्मान के साथ मना सके।

**फितरा (सदका-ए-फितर), एक अनिवार्य दायित्व**

उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि फितरा रमजान के अंत में ईदुल फितर की नमाज से पहले दिया जाने वाला दान है। इसका मुख्य उद्देश्य रोजे के दौरान हुई अनजाने में कमियों को शुद्ध करना और जरूरतमंदों को ईद की खुशियों में शामिल करना है। यह दान हर उस सक्षम मुसलमान (पुरुष, महिला और बच्चे) पर वाजिब (जरूरी) है, जिसके पास अपनी बुनियादी जरूरतों से ज्यादा संपत्ति या खाना मौजूद हो।

**फितरे की रकम तय**

मुफ्ती नौशाद जमाली ने बताया कि पैगंबर हजरत मोहम्मद (स.अ.व.) के समय के अनुसार यह 1 साअ (लगभग 2 किलो 45 ग्राम) गेहूं या अनाज के बराबर होता है। इस साल जिले में फितरे की रकम 65 प्रति व्यक्ति निर्धारित की गई है।

**समय पर अदा करें फितरा**

उन्होंने अपील की है कि फितरे की रकम ईद की नमाज से पहले ही अदा कर देनी चाहिए। इससे गरीब, यतीम और बेसहारा लोग समय रहते अपनी जरूरतें पूरी कर सकेंगे और ईद की खुशियों में शरीक हो पाएंगे। ऐसा करने से ही खुदा की बारगाह में ज्यादा अज्र और सवाब मिलता है।

### नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया युवक, अपहरण का मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के एक गांव में एक युवक द्वारा नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित ने थाने में दी गई अपनी लिखित शिकायत में बताया कि घटना बीते मंगलवार, 3 मार्च 2026 की है। सुबह करीब 10 बजे उनकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी। इसी दौरान गांव का ही निवासी सुखसिंह उनके घर आया और उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित पिता के अनुसार, उनकी पुत्री को आरोपी के साथ जाते हुए मोहल्ले के कुछ लोगों ने भी देखा था। परिजनों ने अपनी स्तर पर रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर किशोरी की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। तहरीर में पिता ने आशंका जताई है कि आरोपी उनकी पुत्री के साथ कोई अप्रिय घटना घटित कर सकता है।

## तेज रफ्तार हार्वेस्टर ने साइकिल सवार युवक को रौंदा, चालक पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कस्बा महरौनी के ललितपुर रोड स्थित जैन पैथोलॉजी के पास एक तेज रफ्तार हार्वेस्टर ने ड्यूटी से घर लौट रहे साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक का बायां हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर हार्वेस्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। मोहल्ला चौधरीपुरा निवासी मनीष नामदेव पुत्र बालकिशन नामदेव बीते 20 फरवरी को दोपहर करीब 3 बजे रिलायंस पेट्रोल पंप से अपनी ड्यूटी खत्म कर साइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह जैन पैथोलॉजी के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित हार्वेस्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मनीष सड़क पर गिर पड़े और उनके शरीर व बाएं हाथ में गंभीर चोटें आईं। तहरीर के मुताबिक, घटना के बाद हार्वेस्टर चालक प्रताप सिंह और स्थानीय एजेंट राघवेंद्र सिंह बुंदेला ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार कराया। उन्होंने पीड़ित को भरोसा दिलाया कि इलाज का पूरा खर्च वे उठाएंगे। मनीष ने टीकमगढ़ में जांच कराई तो डॉक्टरों ने हाथ के ऑपरेशन की सलाह दी, जिसमें करीब 30 हजार रुपये का खर्च बताया गया। आरोप है कि शुरुआत में जांच के लिए तीन हजार रुपये देने के बाद आरोपियों ने पीड़ित का फोन उठाना बंद कर दिया और इलाज के खर्च से पल्ला झाड़ लिया। आर्थिक तंगी के बावजूद पीड़ित ने कर्ज लेकर अपना ऑपरेशन कराया। हादसे के कई दिनों बाद, उचित सहयोग न मिलने पर पीड़ित ने थाने में गुहार लगाई। महरौनी पुलिस ने 6 मार्च को हार्वेस्टर चालक प्रताप सिंह के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281, 125(ए) और 125(बी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

## टाटा सफारी से बकरी चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

### ●अवैध तमंचा, कारतूस और चोरी की दो बकरियों समेत लग्जरी गाड़ी बरामद

### थाना बार पुलिस की बड़ी सफलता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बार पुलिस ने बड़ी सफलता हांसिल करते हुए बकरी चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो बकरियां, एक अवैध तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त टाटा सफारी गाड़ी बरामद की है। गौरतलब है कि बीती 6 मार्च को थाना बार में शिकायत दर्ज कराई गयी थी कि अज्ञात चोरों ने उसकी दो बकरियां चोरी कर ली हैं। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में तीन टीमें गठित की गई थीं। सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और मैन्युअल साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने शनिवार को दो अभियुक्तों में ग्राम मैलवाराखुर्द निवासी जमील खान उर्फ मुज्जी और जगदीश राय को हिरासत में लिया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने चौंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो ऐश-ओ-आराम की जिंदगी जीने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पहले ग्राम बसतगुवां में परशुराम के घर की रेकी की थी, जहां बकरियां बाहर बंधी रहती थीं। योजना के मुताबिक, वह रात में अपनी टाटा सफारी गाड़ी लेकर आए और बकरियां चोरी कर ले गए। शनिवार को वह इन बकरियों को बेचने की फिराक में थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने दोनों के पास से 02 चोरी की बकरियां, 01 अवैध तमंचा (315 बोर) व जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 टाटा सफारी गाड़ी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों का पुराना अपराधिक इतिहास भी रहा है। जमील खान के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी और शस्त्र अधिनियम के कई मामले दर्ज हैं, वहीं जगदीश राय पर मारपीट और एससी/एसटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। सफलतापूर्वक गिरफ्तारी करने वाली टीम का नेतृत्व थानाध्यक्ष बार अजमेर सिंह ने किया। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं सहित शस्त्र अधिनियम (3/25 शस्त्र अधिनियम) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

## वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. शर्मा को मरणोपरांत बुन्देलखण्ड साहित्य रत्न से सम्मानित किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड विकास सेना के 35 वें होली मिलन समारोह के अन्तर्गत ललितपुर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं नेहरू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा को मरणोपरांत बुन्देलखण्ड साहित्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ कवि एवं समाजसेवी विजय कुमार पाली की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप चौबे, डा.आलोक जैन, लायन्स क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सराफ, बु.वि.सेना के केन्द्रीय प्रमुख हरीश कपूर टीटू की मौजूदगी में वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. भगवत नारायण शर्मा को मरणोपरांत उनके सुपुत्र सिद्धार्थ शर्मा को शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह् भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि प्रो. भगवत नारायण शर्मा के साहित्य के क्षेत्र में योगदान को जनपद ललितपुर हमेशा याद रखेगा। बु.वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि प्रो. शर्मा की हिन्दी साहित्य के साथ साथ बुन्देली भाषा पर गहरी पकड़ थी। वरिष्ठ कवि विजय कुमार पाली ने कहा कि प्रो शर्मा के निधन से साहित्य के क्षेत्र में जो रिक्तिता हुई उसकी भरपाई होना मुश्किल है। इस मौके पर महेन्द्र अग्निहोत्री, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, रमेश पाठक रवीन्द्र डॉ सौरभ देवलिया आदि मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन संज्ञा ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### भावलपुर की उचित दर दुकान के लिए आवेदन की तिथि 20 मार्च तक बढ़ी

**प्रतापगढ़।** उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह ने बताया कि विकास खंड मानधाता के ग्राम पंचायत भावलपुर में रिक्त उचित दर राशन दुकान के आवंटन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। यह दुकान निर्धारित आरक्षण ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत आवंटित की जानी है और चयन तहसील स्तरीय चयन समिति द्वारा लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। इससे पहले इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र 06 मार्च 2026 तक मांगे गए थे लेकिन ग्राम प्रधान भावलपुर द्वारा प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि कई आवेदकों के चरित्र प्रमाण पत्र समय से जारी नहीं हो सके हैं। ग्राम प्रधान के अनुरोध पर आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 मार्च सायं 5 बजे तक कर दी है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि आवेदन से संबंधित पात्रता और अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम न्यायालय का किया उद्घाटन



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शासकीय भवन में चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम के कार्यालय/न्यायालय का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया और इसे संचालित करा दिया। उद्घाटन के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि निजी भवनों में संचालित कार्यालयों के स्थान पर शासकीय भवनों में कार्यालय स्थापित होने से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और सुगमता बढ़ेगी। इससे चकबन्दी से संबंधित मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी तथा किसानों और आम जनता को एक ही परिसर में बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चकबन्दी से जुड़े मामलों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अरविन्द द्विवेदी सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### कानपुर के ऐतिहासिक गंगा मेला के दृष्टिगत अपर पुलिस आयुक्त ने किया निरीक्षण



**कानपुर।** आज दिनांक 7.03.2026 को पूर्वी जोन अंतर्गत थाना मूलगंज क्षेत्र में हटिया से प्रारंभ होने वाले गंगा मेला जुलूस के दृष्टिगत सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. विपिन ताडा द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जुलूस मार्ग, यातायात प्रबंधन, रूट डायवर्जन, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, सरसैया घाट व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तथा उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे कार्यक्रम को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जा सके। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता, पुलिस उपायुक्त यातायात रविन्द्र कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रीमती अंजली विश्वकर्मा सहित संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मय पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जुलूस के दौरान सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं, जिससे कार्यक्रम सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

### प्रधान पर अनियमितता का आरोप, की गई शिकायत

**लालगंज,प्रतापगढ़।** मनरेगा के पैसे में अनियमितता को लेकर प्रधान के खिलाफ शिकायत की गयी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के नसीरपुर निवासी राहुल सिंह पुत्र ओमप्रकाश ने एसडीएम को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि प्रधान द्वारा मनरेगा में अपात्र व्यक्तियों के नाम से जॉब कार्ड बनवाकर अनियमितता बरती जा रही है। पीड़ित ने मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बीडीओ सांगीपुर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

## यूपीएस मल्हूपुर वालीबॉल बालिका, हैंडबॉल बालक में स्टेडियम बॉयज और हैंडबॉल बालिका में पीबी कालेज बना विजेता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिला स्टेडियम में में एक दिवसीय बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम और जनपदीय हैंडबॉल बालक बालिका प्रतियोगिता का आयोजन पीबी कॉलेज के मैदान पर आयोजित किया गया।हैंडबॉल बालक वर्ग का पहला मैच जेएनवी प्रतापगढ़ और आनंदवन इंटर कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें जेएनवी प्रतापगढ़ ने आनंदवन इंटर कॉलेज को 9 के मुकाबले 11 गोल दागकर विजय हासिल की।दूसरा मैच सिटी पब्लिक स्कूल और एमआईसी के बीच खेला गया जिसमें एमआईसी ने 13 और सिटी पब्लिक स्कूल 10 गोल ही कर सकी और एमआईसी ने विजय प्राप्त की। बालिका वर्ग का पहला सेमीफाइनल मुकाबला पीबी कॉलेज और जेएनवी प्रतापगढ़ के बीच खेला गया। कांटे के मुकाबले में पीबी कॉलेज ने जेएनवी प्रतापगढ़ के 10 गोल के मुकाबले 11 गोल दागकर फाइनल में प्रवेश किया।दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एमआईसी और स्टेडियम बॉयज के बीच खेला गया,यह मुकाबला भी बेहद ही रोमांचक रहा और स्टेडियम बॉयज ने 15 और एमआईसी 13 गोल ही कर सकी और स्टेडियम बॉयज ने फाइनल में प्रवेश किया।प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्टेडियम बॉयज और पीबी कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें स्टेडियम बॉयज ने पीबी कॉलेज के 14 गोल के मुकाबले 16 गोल दागकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

बालिका वर्ग में पहला मैच सिटी पब्लिक स्कूल और जेएनवी प्रतापगढ़ के बीच खेला गया जिसमें सिटी पब्लिक स्कूल 08 और जे एन वी प्रतापगढ़ 10 गोल किए।दूसरा मैच एमआईसी और आनंदवन इंटर कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें एमआईसी ने 13 और आनंदवन इंटर कॉलेज ने 15 गोल दागकर विजय हासिल की। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला प्रतापगढ़ स्टेडियम और जेएनवी प्रतापगढ़ के बीच खेला गया जिसमें प्रतापगढ़ स्टेडियम ने 15 गोल मारकर विजय हासिल की और फाइनल में प्रवेश किया।दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आनंदवन इंटर कॉलेज और पीबी कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें पीबी कॉलेज ने 12 गोल किए और आनंदवन इंटर कॉलेज 09 ही गोल कर सकी। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला प्रतापगढ़ स्टेडियम और पीबी कॉलेज के बीच खेला गया जिसमें पीबी कॉलेज की बालिकाओं ने 12 के मुकाबले 14 गोल दागकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।समापन के मुख्य अतिथि पीबी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर अनूप कुमार सिंह और जिला खेल अधिकारी ने संयुक्त रूप से विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर जिला हैंडबॉल संघ के सचिव अखिलेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अंशुमान सिंह , पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, तेजस, चंद्र प्रकाश सिंह आशीष सिंह, सचिन सरोज व जीशान आदि रहे।

### राजकीय आईटीआई परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन 09 एवं 10 मार्च को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजकीय आईटीआई कटरा रोड प्रतापगढ़ परिसर में दिनांक 09 एवं 10 मार्च 2026 को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में देश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों एवं कंसल्टेंसी संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इस दो दिवसीय रोजगार मेले में लगभग 49 प्रतिष्ठित कंपनियाँ एवं नियोजक प्रतिभाग करेंगे, जिनके माध्यम से लगभग 2500 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। रोजगार मेले में ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, प्रोडक्शन ट्रेनी, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव, सेल्स एग्जीक्यूटिव, पिकर/पैकर, सिक्योरिटी गार्ड, किचन हेल्पर, माइक्रो लोन ऑफिसर, टेक्नीशियन, टेलीसेल्स एग्जीक्यूटिव आदि विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इस रोजगार मेले में 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर योग्यता वाले अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, पंजाब, महाराष्ट्र एवं दिल्ली-एनसीआर आदि स्थानों पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## इटवा में हुआ भव्य होली मिलन समारोह





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिले के इटवा तहसील क्षेत्र के करहिया में एक मैरिज हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल, विशिष्ट अतिथि सुभाष त्रिपाठी पयागपुर विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या की अध्यक्षता की गई। कार्यक्रम का संचालक सचिदानंद पाण्डेय ने किया, होली मिलन समारोह में वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चैत्र मास में होली त्यौहार मनाने का संकल्प क्यों लिया जाता हैं। कि भक्त प्रहलाद के चरित्र को न्याय मिलने के उजागर करने के लिए सभी लोगों के मन में हर्ष उल्लास के साथ सनातन धर्म के माध्यम से होली का पर्व बड़े धुम धाम से मनाते हुए लोगों में भाई चारा और आपसी सौहार्द देखने को मिलता हैं। इस अवसर पर राम कुमार उर्फ चिंकू यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अश्विनी कुमार,एस पी अग्रवाल, राजेंद्र दुबे, राजेंद्र पाण्डेय, जय वर्धन तिवारी, सचिदानंद पाण्डेय, सुधीर त्रिपाठी, संजय सिंह, मार्कण्डेय पाण्डेय, बब्बू तिवारी, अखंडपाल सिंह, लवकुश चौधरी, राम तेज शुक्ला,राजू पाल, शिव कुमार वर्मा,हरिशंकर त्रिपाठी, मोना पाण्डेय, राकेश शांडिल्य,राजू कसौधन, ओम प्रकाश तिवारी, शिव सागर मिश्रा, राजेश कुमार अवस्थी उर्फ कालिया बाबा,रामनिवास उपाध्याय, कारिया यादव, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, बालक राम यादव, मंतोष पाठक, सुनील पांडेय, राजेंद्र सोनी, बबलू पाण्डेय, मोनू चौधरी,प्रभात जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## कानपुर नगर की पहली आईएसओ सर्टिफाइड तहसील बनी घाटमपुर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** घाटमपुर तहसील को प्रशासनिक सेवाओं की गुणवत्ता और सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक आईएसओ 9001:2015 का प्रमाणन प्राप्त हुआ है। आईएसओ के प्रतिनिधि रामधन गौतम ने जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह को प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने घाटमपुर के उपजिलाधिकारी अबिचल प्रताप सिंह तथा पूरी तहसील टीम को बधाई देते हुए निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। घाटमपुर तहसील कानपुर नगर की पहली आइएसओ सर्टिफाइड तहसील बन गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह उपलब्धि तहसील प्रशासन की पारदर्शी और व्यवस्थित कार्यप्रणाली का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आईएसओ प्रमाणन केवल सम्मान नहीं, बल्कि जनसेवाओं की गुणवत्ता को लगातार बेहतर बनाए रखने की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील में स्थापित इस मानक को बनाए रखते हुए नागरिकों को समयबद्ध और प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन के अंतर्गत तहसील घाटमपुर में राजस्व न्यायालय प्रबंधन, भूमि अभिलेख एवं नामांतरण सेवाएं, उत्तराधिकार प्रकरण, राजस्व वसूली, सामाजिक कल्याण योजनाओं का क्रियान्वयन, वैधानिक प्रमाणपत्रों का निर्गमन, जन शिकायतों का निस्तारण तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। यह प्रमाणन 06 मार्च 2026 को जारी हुआ है और 05 मार्च 2029 तक वैध रहेगा। इस उपलब्धि के साथ घाटमपुर तहसील अब प्रशासनिक सेवाओं के अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों पर कार्य करने वाली तहसीलों में शामिल हो गई है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर और अधिक सुव्यवस्थित सेवाएं मिलने की उम्मीद है।

## विकसित भारत का उद्देश्य शांतिपूर्ण विकास एवं सम्प्रभुता की सुरक्षा- प्रो0 राजकुमार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज,प्रतापगढ़।** स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में शनिवार को सप्तदिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। पूर्व प्राचार्य प्रो0 डॉ0 राजकुमार पाण्डेय व प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार एवं एसडीओ दूरसंचार इं. जितेन्द्र त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन किया। शिविरार्थी छात्रा आकांक्षा व चांदनी ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान तथा देशगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने प्रारम्भ में शिविर के उददेश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ0 राजकुमार पाण्डेय ने कहा कि विकसित भारत का उद्देश्य बहुमुखी विकास के साथ दुनिया को भारत के शांति दर्शन की मजबूती व राष्ट्रीय सम्प्रभुता की सुरक्षा है। उन्होने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य अनुशासन के साथ चरित्र निर्माण व विविध सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्तरदायित्व के प्रति सजगता है।

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने युवा शक्ति की सफलताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीओ दूरसंचार इं. जितेन्द्र त्रिपाठी ने युवाओं से लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आहवान किया। संचालन डॉ0 गंगाधर मिश्र ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के साथ शिविरार्थियों को उड़ीसा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सेमिनार में प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रमाण पत्र भी अतिथियों ने प्रदान किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार ने किया। इस मौके पर डॉ0 वाचस्पति मिश्र, डॉ0 श्याम नारायण त्रिपाठी, डॉ0 संतोष मिश्र, डॉ0 ऐश्वर्य तिवारी, डॉ0 सियाराम मौर्य, डॉ0 ओमप्रकाश पाण्डेय, डॉ0 प्रियंका शुक्ला, डॉ0 आयुषी शुक्ला आदि रहे।

### दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार**

**ललितपुर।** जनपद के थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम डगराना निवासी आरती पत्नी विनोद साहू ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता आरती ने बताया कि 6 मार्च 2026 को सुबह करीब 11 बजे गांव के गांव के दबंग अपने साथ अन्य लोग उसके घर के पास आए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि जब उसके पति विनोद साहू ने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने उनके साथ मारपीट कर दी, जिससे विनोद साहू के सिर में चोट आई। पीड़िता के अनुसार घटना की शिकायत बानपुर थाने में भी की गई थी। इसके बाद उसी दिन शाम करीब 10 बजे फिर से कुछ लोग उसके घर के पास आए और दरवाजा खटखटाकर बाहर बुलाने लगे। जब परिवार के लोगों ने बाहर आने से मना किया तो आरोपियों ने दरवाजा तोड़ने की कोशिश की और अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## सांस्कृतिक रंगों से सजा होली महोत्सव, कविताओं और लोकगीतों ने मोह लिया मन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा क्षेत्र के गधियवाँ में शुक्रवार शाम आयोजित होली महोत्सव 2026 में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष धूम रही। श्री शिव साई धाम संस्थान ट्रस्ट तथा राष्ट्रीय परशुराम सेना (भगवान परशुराम फाउंडेशन) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।महोत्सव में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि जयराम पांडे 'राही' ने राष्ट्रभक्ति की कविताएं सुनाई, जबकि हमदम प्रतापगढ़ ने अपनी शायरी से श्रोताओं को प्रभावित किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कवि मनोज यादव की कविताओं को भी लोगों ने खूब सराहा।लोकगीत गायक शंभू तिवारी एंड पार्टी ने फागुन गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उनके गीतों ने लोगों को देर तक झूमने पर मजबूर कर दिया।आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का कार्य करते हैं।कार्यक्रम के अंत में पत्रकारों को सम्मानित किया गया और अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

इस अवसर पर रामबोध पांडे, देवेंद्र नाथ पाण्डेय, रूपेश गिरी, रमाशंकर पाण्डेय, राकेश दीक्षित, राकेश चौरसिया, देवी प्रसाद पांडे, सुभाष पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, विनोद पांडेय, जलजमणि दूबे, अभिनव सिंह, राजेश पाण्डेय, सूरज पांडेय, अरुण पाण्डेय, उमानाथ पाण्डेय, अविनाश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## औचक निरीक्षण में तीन शिक्षक अनुपस्थित मिले, डीएम ने वेतन रोका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज कंपोजिट विद्यालय कठेरुआ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में तीन शिक्षक अनुपस्थित मिले। इस पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कड़ी नाराजगी जताते हुए उनका वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आरती, विभा निगम और अनिता कटियार विद्यालय में अनुपस्थित पाई गई। शिक्षकों ने बीएलओ ड्यूटी का कारण बताया। इस पर जिलाधिकारी ने मौके से ही मोबाइल फोन के माध्यम से तीनों शिक्षकों से बात कर विद्यालय न आने की वजह पूछी। बातचीत में सामने आया कि दो शिक्षिका अपने घर पर थीं, जबकि एक ने रास्ते में होने की बात कह रही थी। विद्यालय में सविता, अर्चना राठौर, शशि गौतम और अस्मिता तिवारी उपस्थित मिलीं, जबकि दो शिक्षा मित्र भी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए पाए गए। मौके पर मौजूद दो शिक्षक बीएलओ कार्य देखने के साथ-साथ अध्यापन कार्य भी करते मिले। जिलाधिकारी ने ऐसे शिक्षकों की सराहना की, जो बीएलओ ड्यूटी निभाने के साथ विद्यालय में भी नियमित रूप से उपस्थित रहकर पठन-पाठन का कार्य कर रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों का मुख्य कार्य अध्यापन है और किसी भी स्थिति में पठन-पाठन प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीएलओ की ड्यूटी विद्यालय प्रारंभ होने से पहले या विद्यालय की छुट्टी के बाद करने का निर्देश है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अलग से एक हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को उनका वेतन शिक्षण कार्य के लिए मिलता है, इसलिए बीएलओ ड्यूटी के नाम पर अपने मूल कार्य से विरत होना उचित नहीं है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में संचालित मिड-डे मील योजना का भी जायजा लिया। उस दिन भोजन में चावल, दाल और आलू-सोयाबीन की सब्जी बनाई गई थी। जिलाधिकारी ने भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता की जांच की।

## प्रज्ञा पुराण कथा सुनने से मानव जीवन धन्य हो जाता है: व्यास कैलाश नाथ तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर ।** नगर पंचायत बिस्कोहर के भरौली कैथोलिया में आयोजित पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं संगीतमय पावन प्रज्ञा पुराण कथा के दूसरे दिन शुक्रवार रात कथा व्यास कैलाश नाथ तिवारी ने कहा कि प्रज्ञा पुराण कथा में संस्कारित जीवन के सभी पहलुओं का वर्णन भी है। इस कथा को सुनने से मानव जीवन धन्य हो जाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रज्ञा पुराण कथा का श्रवण करने के लिए प्रेरित किया। आज के प्रसंग में व्यास ने देवऋषि नारद के जीवन की सरस व्याख्या की एवं नारद को एक महान ऋषि बताते हुए कहा कि उन्होंने चलते रहो की ज्ञान गंगा बहाकर समय-समय पर सबको सचेत किया। सृष्टि रचना की जानकारी देते हुए बताया कि इस सृष्टि मे सबसे पहले यज्ञ की सृष्टि हुई थी जिसमें अग्नि देव यज्ञ देवता के रूप में प्रकट हुए थे। अग्नि देव के बाद वरुण देव की सृष्टि हुई थी। कहा कि यज्ञ के लिए अग्नि और जीवन के लिए जल की आवश्यकता है। इस अवसर पर आयोजक मिठाई लाल यादव, आदर्श राम मौर्या, जंगली यादव, लवकुश यादव, स्वामीनाथ तिवारी, विजय यादव, शिव नारायन मौर्या आदि श्रद्धालु मौजूद रहे ।

### मारपीट व धमकी को लेकर पीड़ित ने दी तहरीर

**लालगंज,प्रतापगढ़।** मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के कैथौला निवासी शेर बहादुर सिंह पुत्र स्व0 संतबक्श सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पांच मार्च को दोपहर करीब दो बजे गांव के कुछ लोगों ने रंजिशन गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित व उसके भाई को पत्थर फेंक कर मारा। जिससे पीड़ित चुटहिल हो गया। जमीन के विवाद को लेकर आरोपियो ने जानलेवा धमकी भी दी। पीडित का यह भी आरोप है कि आरोपीगण पूर्व में भी धमकी दे चुके हैं। इससे पीड़ित व उसके परिवार लोग डरे सहमे हैं। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक घायल, अस्पताल रेफर




**लालगंज, प्रतापगढ़।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के कुंवरमऊ राजापुर निवासी संदीप साहू पुत्र चन्द्रकेश साहू शनिवार को बाइक से अपनी ससुराल जियन तिवारी का पुरवा से घर आ रहा था। इसी बीच ससुराल के समीप ही सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर भेजवाया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन परिवार के लोग घायल को इलाज के लिए एम्स रायबरेली लेकर चले गये।

## तेल और गैस का अवैध भंडारण पड़ेगा महंगा, डीएसओ ने दी चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों और जमाखोरी की कोशिशों पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन सख्त हो गया है। जिला पूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया है कि जनपद में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस (सिलेंडर) की कोई कमी नहीं है । जिला पूर्ति अधिकारी ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा है कि जनपद में ईंधन की उपलब्धता पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि ईंधन की बिक्री पूर्व की भांति सामान्य रूप से सुचारू रहेगी। उपभोक्ताओं को घबराने या किसी भी प्रकार की अफवाह में आकर अतिरिक्त खरीदारी करने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन के संज्ञान में आया है कि कुछ लोग भविष्य में किल्लत की आशंका में डीजल पेट्रोल और गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण कर रहे हैं। इस पर कड़ी चेतावनी देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा कि पेट्रोल डीजल और एलपीजी अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ हैं। इनका घरों में भंडारण करना गंभीर दुर्घटनाओं और जनहानि को निमंत्रण देना है। पेट्रोलियम नियमों के तहत ईंधन का अवैध भंडारण एक दंडनीय अपराध है। पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के सभी पेट्रोल पंप मालिकों और गैस एजेंसी संचालकों को कड़े निर्देश जारी किए हैं नियमित आपूर्तिः प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में ईंधन और सिलेंडर का स्टॉक सुनिश्चित करें। केवल वास्तविक उपभोक्ताओं को ही नियमानुसार आपूर्ति दी जाए। पारदर्शिताः ईंधन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## समाधान दिवस में 94 शिकायतों में सात का हुआ निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज,प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में 94 शिकायतों में अधिकारियों ने सात का निस्तारण कराया। लालगंज तहसील सभागार में हुए समाधान दिवस में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीओ आशुतोष मिश्र ने संयुक्त रूप से शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस में मण्डलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक के आने की सूचना पर अधिकारियों में हडकंप मच गया। हालांकि कुछ देर बाद अफसरो के अन्यत्र जिले प्रस्थान करने की सूचना पर समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को राहत में देखा गया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की 58, पुलिस 21, विकास 6, बेसिक शिक्षा एक, विद्युत 5, आपूर्ति 3 की रहीं। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए मौके पर पहुंचने के लिए कहा। उन्होने लंबित शिकायतों के निस्तारण में लापरवाह अधिकारियों की सूची डीएम को भेजवाये जाने के भी निर्देश दिये। इस मौके पर तहसीलदार गरिमा वर्मा, प्रभारी निरीक्षक लालगंज आलोक कुमार, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र, लीलापुर प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता, ईओ इन्द्र प्रताप, खण्ड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा आदि रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत 2027 में योगी के नेतृत्व में सरकार बनने का दावा



**मिल्कीपुर अयोध्या** भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी का नगर पंचायत कुमारगंज में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के संयोजक एवं भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष चंद्रबली सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण और ढोल-नगाड़ों के साथ जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि हमें भारत माता की जय के संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। हमारे पूर्वजों ने भारत माता की जय कहते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और देश उसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन चुका है और अब देश के विकास की नई शुरुआत अयोध्या से हो रही है। भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग और समाज को साथ लेकर चलती है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक सामान्य कार्यकर्ता को, जो अनुसूचित जाति समाज से आता है, अयोध्या का जिलाध्यक्ष बनाकर सामाजिक समरसता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जाति के नाम पर समाज और देश को बांटने की राजनीति कर रहे हैं, लेकिन अयोध्या में पीडीए नहीं बल्कि समता का राज चलेगा। भगवान राम ने भी समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का संदेश दिया था। उन्होंने निषादराज को अपना मित्र बनाया और शबरी के झूठे बेर खाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। वहीं कार्यक्रम के आयोजक चंद्रबली सिंह ने कहा कि मिल्कीपुर के राधेश्याम त्यागी को भाजपा ने जिलाध्यक्ष बनाकर क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया है। उनके नेतृत्व में हम सभी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करेंगे और समाज के लिए काम करेंगे। इस दौरान शिवनगर में अजय विक्रम सिंह के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। कुमारगंज हनुमानगढ़ी पर दिनेश कौशल, बंवा मोड़ पर विजय कुमार उपाध्याय तथा खंडासा मोड़ पर सभासद रवि सिंह के नेतृत्व में भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कुमारगंज मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र मौर्य, बलवंत सिंह, सरबजीत सिंह, अंगद सिंह, सुरेश सिंह, भानु गोस्वामी, अरुण गोस्वामी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**सिद्धार्थनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को उसका ब्लॉक क्षेत्र के देवलहवा ग्रांट में नाबार्ड के तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के उद्यमिता विकास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक नागराजन ने कहा की जब महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी, तभी गांव और देश सच्चे अर्थों में समृद्ध बन पाएंगे। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें 40 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान है। महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार शुरू कर सकती हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकती हैं।

नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक हिमांशु त्रिपाठी ने कहा की अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक योगदान देने का अवसर है। कार्यक्रम के आयोजक श्रीधर पांडेय ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान समाजसेवी सरिता पांडेय, राणा प्रताप सिंह, अविनाश कुमार, आजाद शुक्ला, डी.एन. शुक्ला , मनोज कुमार आदि रहे।

# केवल वादे या वास्तविक विकास! जिले के दुल्लभछड़ा में केंद्रीय विद्यालय और मॉडल डिग्री कॉलेज अभी भी अधर में

**● शिक्षा परियोजनाएँ किसी भी क्षेत्र के विकास की नींव होती हैं, आज भी इन योजनाओं से वंचित!**

**जिले के संबंधित विभाग के अधिकारी मौन।**

**क्षेत्र के लोगों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**श्रीभूमि:** शिक्षा परियोजनाएँ किसी भी क्षेत्र के विकास की नींव होती हैं। लेकिन असम के श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र में इन योजनाओं की हालत आज भी निराशाजनक है। संबंधित विभाग के अधिकारी मौन हैं, जबकि क्षेत्रवासियों ने लोकप्रिय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दुल्लभछड़ा में मॉडल डिग्री कॉलेज बनाने की घोषणा 30 मई 2023 को की गई थी। उस समय कहा गया कि लगभग 75 बीघा जमीन पूर्ति विभाग को सौंप दी गई है और 35 करोड़ रुपये के बजट की चर्चा भी हुई थी। स्थानीय लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार ने इस क्षेत्र को 'एजुकेशनल हब' बनाने का आश्वासन दिया था और केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने की योजना भी साझा की थी। लेकिन तीन साल गुजरने के बाद भी कोई स्पष्ट प्रगति नहीं दिखी। इससे क्षेत्रवासियों में निराशा और असंतोष बढ़ रहा है। जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों की चुप्पी भी कई सवाल खड़े कर रही है। 'जिले के सभी क्षेत्र में विकास का काम लगातार चल रहा है' जिले में अधिकांश जगहों पर सुधार और नई सुविधाओं की स्थापना हो रही है। 'लेकिन विकास की रोशनी अभी भी दुल्लभछड़ा तक नहीं पहुँची है' इसका मतलब है कि दुल्लभछड़ा क्षेत्र अभी भी पिछड़ा हुआ है और वहां विकास कार्यों की कमी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कांग्रेस शासनकाल में उपेक्षा के बाद भी वर्तमान भाजपा सरकार में कोई बड़ा बदलाव दिखाई नहीं देता।

आज भी दुल्लभछड़ा के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज़ के शहरों में जाना पड़ता है, जिससे परिवारों पर आर्थिक और सामाजिक बोझ बढ़ता है। जबकि राज्य में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में कई जगह शिक्षा क्षेत्र में विकास हुआ है, दुल्लभछड़ा में वह गति दिखाई नहीं देती। इसलिए स्थानीय नागरिक और छात्र-छात्राएँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य सरकार से आग्रह करते हैं कि इस परियोजना की जल्द जांच कर प्रभावी कदम उठाए जाएँ। अब सवाल यही है: क्या दुल्लभछड़ा का 'एजुकेशनल हब' सिर्फ़ एक राजनीतिक वादा बनकर रह जाएगा, या सच में जमीन पर उतरेगा! शिक्षा किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास की बुनियाद होती है। इसलिए जिले के दुल्लभछड़ा में लोगों के हित और छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा संस्थाओं की स्थापना के लिए जरूरी केंद्रीय विद्यालय और मॉडल डिग्री कॉलेज की स्थापना अब केवल मांग नहीं, बल्कि समय की आवश्यकता बन गई है।

## रंगपंचमी पर परशुराम मंदिर में होगा ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह




**महरौनी।** ब्राह्मण समाजोत्थान सेवा संस्थान के तत्वाधान में रंगपंचमी के पावन अवसर पर ब्राह्मण महामंडल महरौनी विधानसभा क्षेत्र का होली मिलन समारोह 8 मार्च 2026, रविवार को दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम कस्बा महरौनी के मड़ावरा रोड स्थित पंडा कॉलोनी में भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण में संपन्न होगा। कार्यक्रम में महरौनी विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामों के स माननीय विप्र बंधुओं के साथ-साथ नवनिर्वाचित समिति के संरक्षक एवं पदाधिकारीगण की उपस्थिति रहेगी। आयोजकों ने सभी विप्र बंधुओं से कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। संगठन अध्यक्ष रामविलास कटारे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह होली मिलन समारोह समाज में आपसी सौहार्द, एकता और भाईचारे को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के सभी विप्र बंधुओं से अधिक से अधिक स या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## असम के उत्तर करीमगंज में कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा पर बीजेपी टिकट प्रत्याशी मुन्नी छेत्री की प्रतिक्रिया

**● 'उम्मीदवार जकरिया अहमद पन्ना उत्तर करिमगंज में कोई बड़ा फैक्टर नहीं हैं। क्षेत्र की जनता विकास को प्राथमिकता देते हुए लोक विकास के मार्ग पर ही अपना वोट देगी: मुन्नी छेत्री।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** असम श्रीभूमि जिले के उत्तर करीमगंजः चुनाव के माहौल में पूरे असम राज्य में राजनीतिक उत्साह लगातार बढ़ रहा है। बराक घाटी के 13 सीटों को लेकर अब चाय की दुकान से लेकर सोशल मीडिया तक हर जगह जोरदार राजनीतिक चर्चा चल रही है। इसी बीच असम के उत्तर करीमगंज क्षेत्र में कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार के रूप में ज़कारिया अहमद (पान्ना) का नाम घोषित किया है, जिससे राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा शुरू हो गई है।

हालांकि अब तक शासक दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी उम्मीदवार सूची घोषित नहीं की है। लेकिन इसी परिस्थिति में बीजेपी की टिकट प्रत्याशी महिला नेता मुन्नी छेत्री ने उत्तर करीमगंज की राजनीतिक स्थिति पर पहली प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मुन्नी छेत्री कहती हैं कि बीजेपी सरकार के विकास के मार्ग के सामने कांग्रेस के उम्मीदवार ज़कारिया अहमद कोई पहलू नहीं हैं। उनका दावा है कि अब के मतदाता पहले से कहीं अधिक जागरूक हैं और वे अब कांग्रेस की कथित 'मुस्लिम मित्रता' या धर्म आधारित राजनीति से प्रभावित नहीं होंगे। उन्होंने आगे कहा, पहले विलुप्त हो चुके बदरपुर क्षेत्र में वर्षों से लोग कांग्रेस प्रतिनिधियों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय धर्म का सहारा लेकर अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय वादे और आश्वासन के नाम पर वोट प्राप्त किया गया, लेकिन चुनाव के बाद जनता की समस्याओं को हल करने के लिए कोई विशेष पहल नहीं की गई। मुन्नी क्षेत्री का दावा है कि अल्पसंख्यक मुस्लिम मतदाताओं में सत्ताधारी दल के खिलाफ डर पैदा करने का प्रयास किया गया। हालांकि, उनके अनुसार, जनता अब इन सभी चालों को समझ चुकी है और इस बार आसानी से जनता ठगी नहीं खाएगी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस उम्मीदवार की घोषणा के बाद से उत्तर करीमगंज की राजनीतिक स्थिति काफी गर्म हो गई है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, आगामी चुनाव में यह सीट एक प्रमुख चर्चित संघर्ष का क्षेत्र बन सकती है।

## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर,** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु परिसर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन इकाई, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाई, महारानी अहिल्या बाई होलकर इकाई, एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इकाई, के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कुलपति प्रो कविता शाह के निर्देशन में प्रारम्भ हुआ। सप्त दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिवस का प्रारम्भ शिविर के उद्घाटन सत्र को प्रो नीता यादव अधिष्ठाता छात्र कल्याण की अध्यक्षता में हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि स्वयंसेवक- स्वयंसेविकाओं को बेहतर चरित्र निर्माण के साथ- साथ एक सभ्य समाज के भी निर्माण करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के प्रथम बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रुप में डॉ मनीषा वाजपेई, सहायक आचार्य, भौतिक विज्ञान विभाग ने 'सभ्य समाज के निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका' विषय पर कहा कि मानव जीवन का बेहतर निर्माण आदर्शों एवं मानव मूल्यों से ओतप्रोत होता है। इस तरह के जीवन निर्माण में स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं की सक्रियता बहुत अधिक प्रासंगिक होती है।मानवता को जीवंत रखने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े लोग अपने सम्पूर्ण जीवन को भारत माता को समर्पित कर देते हैं। प्रथम दिवस के द्वितीय बौद्धिक सत्र में वक्ता के रुप में डॉ हरेंद्र कुमार शर्मा ने ' मानव मूल्य निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना का योगदान' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का योगदान मानव मूल्य निर्माण में बहुत ही अधिक योगदान प्रदान करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ यशवन्त यादव, महारानी अहिल्या बाई होलकर इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रक्षा एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरिता सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संपूर्ण कार्यक्रम संचालित हुआ। सांस्कृतिक संध्या में स्वयंसेवक- स्वयंसेविकाओं ने मानव मूल्य से जुड़े गीत संगीत एवं अन्य विधा से उपस्थित सभी लोगों को आनंदित होने का अवसर प्रदान किया। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ यशवन्त यादव, स्वागत डॉ रक्षा एवं आभार डॉ सरिता सिंह द्वारा किया गया।

## मड़ावरा में बार संघ के चुनाव संपन्न, कपिल दुबे बनें अध्यक्ष



**मड़ावरा।** ललितपुर के मड़ावरा में शनिवार को बार संघ तहसील का चुनाव संपन्न हुआ। पूरे मतदान में 41 मतदाताओं के सापेक्ष ×5 ने अपने मत का उपयोग किया। जिसमें कपिल दुबे ने अध्यक्ष पद के लिए जीत हासिल की। शनिवार की सुबह 11 बजे से पुलिस सुरक्षा के बीच तहसील अध्यक्ष पद के लिए पूरी पारदर्शिता के साथ मतदान शुरू हुआ। अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे। इस लिए चुनाव काफी दिलचस्पी था। मतदान शुरू होते ही काफी रुचि देखी गई। कम समय में ही 41 मतदाताओं में से ×5 ने अपने मत का उपयोग किया। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात मत पेटिका को खोला गया। जिसमें अध्यक्ष पद के उ मीदवार एड. कपिल दुबे को 20 मत प्राप्त हुए, जबकि प्रतिद्वंदी एड. रणवीर सिंह को 15 वोट मिले। इस प्रकार एड. कपिल दुबे ने 5 वोटों से जीत हासिल कर ली। वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, सचिव/मंत्री पद पर जगभान सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर रमेश चन्द्र पाल, संगठन सचिव चिंतामन वर्मा समेत कार्यकारिणी के 5 सदस्य निर्विरोध पहले ही चुने गए थे।

## पत्रकारों पर बढ़ते हमलों को लेकर द जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन, पत्रकार सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश में पत्रकारों पर लगातार बढ़ रहे हमलों और दुर्व्यवहार की घटनाओं को लेकर द जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने शनिवार को कर्नलगंज तहसील में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा को सौंपा। संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और पत्रकार सुरक्षा अधिनियम जल्द लागू करने की मांग की है।ज्ञापन में संगठन ने प्रदेश में पत्रकारों के साथ हो रही हिंसक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। विशेष रूप से गोरखपुर जिले के बांसगांव क्षेत्र में 27 फरवरी को पत्रकार एवं अधिवक्ता अग्निवेश सिंह की दिनदहाड़े पीट-पीटकर की गई हत्या का जिक्र किया गया। बताया गया कि नाली विवाद के दौरान दबंगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर उनकी निर्मम हत्या कर दी, जबकि इस हमले में उनके भाई और पिता भी घायल हो गए। मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संगठन ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों को कठोर से कठोर सजा दी जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की गई है। इसके अलावा वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम में रंगभरी एकादशी के दौरान कवरेज कर रही एक महिला पत्रकार के साथ कथित दुर्व्यवहार की घटना का भी उल्लेख किया गया। आरोप है कि एसीपी सुरक्षा अंजनी कुमार राय ने महिला पत्रकार के साथ अनुचित व्यवहार करते हुए उसे धक्का दिया तथा उसके सहयोगी को थप्पड़ मार दिया। इस घटना को लेकर पत्रकार संगठनों में आक्रोश है। द जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पहुंचे पत्रकारों ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला हैं। यदि पत्रकार सुरक्षित नहीं होंगे तो स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता संभव नहीं हो पाएगी। इसलिए प्रदेश सरकार को पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ठोस कानून बनाना चाहिए। इस मौके पर एमडी मौर्य, पवनदेव सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, अभय प्रताप सिंह, शिवकुमार पाण्डेय, अवधराज गोस्वामी, अमरेश प्रजापति, रविकांत मिश्र सहित कई पत्रकार मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने ज्ञापन प्राप्त करते हुऐ उच्चाधिकारियों तक भेजने का आश्वासन दिया है।

## जनऊपुर में ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ का भव्य होली मिलन समारोह, 51 विप्र बंधु और 50 से अधिक प्रधान हुए सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ, जनपद बलिया के तत्वाधान में रतसर क्षेत्र के जनऊपुर गांव में इंजीनियर तारकेश्वर पाण्डेय के आवास पर भव्य होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित करने और आरती के साथ हुई। इस अवसर पर प्रख्यात कथा वाचक आचार्य रामकुमार शुक्ला एवं आचार्य वागीश शुक्ला के साथ गीतकार पारस नादान और उनके सहयोगियों द्वारा पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिसका उपस्थित श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की ओर से 51 विप्र बंधुओं तथा 50 से अधिक प्रधान, पूर्व प्रधान और गणमान्य व्यक्तियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलिया के सांसद सनातन पाण्डेय ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली समरसता, प्रेम और आपसी भाईचारे का पर्व है, जो समाज में सद्भाव और एकता को मजबूत करता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संगठन के प्रदेश महासचिव राजेश मिश्र ने संगठन के उद्देश्य और कार्यों से लोगों को अवगत कराते हुए समाज में आपसी सद्भाव बढ़ाने की अपील की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक भगवान पाठक, पूर्व चेयरमैन केसरी नंदन त्रिपाठी, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष परमेश्वर गिरी, दया शंकर तिवारी, बीएसएस प्रदेश सचिव ओमप्रकाश पाण्डेय, जिला प्रभारी विष्णु मिश्र, संरक्षक अरुण ओझा, धनंजय पाण्डेय, राजू दुबे, प्रिंस पांडेय, सरोज दुबे, मनीष दुबे, सत्येंद्र पांडेय, अखिलेश मिश्रा,



बृजमोहन मिश्रा, अमरनाथ मिश्र, प्रेम नारायण पांडेय, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, अभिषेक पांडेय, प्रकाश चौबे, बंटी पांडेय सहित ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के कई पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजक इंजीनियर तारकेश्वर पाण्डेय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने की।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील बलरामपुर में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनमानस की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का समाधान तय समय सीमा के भीतर हो और वह गुणवत्तापूर्ण व शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुरूप होना चाहिए।

**संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई**

भूमि विवाद एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर पहुंचकर निष्पक्ष जांच करें और विवादों का समाधान सुनिश्चित करें।

**संवेदनशील ग्रामों में चौपाल**

जिलाधिकारी ने उन ग्रामों को चिन्हित करने के निर्देश दिए, जहां भूमि विवाद के मामले अधिक हैं। ऐसे गांवों में राजस्व व पुलिस विभाग द्वारा विशेष चौपाल आयोजित कर मौके पर ही मामलों का निपटारा करने को कहा गया है।

**समीक्षा एवं त्वरित निस्तारण**

समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की। कार्यक्रम के दौरान कई शिकायतों का मौके पर




ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिया गया कि वे स्वयं स्थल निरीक्षण कर निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें। इस दौरान एसडीएम बलरामपुर, सीओ सिटी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मोकलपुर की क्षतिग्रस्त पुलिया को लेकर युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डाः** विकास खण्ड बभनजोत स्थित बस्ती डोमा ग्राम पंचायत के मजरा मोकलपुर के पास क्षतिग्रस्त पुलिया को लेकर शनिवार को उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव व पीसीसी सदस्य अभिषेक तिवारी नीरज के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय लोगों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया और पुलिया के शीघ्र निर्माण की मांग की।इस धरने को समर्थन देने के लिए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन लाल यादव तथा जिला पंचायत सदस्य अमर यादव और बसंत यादव भी मौके पर पहुंचे और क्षेत्रीय जनता की समस्या को गंभीर बताते हुए प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की।उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया से आये दिन वाहन सहित राहगीर गिरकर चोटिल होते रहते है और इसी मार्ग से सुबह शाम स्कूली बच्चो को आना जाना लगा रहता है।प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंचे सहायक अभियंता प्रिंस कुमार मल्ल ने लिखित आश्वासन दिया कि अप्रैल माह से पहले ही पुलिया के निर्माण कार्य को शुरू कर दिया जाएगा तथा फिलहाल आवागमन को सुचारु रखने के लिए अस्थायी वैकल्पिक व्यवस्था तुरंत कराई जा रही है, ताकि क्षेत्र की जनता को परेशानी न हो।

नेतृत्व कर रहे अभिषेक तिवारी नीरज ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष जारी रहेगा और जब तक पुलिया का निर्माण कार्य शुरू नहीं होता, तब तक आवाज उठती रहेगी।

इस मौके पर संदीप सक्सेना पवन सिंह



सचिन कनौजिया सुरेंद्र ओमकार यादव वालीउल्लाह रवि पांडेय, चित्रांश मौर्य, अखिलेश कुमार पाठक, नरेंद्र पाठक, अंकित गुप्ता, ध्रुव चंद पाठक, अमर पाठक, दीपक, विजय कुमार कनौजिया, पहलाद शर्मा, इंदर कुमार विजय कुमार, विजय वर्मा, आदित्य वर्मा बबलू गौतम, सूरज साहू सुरेंद्र वर्मा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## ख़जनी क्षेत्र खुंटभार में निकली भव्य कलश यात्रा, श्रीमद्भागवत कथा के साथ गूंजा भक्ति का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ख़जनी:** गोरखपुर खजनी क्षेत्र के ग्राम पंचायत खुंटभार स्थित बरीबंदुआरी गांव में आयोजित सप्ताह भर चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गांव की सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर श्रद्धा और भक्ति के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। पूरे गांव में जयघोष, भजन-कीर्तन और धार्मिक नारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के बाद कथा पंडाल में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा वाचक मानस महाराज, वृंदावन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भागवत कथा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मोक्ष, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की वैतरणी है। इसके श्रवण मात्र से मनुष्य के भीतर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है और भगवान के चरणों में भक्ति का भाव जागृत होता है।

कथा प्रसंग के दौरान महाराज ने राजा परीक्षित और कलियुग के प्रारंभ की कथा सुनाते हुए बताया कि राजा परीक्षित ने कलियुग को जुआ, मदिरालय, बूचड़खाना और वेश्यालय जैसे चार स्थानों पर रहने का आदेश दिया था। जब कलियुग ने इन स्थानों को कम बताते हुए अन्य स्थान की मांग की तो राजा परीक्षित ने उसे अन्याय से अर्जित धन और सोने में निवास करने की अनुमति दे दी। कलियुग ने छलपूर्वक राजा के स्वर्ण जटित मुकुट में ही अपना स्थान बना लिया, जिससे कलियुग का प्रभाव प्रारंभ हुआ। उन्होंने आगे बताया कि जब श्रृंगी ऋषि के श्राप से राजा परीक्षित को सात दिन में तक्षक नाग के डसने से मृत्यु होने का समाचार मिला तो उन्होंने मोक्ष प्राप्ति का उपाय जानने के लिए ऋषि-मुनियों से मार्गदर्शन मांगा। तब उन्हें सात दिन में श्रीमद्भागवत कथा श्रवण



का उपाय बताया गया। इसके बाद महर्षि शुकदेव ने राजा परीक्षित को सप्ताह भर श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उन्हें वैकुंठ धाम की प्राप्ति हुई। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में विशिष्ट नारायण त्रिपाठी और भानमती देवी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु, ग्रामीण और भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे गांव में कथा को लेकर उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। आयोजकों ने बताया कि सप्ताह भर प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा।